Himachal Pradesh
FOR REFERENCE ONLY
2-12-03

आर्थिक सर्वेक्षण

ECONOMIC SURVEY

2002

HIMACHAL PRADESH

DEPARTMENT OF ECONOMICS & STATISTICS

हिमाचल प्रदेश
का
आर्थिक सर्वेक्षण

2002

NIEPA DC
D12133

अर्थ एवम् संख्या विभाग

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-12133
Date ..... 04-12-2003.

प्रस्तावना

आर्थिक सर्वेक्षण बजट प्रलेख है, जो सरकार के विभिन्न विभागों की मुख्य आर्थिक गतिविधियों को प्रस्तुत करता है। वर्ष 2001-2002 में राज्य की आर्थिक गतिविधियों व प्रगति की समीक्षा प्रथम भाग में तथा सांख्यिकी तालिकायें भाग दो में दी गई हैं ।

समय पर सूचना उपलब्ध करवाने के लिये मैं सभी विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के प्रति आभार प्रकट करता हूं । इस सर्वेक्षण के लिये इतनी अधिक तथा विस्तृत सामग्री का एकत्रीकरण, संकलन और इसको संक्षेप में प्रस्तुत करने का कार्य अर्थ एवम् सांख्यिकी विभाग ने किया है। मैं विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा किए गए परिश्रम की प्रशंसा करता हूं ।

एस.के.सूद
वित्तायुक्त एवं सचिव,
वित्त, योजना तथा अर्थ एवं सांख्यिकी,
हिमाचल प्रदेश सरकार

विषय सूची

		पृष्ठ
1. सामान्य समीक्षा	..	1
2. राज्य आय	..	8
3. मुद्रा एंव बैंक	..	11
4. भाव एंव नागरिक आपूर्ति	..	17
5. कृषि व सम्बन्धित क्षेत्र	..	21
6. उद्योग एंव रोजगार	..	39
7. विद्युत	..	44
8. परिवहन एंव संचार	..	51
9. पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन	..	54
10. सामाजिक एंव आर्थिक सेवाएं	..	56
11. स्थानीय निकाए	..	69
12. ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज	..	71
13. सूचना प्रौद्योगिकी	..	78

भाग-I

वर्ष 2001-2002 की प्रगति की समीक्षा

1. सामान्य समीक्षा

देश की आर्थिक स्थिति

1.1 2000-01 के वित्तीय वर्ष में स्थिर भावों (आधार 1993-94) पर देश के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि वर्ष 1999-2000 में यह वृद्धि 6.1 प्रतिशत तथा 1998-99 में 6.6 प्रतिशत थी। विकास दर में निरन्तर दूसरे वर्ष आई कमी के बावजूद भारत अभी भी विश्व के तीव्र विकासोन्मुख अर्थव्यवस्था में से एक है। गत कुछ वर्षों में कच्चे तेल के अन्तर्राष्ट्रीय भावों में आए महत्वपूर्ण चढ़ाव के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था ने प्रशंसनीय स्थिरता दिखाई है। विगत कुछ समय में प्रतिकूल बाहय परिस्थितियों जैसे कि; 1997-99 की ऐशियाई वित्तीय विषमताएं और 2001 में विश्वव्यापी मन्दी के कारण निर्यात में आई कमी तथा परिणामतः नौंवी पंचवर्षीय योजना में कम औद्योगिक उत्पाद के कारण विकास दर भी कम रही। चालू वित्तीय वर्ष 2001-2002 में कृषि क्षेत्र में तुलनात्मक वृद्धि के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर में वृद्धि की सम्भावनांए बढ़ी है जिस कारण वर्ष 2001-02 में विकास दर 5.4 प्रतिशत आंकी गई है। अच्छी बारिश के कारण रबी की फसल में काफी सुधार की संभावनाओं के आधार पर वर्ष 2001-2002 में कुल खाद्यान्न उत्पादन वर्ष 2000-01 के 196.1 मीलियन टन की तुलना में 209.2 मीलियन टन होने की सम्भावना है। वर्ष 2001-02 की प्रथम छमाही में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में केवल 2.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि 2000-01 की प्रथम छमाही की 5.7 प्रतिशत की वृद्धि के आधे से भी कम है।

1.2 1993-94 के स्थिर भावों पर वर्ष 2000-01 में कुल सकल घरेलू उत्पाद 11,93,922 करोड़ रूपये आंका गया है जबकि 1999-2000 में यह 11,48,500 करोड़ रूपये आंका गया था। स्थिर भावों पर वर्ष 1999-2000 में 17,55,638 करोड़ रूपये की तुलना में सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2000-2001 में 18,95,843 करोड़ रूपये है जो कि 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। वर्ष 2000-01 में सकल घरेलू उत्पाद में 4 प्रतिशत की वृद्धि विनिर्माण क्षेत्र(6.7 प्रतिशत) निर्माण(6.8 प्रतिशत) संचार(15 प्रतिशत) स्थावर सम्पदा, व व्यवसायिक सेवांए (9.0 प्रतिशत) तथा अन्य सेवांए (7.4 प्रतिशत) में हुई वृद्धि के कारण सम्भव हुई। पिछले वर्ष की तुलना में चावल की पैदावार में 5.4 प्रतिशत, गेहूं में 10.0 प्रतिशत, दालों में 20.4 प्रतिशत, तिलहन में 11.2 प्रतिशत तथा कपास उपज में 16.3 प्रतिशत कमी के कारण् कृषि क्षेत्र में 0.4 प्रतिशत की गिरावट आई। प्रति व्यक्ति आय जो गत वर्ष 15,562 रूपये थी 5.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए इस वर्ष 16,487 रूपये हो गई।

1.3 थोक भाव सूचकांक के आधार पर चालू वित्त वर्ष में मुद्रा स्फीति की दर काफी कम रही। इस वित्तीय वर्ष में 31.12.2001 तक सूचकांक में केवल 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुंई जो कि पिछले वर्ष की इसी अवधि की 8.6 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में काफी कम है! औद्योगिक श्रमिकों का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक नवम्बर 2000 में 450 से बढ़कर 4.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए नवम्बर 2001 में 472 हो गया।

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति

1.4 हिमाचल प्रदेश कीं अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि तथा उससे सम्बन्धित क्षेत्रों पर निर्भर करती है और कृषि उत्पादन में आया तनिक उतार चढ़ाव विकास दर को अत्यंत प्रभावित करता है। वर्ष 1999-2000 में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद स्थिर भावों (1993-94 के भावों) पर 7206 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 2000-2001 में 7,635 करोड़ रुपये हो जाने से इस वर्ष की आर्थिक विकास दर 6.0 प्रतिशत रही। प्रचलित भावों पर समस्त घरेलू उत्पाद वर्ष 1999-2000 में 11,983 करोड़ रुपये की तुलना में 2000-2001 में 12,942 करोड़ रुपये आंका गया। वर्ष 1999-2000 में प्रचलित भावों पर प्रति व्यक्ति आय 17,786 रुपये से बढ़कर 2000-2001 में 18,920 रुपये हो गई जो कि 6.37 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि का मुख्य श्रेय प्राथमिक क्षेत्रों की 9.6 प्रतिशत, गौण क्षेत्रों की 5.5 प्रतिशत, यातायात व व्यापार क्षेत्र की 5.4 प्रतिशत व सेवा क्षेत्र की 5.3 प्रतिशत विकास दर को है। वर्ष 2000-01 में खाद्यान्न उत्पादन में 14.4 प्रतिशत की भारी कमी आ गई क्योंकि इस वर्ष खाद्यान्न उत्पादन 1999-2000 में 14.46 लाख मी. टन की तुलना में केवल 12.08 लाख मी. टन हुआ किन्तु फलोत्पादन में वर्ष 1999-2000 में 89.41 हजार मी.टन की तुलना में वर्ष 2000-2001 में 428.03 हजार मी. टन की तीव्र वृद्धि (सारणी 1.1) के परिणामस्वरूप आर्थिक विकास 6.0 प्रतिशत की प्रभावशाली दर से हुआ।

सारणी-1.1

मुख्य सूचक

सूचक	1998-99	1999-2000	2000-01	1998-99	1999-2000	2000-01
	कुल			प्रतिशत परिवर्तन		
सकल राज्य घरेलू उत्पाद (करोड़ रुपयों में)						
प्रचलित भावों पर	10696	11983	12942	..	12.0	8.0
स्थिर भावों पर	6792	7206	7635	7.2	6.1	6.0
खाद्यान्न उत्पादन(लाख टन)	13.13	14.46	12.08	9.3	12.0	(-)14.4
फलोत्पादन('000 टनों में)	447.68	89.41	428.03	60.1	(-) 80.1	380.9
उद्योग क्षेत्र का सकल घरेलू उत्पाद(करोड़ रुपयों में)*	1354	1542	1602	15.4	13.9	3.9
विद्युत उत्पादन (मिलियन यूनिट)	1485	1201	1153	13.7	(-)19.1	(-) 4.0
थोक भाव सूचकांक	140.7	145.3	155.7	6.9	3.3	7.2
श्रम वर्ग के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक(हि.प्र.)	395	411	436	13.5	4.1	6.1

* प्रचलित भावों पर सकल घरेलू उत्पाद

1.5 प्रदेश की अर्थ व्यवस्था जोकि मुख्यतः कृषि व सम्बन्धित क्षेत्रों पर ही निर्भर है में 1990 के दशक में विशेष उतार चढ़ाव नहीं आए और विकास दर अधिकाँशतः स्थिर ही रही। इस दशक में औसत वार्षिक विकास दर 5.7 प्रतिशत रही जोकि राष्ट्रीय स्तर के समरूप ही है। अर्थ-व्यवस्था में कृषि क्षेत्र से उद्योग व सेवा क्षेत्रों के पक्ष में रूझान पाया गया क्योंकि कृषि क्षेत्र का कुल राज्य घरेलू उत्पाद में प्रतिशत योगदान जो वर्ष 1950-51 में 57.9 प्रतिशत था घटकर 1967-68 में 55.5 प्रतिशत, 1990-91 में 26.5 प्रतिशत और 2000-01 में 22.5 प्रतिशत रह गया। उद्योग व सेवा क्षेत्रों का प्रतिशत योगदान 1950-51 में क्रमशः 1.1 व 5.9 प्रतिशत से बढ़कर 1967-68 में 5.6 तथा 12.4 प्रतिशत, 1990-91 में 9.4 तथा 19.8 प्रतिशत और 2000-01 में 12.4 प्रतिशत तथा 20.5 प्रतिशत हो गया। यद्यपि शेष क्षेत्रों में 1950-51 के 35.1 प्रतिशत की तुलना में 2000-01 में 44.6 प्रतिशत का सकारात्मक सुधार हुआ है।

1.6 कृषि क्षेत्र के घट रहे अंशदान के कारण भी प्रदेश् अर्थ-व्यवस्था में इस क्षेत्र की प्रभुता पर कोई अंतर नहीं पड़ा। अर्थ-व्यवस्था का विकास अधिकतः कृषि उत्पादन द्वारा ही निर्धारित होता रहा क्योंकि कुल घरेलु उत्पाद में इसका मुख्य योगदान हैं और अन्य क्षेत्रों में भी निवेश रोजगार तथा आय सम्बन्धताओं के कारण इसका विशेष प्रभाव हैं। सिंचाई सुविधाओं के अभाव में हमारा कृषि उत्पादन अभी भी अधिकांशतः सामयिक वर्षा व मौसम स्थिति पर निर्भर करता है। सरकार द्वारा इस क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता दी गई है तथा इस वर्ष में 14.37 लाख मिट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य है।

1.7 राज्य ने फलोत्पादन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। विविध जलवायु तथा उपजाऊ गहन और उपयुक्त निकासी वाली भूमि तथा भू-स्थिति में भिन्नता तटीय क्षेत्र के फलों से लेकर अन्य समशीतोष्ण फलों के उत्पादन के लिए उपयुक्त है। प्रदेश का क्षेत्र अन्य फलोत्पादन के सहायक व सम्बन्धी उत्पाद जैसे फूल, मशरूम, शहद और हॉप्स की पैदावार के लिए भी उपयुक्त है। प्रचलित वर्ष में 2.16 लाख टन फलों का उत्पादन हुआ तथा 6,000 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र फलों के अन्तर्गत लाने का लक्ष्य है जिसके विरूद्ध दिसम्बर 2001 तक 3,460 हैक्टेयर क्षेत्र लाया जा चुका है। प्रदेश में बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस वर्ष 6.20 लाख टन सब्जियां और 1.65 लाख टन आलू उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है।

1.8 हिमाचल प्रदेश का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक नवम्बर 2000 से नवम्बर 2001 तक 2.4 प्रतिशत बढ़ा तथा अखिल भारतीय थोक भाव सूचकांक में भी इस दौरान 2.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

1.9 हिमाचल प्रदेश द्धारा विद्युत क्षेत्र में प्रभावशाली सुधार लाने हेतु कई कार्य किए जा रहे हैं। वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक 986 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादित की गई। राज्य सरकार के पास सीमित साधन होने के कारण हिमाचल प्रदेश ने विद्युत उत्पादन व आपूर्ति में निजि क्षेत्र की भागीदारी को सहमति दे दी है और कई जल विद्युत परियोजनाएं निजि क्षेत्र को दे दी गई हैं।

1.10 सरकारी व निजि क्षेत्र में 31.12.2000 को कुल रोजगार 3.03 लाख था। रोजगार केंद्रों के चालू पंजिका के अनुसार नवम्बर 2001 के अंत में कुल 9.11 लाख व्यक्ति बेरोजगार थे। सरकार द्वारा रोज़गार सृजित करने हेतु कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

1.11 पर्यटन उद्योग जोकि प्रदेश की अर्थ व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कार्यकलाप के रूप में उभर रहा है को भी उच्च प्राथमिकता दी जा रही है। पर्यटन के विकास के लिए उपयुक्त व उचित सुविधाओं की संरचना की जा रही है जिसमें भारी लागत वाले कार्य और उन नए क्षेत्रों में व्यावसायिक परियोजनाओं की शुरूआत करना भी सम्मिलित है जहां निजि क्षेत्र अभी प्रारम्भ में कार्य करने से हिचकिचा रहा है। विशेष प्रचार अभियान के परिणाम-स्वरूप पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल में आने वाले पर्यटकों की संख्या में महत्वपूर्ण वृद्धि पाई गई है जोकि निम्न सारणी से स्पष्ट है:-

सारिणी 1.2

आने वाले पर्यटक (लाखों में)

वर्ष	भारतीय	विदेशी	कुल
1997	38.30	0.63	38.93
1998	41.20	0.75	41.95
1999	43.52	0.91	44.43
2000	45.70	1.11	46.81

1.12 सूचना प्रौद्योगिकी में रोजगार सृजन व राजस्व अर्जन के व्यापक अवसर हैं॥ इस सन्दर्भ में हिमाचल सरकार ने नैस्काम के सहयोग से आई.टी. विजन-2010 तैयार किया है। वर्ष 2005 तक सरकार ने दो हजार करोड़ रुपये के सूचना प्रौद्योगिकी सम्बन्धी सॉफटवेयर तथा अन्य सम्बन्धित सेवाएं निर्यात करने का लक्ष्य रखा है। राज्य सरकार की सूचना प्राद्योगिकी नीति के अनुरूप सूचना प्राद्योगिकी को राज्य में बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए जा चुके हैं। राज्य में सूचना प्रद्योगिकी के विकास को सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्रद्योगिकी विभाग स्थापित किया गया है।

1.13 प्रशासन व विकासात्मक कार्यों के व्यय हेतु सरकार के मुख्य वित्तीय साधन प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष कर, कर रहित राजस्व, केन्द्रीय करों में भाग तथा केन्द्र से प्राप्त सहाय अनुदान आदि हैं। 2001-2002 के बजट अनुमानों के अनुसार वर्ष 2001-2002 में कुल राजस्व प्राप्तियाँ 3,216 करोड़ रुपये हैं जोकि वर्ष 2000-2001 में 3,351 करोड़ रुपये थी तथा 4.0 प्रतिशत की कमी दिखाती है।

1.14 वर्ष 1999-2000 में 620 करोड़ रुपये तथा वर्ष 2000-2001 में 717 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 2001-2002 में कुल राज्य करों से प्राप्त आय 776 करोड़ रुपये आँकी गई कि वर्ष 2000-2001 की आय से 8.2 प्रतिशत अधिक है।

सारणी 1.3
राज्य सरकार की प्राप्तियां तथा व्यय

(करोड़ रूपयों में)

मद	1998-99	1999-2000	2000-2001	2001-2002
1. राजस्व प्राप्तियां (2+3+4)	2311	3715	3351	3216
2. कर राजस्व	1299	1541	1082	1183
3. कर रहित राजस्व	205	1056	223	192
4. सहाय अनुदान	807	1118	2046	1841
5. राजस्व व्यय	3334	3821	4199	4719
क. ब्याज भुगतान	498	597	892	1159
ख. उपदान	165	182	175	159
6. राजस्व घाटा (1-5)	1023	106	848	1503
7. पूंजी प्राप्तियां	3057	4683	1886	2444
क. उधार वसूलियां	29	531	25	24
ख. अन्य प्राप्तियां	-86	517	300	225
ग. उधार एवं परिसम्पतियां	3114	3635	1561	2195
8. पूंजी व्यय	2308	3769	1038	942
9. कुल व्यय	5642	7590	5237	5660
क. योजना व्यय	1660	1685	1797	1704
ख. गैर योजना व्यय	3982	5905	3440	3956

सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत

मद	1998-99	1999-2000	2000-2001	2001-2002
1. राजस्व प्राप्तियां (2+3+4)	23.30	31.00	25.89	23.22
2. कर राजस्व	13.09	12.86	8.36	8.54
3. कर रहित राजस्व	2.07	8.81	1.72	1.39
4. सहाय अनुदान	8.14	9.33	15.81	13.39
5. राजस्व व्यय	33.61	31.89	32.44	34.08
क. ब्याज भुगतान	5.02	4.98	6.89	8.37
ख. उपदान	1.66	1.52	1.35	1.15
6. राजस्व घाटा (1-5)	10.31	0.88	6.55	10.85
7. पूंजी प्राप्तियां	30.82	39.08	14.57	17.65
क. उधार वसूलियां	0.29	4.43	0.19	0.17
ख. अन्य प्राप्तियां	-0.87	4.31	2.32	1.62
ग. उधार एवं परिसम्पतियां	31.39	30.33	12.06	15.85
8. पूंजी व्यय	23.27	31.45	8.02	6.80
9. कुल व्यय	56.87	63.34	40.46	40.87
क. योजना व्यय	16.73	14.06	13.88	12.30
ख. गैर योजना व्यय	40.14	49.28	26.58	28.57

टिप्पणीः वर्ष 1999-2000 (सं.), 2000-2001(द्रुत) तथा 2001-2002(अनन्तिम) के सकल राज्य घरेलू उत्पाद के आंकडे।

1.15 राज्य के कर रहित राजस्व जिसमें ब्याज प्राप्ति, परिवहन तथा अन्य प्रशासनिक सेवाओं इत्यादि से प्राप्त आय सम्मिलित हैं में वर्ष 1999-2000 से लाटरी पर प्रतिबन्ध के कारण घटने की प्रवृति पाई गई। वर्ष 2001-2002 में प्रदेश का कर रहित राजस्व 193 करोड़ रुपये आंका गया था जोकि कुल राजस्व का 6.0 प्रतिशत था।

1.16 केन्द्रीय करों में राज्य का भाग वर्ष 2001-2002 में 406 करोड़ रुपये था जबकि वर्ष 2000-2001 में यह 366 करोड़ रूपये था जो कि 10.9 प्रतिशत की वृद्वि दर्शाता है।

1.17 राज्य करों से प्राप्त आय के अन्तर्गत वर्ष 2001-2002 में बिक्री करों से प्राप्त आय 330 करोड़ रुपये आँकी गई थी जो कि कुल राजस्व प्राप्ति का 27.9 प्रतिशत है। वर्ष 2000-2001 में व वर्ष 1999-2000 में यह आय क्रमश: -27.4 व 15.1 प्रतिशत थी। बजट अनुमानों के अनुसार वर्ष 2001-2002 में राज्य उत्पादन शुल्क से प्राप्त आय 222 करोड़ रुपये आँकी गई है।

1.18 सामाजिक समानता तथा गतिशील विकास के लक्ष्य प्राप्ति हेतु राज्य के सामाजिक आर्थिक कार्यकलाप इस प्रकार रहे:-

(i) मनोरंजन इकाईयां 10 वर्ष के लिए कर मुक्त।

(ii) शिमला, कुल्लू, मनाली तथा कांगड़ा की हवाई पट्टियों का 30 करोड़ रूपये की लागत से विस्तार।

(iii) पठानकोट में 30 करोड़ रूपये की लागत से एक नई हवाई पट्टी का निर्माण कार्य प्रगति पर।

(iv) जल विद्युत उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति। 7,100 मैगावाट से अधिक क्षमता के जल विद्युत परियोजनाओं पर कार्य प्रारम्भ किया गया।

(v) 86 मैगावाट मलाना, 3 मैगावाट गुम्मा, तथा 2 मैगावाट साल चरण-II जल विद्युत परियोजनाओं में विद्युत उत्पादन प्रारम्भ। 132 मिनी व माइक्रो जल विद्युत पारयोजनाओं के कार्यन्वयन बारे समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर।

(vi) 423 करोड़ रूपये के निवेश से 2,732 औद्योगिक इकाईयां स्थापित की गई जिन में 18,000 लोगों को रोजगार उपलब्ध हैं।

(vii) 35 करोड़ रूपये की लागत से शिमला तथा मण्डी जिलों में फलों पर आधारित दो बायनरजी स्थापित की जा रही है1

(viii) सूचना प्राद्योगिकी तथा जीव औद्योगिकी सम्बन्धी राज्य की अपनी नीति घोषित।

(ix) बाकनाघाट में 60 करोड़ रूपये की लागत से अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का सूचना प्राद्योगिकी संस्थान स्थापित किया जा रहा है।

(x) राजस्व कानून वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तर्कसंगत बनाए गए। सभी किसानों को कानूनी वैधता प्राप्त किसान पास बुक वितरित की गईं।

(xi) श्यामलात भूमि के स्वामित्व भू-स्वामियों को हस्तांतरित किय जा रहे है।

(xii) 143 करोड़ रूपये की शाहनहर तथा 33 करोड़ रूपये की सिधाता मध्य सिंचाई

योजना पर कार्य प्रारम्भ और 28 करोड़ रूपये की लागत से आनन्दपुर हाईडल चैनल का कार्य प्रगति पर।

(xiii) 328 लघु सिंचाई परियोजनाएं नाबार्ड से स्वीकृत ।

(xiv) सामाजिक सेवा क्षेत्र को विशेष प्राथमिकता। 1.69 लाख पात्र वृद्धों, विधवाओं तथा अपंग व्यक्तियों को 150 रूपये की मासिक पैंशन दी जा रही है।

(xv) आई.आर.डी.पी. परिवारों की 5.76 लाख महिलाओं को "मातृशक्ति बीमा योजना" के अन्तर्गत लाया गया।

2. राज्य आय

राज्य घरेलू उत्पाद

2.1 राज्य आय अथवा राज्य घरेलू उत्पाद किसी भी राज्य के आर्थिक विकास का सर्वोचित्त मापदंड हैं । द्रुत अनुमानों के अनुसार स्थिर भावों पर (आधार 1993-94) वर्ष 2000-2001 में प्रदेश का समस्त घरेलू उत्पाद 7635.3 करोड़ रुपये आंका गया जबकि वर्ष 1999-2000 में यह 7206.2 करोड़ रुपये था। वर्ष 2000-01 में प्रदेश के आर्थिक विकास की दर 6.0 प्रतिशत रही। राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक विकास की यह दर इस दौरान 4.0 प्रतिशत हैं। प्रचलित भाव पर राज्य का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 1999-2000 में 11983.13 करोड़ रुपए से बढ़कर 2000-2001 में 12941.96 करोड़ रुपए हो गया जो कि 8.0 प्रतिशत की वृद्वि दर्शाता है। वर्ष 2000-2001 में खाद्यान्न उत्पादन में आई भारी कमी (वर्ष 1999-2000 में 14.46 लाख टन से घट कर 2000-2001 में 12.08 लाख टन) के विपरित भी प्रदेश ने यह उच्च आर्थिक विकास दर प्राप्त की। वर्ष 1999-2000 में सेब उत्पादन 0.49 लाख टन की तुलना में वर्ष 2000-2001 में बढ़ कर 3.77 लाख टन हुआ। हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि पर ही निर्भर है । कृषि क्षेत्र पर निर्भरता, तथा औद्योगिक आधार कमजोर होने के कारण खाद्यान्नों व फलों के उत्पादन का उतार-चढ़ाव प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बहुत प्रभावित करता है। वर्ष 2000-2001 के दौरान कुल राज्य आय का लगभग 22.5 प्रतिशत कृषि क्षेत्र से ही प्राप्त हुआ है।

2.2 गत तीन वर्षों व चालू वित्त वर्ष में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक विकास दर आगे सारणी में दर्शाई गई है:-

सारणी 2.1

(प्रतिशत)

वर्ष	हिमाचल प्रदेश	समस्त भारत
1998-99	7.2	6.6
1999-2000(संशोधित)	6.1	6.1
2000-2001(द्रुत)	6.0	4.0
2001-2002(सम्भावित)	5.5	5.4

प्रति व्यक्ति आय

2.3 राज्य आय के द्रुत अनुमानों के अनुसार 2000-2001 में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय प्रचलित भाव पर 18,920 रुपये है जोकि 1999-2000 में 17,786 रुपये की तुलना में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। स्थिर भाव पर वर्ष 2000-2001 में प्रति व्यक्ति आय 10,942 रुपये आंकी गई है।

क्षेत्रवार सकल राज्य घरेलू उत्पाद

2000-2001

प्रचलित भावों पर



स्थिर भावों पर

1. प्राथमिक क्षेत्र

2. गोण क्षेत्र

3. परिवहन, भण्डारण संचार एंव व्यापार

4. वित्त एंव स्थावर

5. सामुदायिक वैयक्तिक सेवायें



विभिन्न क्षेत्रों का योगदान

2.4 क्षेत्रीय विश्लेषण के अनुसार वर्ष 2000-2001 में प्रदेश की राज्य आय में प्राथमिक क्षेत्रों का योगदान 27.37 प्रतिशत रहा। गौण क्षेत्रों का 32.50 प्रतिशत, सामुदायिक वैयक्तिक क्षेत्रों का 20.52 प्रतिशत, परिवहन संचार एवं व्यापार का 11.87 प्रतिशत तथा वित्त एवं स्थावर सम्पदा का योगदान 7.44 प्रतिशत रहा।

प्रदेश अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के योगदान में इस दशक में महत्वपूर्ण परिवर्तन पाए गए। कृषि क्षेत्र जिसमें फलोत्पादन, उद्यान व पशुपालन भी सम्मिलित है का प्रतिशत योगदान वर्ष 1990-91 में 26.5 प्रतिशत से घट कर वर्ष 2000-2001 में 22.5 प्रतिशत रह गया। फिर भी प्रदेश अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र का सर्वाधिक महत्व रहा। यही कारण है कि खाद्यान्न/सेब उत्पादन में आया तनिक भी उत्तार-चढ़ाव अर्थव्यवस्था को बहुत अधिक प्रभावित करता है। प्राथमिक क्षेत्रों का योगदान, जिनमें कृषि, वानिकी मत्स्य पालन तथा खनन व उत्खनन सम्मिलित हैं, 1990-91 में 35.1 प्रतिशत से घट कर 2000-01 में 27.4 प्रतिश्त रह गया। गौण क्षेत्रों जिनका प्रदेश अर्थव्यवस्था में दूसरा प्रमुख स्थान है में वर्ष 1990-91 के पश्चात् महत्वपूर्ण सुधार हुआ। इसका प्रतिशत योगदान वर्ष 1990-91 में 26.5 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2000-2001 में 32.5 प्रतिशत हो गया जो कि प्रदेश औद्योगिकरण व आधुनिकीकरण की ओर स्पष्ट रूझान को दर्शाता है। विद्युत, गैस व जल आपूर्ति जो कि गौण क्षेत्रों का ही एक अंग है का भाग वर्ष 1990-91 में 4.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2000-2001 में 6.1 प्रतिशत हो गया अन्य सेवा सम्बन्धी क्षेत्रों जैसे कि व्यापार यातायात, संचार बैंक, स्थावर सम्पदा और व्यवसायिक सेवांए तथा सामुदायिक व वैयक्तिक सेवाओं का योगदान भी सकल राज्य घरेलू उत्पाद में वर्ष 2000-2001 में 40.1 प्रतिशत रहा जब कि वर्ष 1990-91 में यह 38.4 प्रतिशत था।

विभिन्न क्षेत्रों के अधीन प्रगति

2.5 वर्ष 2000-2001 में विभिन्न क्षेत्रों की निम्न स्तरीय प्रगति के कारण ही सकल घरेलू उत्पाद की विकास दर 6.0 प्रतिशत रही।

प्राथमिक क्षेत्र

2.6 प्राथमिक क्षेत्र जिसमें कृषि, वानिकी, मत्सय, खनन तथा उत्खनन सम्मिलित हैं, के विकास में वर्ष 2000-2001 में 9.6 प्रतिशत की असाधारण वृद्वि हुई जिसका कारण सेब उत्पादन में हुई वृद्वि है।

गौण क्षेत्र

2.7 इस क्षेत्र में जिसमें विनिर्माण, पंजीकृत व अपंजीकृत, निर्माण तथा विद्युत गैस व जल आपूर्ति सम्मिलित हैं, वर्ष 2000-2001 में 5.5 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई ।

परिवहन संचार एवं व्यापार

2.8 वर्ष 2000-01 में इस क्षेत्र के अधीन विकास दर केवल 5.4 प्रतिशत रही ।

वित्त एवं स्थावर सम्पदा

2.9 इस क्षेत्र में बैंक, बीमा, स्थावर सम्पदा, आवासों का स्वामित्व एवं व्यवसायिक सेवाएं सम्मिलित हैं। इस क्षेत्र की विकास दर वर्ष 2000-2001 में 1.5 प्रतिशत रही।

सामुदायिक एवं निजि सेवाएं

2.10 इस क्षेत्र में विकास दर वर्ष 2000-01 में 5.3 प्रतिशत है।

2.11 हिमाचल प्रदेश में आर्थिक विकास के विशलेषण से प्रतीत होता है कि प्रदेश कीं आर्थिक विकास दर सदैव समस्त भारत की विकास दर के समकक्ष ही रहती रही है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:-

सारणी 2.2

अवधि	औसतन विकास दरप्रतिशत	
	हि.प्र.	समस्त भारत
प्रथम पंचवर्षीय योजना (1951-56)	(+) 1.6	(+) 3.6
द्वितीय पंचवर्षीय योजना(1956-61)	(+) 4.4	(+) 4.1
तृतीय पंचवर्षीय योजना(1961-66)	(+) 3.0	(+) 2.4
वार्षिक योजना(1966-67 से 1968-69)	..	(+) 4.1
चतुर्थ पंचवर्षीय योजना(1969-74)	(+) 3.0	(+) 3.4
पंचम पंचवर्षीय योजना(1974-78)	(+) 4.6	(+) 5.2
वार्षिक योजना(1978-79 से 1979-80)	(-) 3.6	(+) 0.2
छठी पंचवर्षीय योजना(1980-85)	(+) 3.0	(+) 5.3
सातवी पंचवर्षीय योजना(1985-90)	(+) 8.8	(+) 6.0
वार्षिक योजना(1990-91)	(+) 3.9	(+) 5.4
वार्षिक योजना(1991-92)	(+) 0.4	(+) 0.8
आठवी पंचवर्षीय योजना(1992-97अस्थाई)	(+) 6.3	(+) 6.2
नवम् पंचवर्षीय योजना(1997-2002)	(+) 6.2	(+) 5.4
वर्ष 1997-98	(+) 6.4	(+) 5.0
वर्ष 1998-99	(+) 7.2	(+) 6.6
वर्ष 1999-2000(संशोधित)	(+) 6.1	(+)6.1
वर्ष 2000-2001 (द्रुत)	(+)6.0	(+)4.0
वर्ष 2001-2002(सम्भावित)	(+) 5.5	(+) 5.4

3. मुद्रा एंव बैंक

3.1 कृषि, उद्योग तथा स्वरोजगार गतिविधियों द्वारा आर्थिक अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बैंकों की विशेष भूमिका है। अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों जैसे किसानों, कारीगरों, व्यावसायिकों तथा स्वः रोजगारों को गरीबी से ऊपर उठाने के लिए बैंकों द्वारा ऋण देने की सामाजिक बैंकिग नीतियों तथा अन्य कार्यक्रम चलाने की योजनाएं तैयार की जाती हैं।

3.2 सितम्बर 2001 को राज्य में क्षेत्रीय ग्रामीण/सहकारी बैंकों सहित बैंकों की कुल 1,117 शाखाएं थी। इस समय हिमाचल प्रदेश में 19 वाणिज्यिक बैंकों की 653 शाखाएं है जिनमें से 639 शाखाएं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत हैं। एस.बी.आई., पी.एन.बी., यूको बैंक तथा एस.बी.ओ.पी. मुख्य बैंकों की 555 शाखाएं है। राज्य में इस समय दो क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (i) हिमाचल ग्रामीण बैंक तथा (ii) पर्वतीय ग्रामीण बैंक जिनकी क्रमशः 103 तथा 27 शाखाएं हैं। इस प्रकार वाणिज्य बैंकों की हिमाचल प्रदेश में कुल 783 शाखाऐं हैं।

3.3 हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक सीमित एक अल्पावधि ऋण ढांचे का एपैक्स बैंक है। हिमाचल प्रदेश में 6 जिलों शिमला, किन्नौर बिलासपुर मण्डी, सिरमौर तथा चम्बा में इसकी 128 शाखाएं हैं। इस समय राज्य में दो केन्द्रीय सहकारी बैंक, कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक सीमित तथा जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक है जबकि कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक की पांच जिलों कांगड़ा, हमीरपुर कुल्लू, ऊना तथा लाहौल स्पिति में 138 शाखांए है तथा जोगिन्द्रा केन्द्रीय सहकारी बैंक की सोलन जिले में 20 शाखाएं है।

सितम्बर 2001 तक इन बैंकों द्वारा की गई उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है:-

अग्रिम एवं जमा राशि

3.4 हिमाचल प्रदेश में स्थित लीड बैंक स्कीम के अंतर्गत बैंकों में सितम्बर 2001 में शुद्ध पब्लिक जमा 10,047.12 करोड़ रूपए तथा कुल अग्रिम राशि 2,840.80 करोड़ रूपए थी। 2001-2002 वर्ष के दूसरे तिमाही के अन्त में बैंकों की कुल जमा राशी 18.15 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए 1,543.68 करोड़ रूपये बढ़ गई और कुल अग्रिम 553.20 करोड़ रूपये बढे जोकि 24.18 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते है। उधार विस्तार के परिणाम स्वरूप बैंकों का उधार जमा राशी अनुपात सितम्बर 2000 में 26.9 प्रतिशत से बढ़कर सितम्बर 2001 में 28.3 प्रतिशत हो गया।

सारणी 3.1

हिमाचल प्रदेश में बैंकों के तुलनात्मक आंकड़े

(करोड़ रूपयों)

	मार्च, 2001	जून, 2001	सितम्बर, 2001	वर्तमान स्थिति
1. जमा राशी (पी पी डी)				
ग्रामीण	6396.15	6485.57	6864.90	+379.33
अर्ध शहरी	3075.08	3106.09	3182.22	+76.13
कुल	9471.23	9591.66	10047.12	+455.46
2. अग्रिम (ओ/एस)				
ग्रामीण	1759.54	1892.06	1541.11	-350.95
अर्ध शहरी	975.10	888.57	1299.69	+411.12
कुल	2734.64	2780.63	2840.80	+60.17
3. जमा उधार अनुपात प्रतिशत (पीपीडी)				
ग्रामीण	27.51%	29.17%	22.5%	-6.67
अर्ध शहरी	31.71%	28.61%	40.8%	+12.19
कुल	28.87%	29.00%	28.3%	-0.70
4.बैंकों द्वारा राज्य सरकार के बॉंड/प्रतिभूतियों में निवेश	1507.28	1689.34	1773.89	+ 84.55
5. जमा उधार अनुपात में निवेश प्रतिशत (आई सी डी)	44.79	46.60	45.9	-0.70
6. प्राथमिक क्षेत्रों में अग्रिम (ओ/एस) जिनमें से:				
(i) कृषि	393.40	427.95	423.97	-3.98
(ii) एस एस आई	326.58	315.39	320.39	+ 5.00
(iii) सेवाएं	915.85	865.16	967.71	+102.55
7. गरीबों को अग्रिम	551.12	569.13	576.37	+ 7.24
8. डी.आर.आई. अग्रिम	1.30	1.86	4.41	+ 2.55
9. सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों में अग्रिम	245.18	129.77	183.55	+ 53.78
10. अप्राथमिक क्षेत्रों में अग्रिम	1098.81	1172.13	1128.73	-4.34

प्राथमिकता क्षेत्र में उधार

3.5 राज्य में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा सितम्बर 2001 को समाप्त हाने वाली दूसरी तिमाही में कुल नए .उधार 764.97 करोड़ रूपए की वार्षिक वचनबद्धता की तुलना में 418.83 करोड़ रूपए दिए गए जो 54.75 प्रतिशत उपलब्धि दर्शाते हैं। क्षेत्रवार प्रगति नीचे दर्शाई गई है:-

सारणी 3.2

	वार्षिक वचनबद्धता 2001-2002	शुद्ध उपलब्धि सितम्बर 2001 तक	प्रतिशत उपलब्धि
1. कृषि	216.92	98.89	46
2. एस.एस.आई	76.42	30.84	40
3. सेवाएं	316.84	165.52	52
कुल प्राथमिक क्षेत्र	610.18	295.25	48
गैर प्राथमिक	154.61	123.58	80
कुल योग:	764.79	418.83	55

सितम्बर 2001 तक प्राथमिकता क्षेत्र के उधार क्षेत्र में 48.39 प्रतिशत की उपलब्धि हुई। प्रचलित वित्त वर्ष में दूसरी तिमाही तक एस.एस.आई. में 40.36 प्रतिशत की महत्वपूर्ण उपलब्धि हुई।

सरकार द्वारा प्रायोजित कार्यक्रमों के अन्तर्गत बैंकों का योगदान

क. प्रधानमंत्री रोजगार योजना

3.6 हिमाचल प्रदेश में 3000 ऋण मामलों के लक्ष्य के विरूद्ध सितम्बर 2001 तक बैंकों ने 1,130 मामले इस योजना के अन्तर्गत स्वीकृत किए तथा कुल 802.02 लाख रूपये की स्वीकृति की तुलना में 499.72 लाख रूपये सितम्बर 2001 तक वितरित किए गये।

ख. स्वर्ण ज्यन्ती ग्राम स्व-रोजगार योजना

3.7 इस योजना के अन्तर्गत व्यैक्तिक स्व रोजगार के 2,726 मामले बैंकों में प्राप्त हुए जिनमें से 1,922 प्रस्ताव 549.14 लाख रूपये की राशी से स्वीकृत किए गये तथा सितम्बर 2001 तक 1,663 प्रस्तावों को 446.69 लाख रूपये वितरित किए गये। समूह योजनाओं के अन्तर्गत 345.37 लाख रूपये की राशी से 259 समूह ऋण मामले स्वीकृत किए गये तथा सितम्बर 2001 तक 248 समुहों को 270.27 लाख रूपये वितरित किए गये।

ग.स्वर्ण ज्यन्ती शहरी रोजगार योजना

3.8 गरीबी उन्मुलन और रोजगार सृजन की यह योजना प्रदेश के सभी शहरों में स्थानीय निकायों द्धारा चलाई जा रही है। अग्रिम बैंक द्वारा इस विषय पर व्यैक्तिक स्व-रोजगार कार्यक्रम के अन्तर्गत 236 ईकाइयों तथा डवाकरा के अन्तर्गत 57 ईकाईयों का वर्ष 2001-2002 के लिए लक्ष्य रखा गया है।

घ. मैला ढोने वाले लोगों की मुक्ति व पुर्नवास

3.9 इस योजना के अन्तर्गत सितम्बर 2001 तक विभिन्न बैंकों में 54.03 लाख रूपये की राशी से 160 मामले स्वीकृत किए गये जिनमें से 154 मामलों को 52.88 लाख रूपये की राशी वितरित की गई।

3.10 उपरोक्त के अतिरिक्त के.वी.आई.एस. `मार्जन मनी स्कीम ' के अन्तर्गत सितम्बर 2001 तक 1003 लाख रूपये की राशी से 179 मामले स्वीकृत किए गए जिनमें से 172 मामलों को 901 लाख रूपये की राशी दी गई।

नाबार्ड

3.11 राष्ट्रीय कृषि तथा ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पिछले कुछ वर्षों में वाटर शैड डब्लैपमैंट, ग्रामीण ढांचा, छोटे उधार ग्रामीण और कृषि क्षेत्र, छोटी सिंचाई के अतिरिक्त ग्रामीण उधार देने के तरीकों का राज्य में विस्तृतीकरण करके एकीकृत ग्रामीण विकास कार्य में पर्याप्त सहयोग दिया है। नाबार्ड द्वारा अत्याधिक व क्रियाशील सहयोग के कारण राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बहुत से सामाजिक व आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहे हैं।

ग्रामीण सुविधा संरचना

3.12 भारत सरकार द्वारा वर्ष 1995-96 में ग्रामीण सुविधा संरचना फंड (आर.ई.डी.एफ.)

की स्थापना की थी। इस योजना के अन्तर्गत राज्य सरकारों तथा राज्य के स्वामित्व वाले निगमों को, चल रही योजनाओं को पूर्ण करने तथा कुछ चुने हुए क्षेत्र में नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए ऋण दिए जाते हैं। इस योजना के अन्तगर्त पंचायती राज संस्थाओं सैल्फ हैल्प ग्रुप, तथा गैर सरकारी संगठनों को स्थान विशेष सुविधा संरचना के विकास हेतु लाया गया जिसका सम्बन्ध समाज तथा ग्रामीण अर्थवस्था से.है।

3.13 दिसम्बर 2001 तक सरकार को विविध क्षेत्र में 2433 परियोजनाओं जैसे सिंचाई, सड़क व पुल, पीने का पानी, बाढ़ नियंत्रण, जल संरक्षण, प्राथमिक पाठशाला भवनों का निर्माण तथा सूचना प्रौद्योगिकी की योजना " लोक मित्रां" के विकास हेतु 531.26 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

314 वर्तमान वर्ष् में दिसम्बर 2001 तक ग्रामीण सुविधा संरचना विकास फंड के अन्तर्गत 76.95 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए तथा इस राशि के वित्तीय वर्ष के अन्त तक 150.00 करोड़ रूपये होने की संभावना है। हिमाचल सरकार को इस योजना के अन्तर्गत 31 दिसम्बर 2001 तक कुल 292.36 करोड़ रूपये वितरित किए गए हैं।

3.15 स्वीकृत परियोजनाओं के क्रियान्वयन/पूर्ण होने के उपरान्त 29,635 हैक्टेयर अतिरिक्त भूमि को सिंचाई, 2,327 कि.मी. सड़कें पक्की करना, 3,461 मी. लम्बे पुलों का निर्माण, 2,256 हैक्टेयर भूमि का बाढ़ नियंत्रण व 133 गांवों को जल संरक्षण परियोजना के अन्तर्गत लाया जाएगा। इसके अतिरिक्त इस परियोजना से अनेक आर्थिक व सामाजिक लाभ भी प्राप्त होंगे। इस योजना के अन्तर्गत बनाई गई सड़कों व पुलों से 1,812 गांवों को अच्छी सम्पर्क सुविधा प्राप्त हो जाएगी।

पुनः वित्त सहायता

3.16 लघु सिचांई, पौध रोपण, उद्यान, कृषि यंत्र रचना, पथ परिवहन, भूमि विकास, पशुपालन, लघु ऋण, एस जी एस वाई, कृषि ऋण इत्यादि विभिन्न कार्यों के लिए बैंकों द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता वर्ष 2000-2001 के 89.00 करोड़ रूपए से बढ़कर प्रचलित वर्ष में 104.00 करोड़ रूपए तथा वर्ष 2002-2003 में 120 करोड़ रूपए होने की सम्भावना है। नाबार्ड, कृषि, सिंचाई, बागवानी परियोजनाओं विशेष कर चाय, औषधी, ऐरोमैटिक बागवानी के लिए अधिक ऋण प्रवाह पर बल दे रहा है।

लघु ऋण

3.17 स्वयं सहायता संगठन आन्दोलन सारे प्रदेश (जिला किन्नौर के अतिरिक्त) में फैल गया है, जिसने अब सशक्त आधार बना लिया है। इस आन्दोलन को उच्च शिखर पर पंहुचाने में मानव संसाधन और वित्तीय उत्पाद का विशेष योगदान रहा है। इस आन्दोलन को सुदृढ़ बनाने के लिए वर्ष के दौरान विभिन्न संस्थानों को 3.43 लाख रूपये की सहायता दी गई हैं। इस समय प्रदेश में 11,000

स्वयं सहायता संगठन कार्यरत हैं जिनको समाज व महिला कल्याण विभाग द्वारा प्रोत्साहित किया गया है। वर्ष के दौरान 31 दिसम्बर तक 1,518 स्वयं सहायता संगठन की ऋण इकाईयां थी जिनको लगभग 3.00 करोड़ का बैंक ऋण दिया गया। कुल मिलाकर स्वयं सहायता संगठन की 4,291 इकईयां ऋण से सम्बन्धित थी। वर्तमान में 375 बैंक शाखांए इस आन्दोलन से जुड़ी हुई हैं। बैंकों को 5.00 करोड़ रूपये की पुनः वित्तीय सहायता भी उपलब्ध कराई गई है।

ग्रामीण गैर कृषि क्षेत्र

3.18 वर्ष के दौरान उन ग्रामीण नवयुवकों के लिए जो ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हैं, 7 ग्रामीण उद्यमी विकास कार्यक्रम स्वीकृत किए गए। जिनमें से 31 दिसम्बर,2001 तक 5 परियोजनाएं संचालित की गई है। इस परियोजना के लिए 3.29 लाख रूपये गैर सरकारी संगठन व व्यवसायिक संगठन के लिए स्वीकृत किए गए। इसके अन्तर्गत वाईट मैटल के गहने, गलीचा बुनना, कटाई व सिलाई इत्यादि उद्यमों को लिया गया है। अप्रैल, 2001 से जिला सोलन में जिला ग्रामीण उद्योग परियोजना प्रारम्भ की गई तथा मण्डी जिला में परियोजना आगामी वर्ष से लागू की जाएगी। सोलन, कुल्लू और कांगड़ा जिले में कलस्टर विकास की पहल करने के लिए समर्थन दिया गया।

आधार स्तर पर ऋण प्रवाह

3.19 नाबार्ड ने वर्ष 2002-2003 के लिए कार्यक्षम ऋण सुविधा सुनिश्चित की है तथा इस समय 10वीं पंच वर्षीय योजना के आधार स्तर पर ऋण प्रवाह का अनुमान 980 करोड़ रूपये लगाया गया है। यह ऋण प्रवाह मुख्यतः कृषि व सम्बन्धित क्षेत्र गैर फार्म क्षेत्र व अन्य चिन्हित प्राथमिक क्षेत्र में हैं।

3.20 नाबार्ड राज्य में वित्तीय संस्थाओं विशेषकर सहकारी बैंक व क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को वित्तीय सहायता देता रहा।

4. भाव एवं नागरिक आपूर्ति

क. भाव स्थिति

4.1 जन साधारण के लिए मुद्रा स्फीति एक गम्भीर समस्या है। थोक भावों में वृद्धि की दर या मुद्रा स्फीति जो 1996-97 में 6.9 प्रतिशत की एक उच्च सीमा तक पहुँच गई थी वर्ष 2001-2002 में 29.12.2001 तक 1.8 प्रतिशत थी। पिछले कुछ वर्षों के थोक मूल्य सूचकांक नीचे सारणी में दिए गए हैं:-

सारिणी 4.1

थोक मूल्य सूचकांक आधार 1993-94=100

	थोक मूल्य सूचकांक	
वर्ष	अन्तिम सप्ताह	सप्ताहों की औसत
1993-94	100.0	100.0
1994-95	117.1	112.6
1995-96	116.1	121.6
1996-97	124.1	127.2
1997-98	130.7	132.8
1998-99	141.7	140.7
1999-2000	150.9	145.3
2000-2001 (30.12.2000 तक)	159.2	155.7
2001-2002 (29.12.2001 तक अस्थाई)	161.7	161.3

4.2 पिछले छः वर्षों का माहवार थोक मूल्य सूचकांक निम्न सारणी में दर्शाया गया है:-

सारणी 4.2

थोक मूल्य सूचकांक आधार 1993-94=100

माह	1996-97	1997-98	1998-99	1999-2000	2000-2001	2001-2002	मुद्रास्फीति दर
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.
अप्रैल	123.7	130.9	136.9	142.4	151.7	159.9	5.40
मई	124.5	130.8	138.2	142.8	151.8	160.3	5.60
जून	125.1	131.4	139.8	143.3	152.7	160.8	5.30
जुलाई	127.0	131.6	140.9	143.7	153.1	161.1	5.22
अगस्त	127.8	132.0	140.6	144.6	153.4	161.6	5.35
सितम्बर	128.1	132.9	140.8	145.3	154.7	161.9(अ)	4.65
अक्तूबर	127.8	133.4	142.0	146.9	157.9	162.5(अ)	2.91
नवम्बर	128.0	133.1	142.6	147.0	158.2	162.0(अ)	2.40
दिसम्बर	128.5	133.7	142.1	146.1	158.8*	161.7(अ)*	1.80
जनवरी	128.3	134.8	140.9	145.9	158.6	..	..
फरवरी	128.6	134.2	141.4	146.4	158.6	..	..
मार्च	128.8	134.4	141.6	149.5	159.1	..	..
औसत	127.2	132.8	140.7	145.3	155.7	..	..

अ- अन्नतिम * दिसम्बर के अन्तिम सप्ताह

4.3 उपरोक्त तालिका से यह प्रतीत होता है कि वर्ष 2000-2001 के शुरू में मुद्रा स्फीति की दर 6.5 प्रतिशत थी फिर घट कर अगस्त, 2001 में 6.1 प्रतिश्त हो गई तथा जनवरी, 2001 तक उसमें कुछ वृद्धि होती रही। इसके पश्चात यह पुनः घटनी शुरू हो गई तथा मार्च, 2001 में 6.4 प्रतिशत हो गई। वर्ष 2000-2001 में औसतन मुद्रा स्फीति की दर 7.2 प्रतिशत रही। मुद्रा स्फीति (आधार 1993-94 =100) जो कि अप्रैल, 2001 में 5.40 प्रतिशत थी घटकर जुलाई में 5.22 प्रतिशत हो गई तथा नवम्बर 2001 में 2.40 प्रतिशत रही। दिसम्बर 2001 (अन्तिम सप्ताह) में बिन्दुवार आधार पर मुद्रा स्फीति की दर 1.8 प्रतिशत रही।

4.4 हिमाचल प्रदेश में भाव की स्थिति पर निरन्तर निगरानी के कारण कीमतों में बढ़ौतरी नहीं होने दी गई । ऐसा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के द्वारा प्रदेश में भाव पर निगरानी व आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए 3,955 उचित मूल्य की दुकानों से सम्भव हुआ । इसके साथ-साथ जमाखोरी, मुनाफाखोरी तथा अन्य अनाचारों द्वारा आवश्यक उपभोग की वस्तुओं की बिक्री तथा वितरण पर निगरानी रखने के लिए प्रदेश सरकार ने कई आदेशों/अधिनियमों को कड़ाई से लागू किया है । वर्ष के दौरान नियमित साप्ताहिक प्रणाली द्वारा आवश्यक वस्तुओं के भावों का अनुश्रवण करना जारी रखा गया ताकि भावों में अनुचित बढ़ौतरी को समय पर रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा सकें। सरकार द्धारा उठाए गए कदमों के परिणामस्वरूप हिमाचल प्रदेश में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अखिल भारतीय थोक मूल्य सूंचकांक की तुलना में कम गति से बढ़ा जो कि सारणी 4.3 से स्पष्ट है कि अप्रैल 2000 से अप्रैल 2001 तक थोक भाव सूचंकांक में 5.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में हिमाचल प्रदेश का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक केवल 4.2 प्रतिशत और अक्तूबर 2000 से अक्तूबर

मूल्य सूचकांक

थोक मूल्य सूचकांक 1993-94= 100



उपभोक्ता मूल्य सूचकांक हिमाचल प्रदेश 1982=100



2001 में क्रमशः 2.9 प्रतिशत की तुलना में 2.0 प्रतिशत रहा।

सारणी 4.3

हिमाचल प्रदेश में औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधार 1982=100)
(वितीय वर्ष माहवार औसत अनुसार)

माह	1991 -92	1992- 93	1993 -94	1994- 95	1995 -96	1996 -97	1997 -98	1998 -99	1999- 2000	2000- 2001	2001- 2002	पिछले वर्ष से परिवर्तन (%)
अप्रैल	200	223	237	261	287	306	340	363	404	428	446	4 2
मई	197	222	239	262	287	306	331	370	400	426	446	4 7
जून	199	221	240	265	288	308	331	385	399	428	446	4.2
जुलाई	205	226	247	269	293	317	339	393	406	436	447	2 5
अगस्त	210	231	249	272	296	321	341	395	410	437	452	3 4
सितम्बर	216	234	253	277	301	327	346	401	413	433	451	4 2
अक्तूबर	217	233	255	282	301	328	350	413	416	442	451	2.0
नवम्बर	216	232	255	283	304	331	349	415	420	443	454	2 4
दिसम्बर	213	230	254	280	299	332	351	403	413	440	..	..
जनवरी	217	231	253	279	294	333	365	400	415	440	..	..
फरवरी	221	232	257	279	296	333	367	402	415	441	..	..
मार्च	222	235	258	284	299	336	364	402	418	443	..	..
औसत	211	229	250	274	295	323	348	395	411	436	..	..

सार्वजनिक वितरण प्रणाली

4.5 लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने की सरकार की नीति का एक विशेष घटक उचित मूल्य की 3,955 दुकानों द्वारा जरूरी वस्तुंए जैसे गेहूँ, चावल, चीनी, खाद्य तेल तथा मिट्टी के तेल का सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत पूर्ति को सुनिश्चित करना है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सुचारू रूप से चालू करने के लिए पूर्व सार्वजनिक वितरण प्रणाली नीति 1997 की जगह संशोधित नीति मार्च,2001 अपनाई गई है। जिसमें वितरण प्रणाली को विभिन्न श्रेणियों में बांटा गया है जैसे गरीबी रेखा से ऊपर, गरीबी रेखा से नीचे, अन्त्योदय तथा अन्नपूर्णा इत्यादि। उपरोक्त श्रेणियों के लिए मात्रा एवं मूल्य भिन्न-2 रूप से श्रेणीबद्व किए गए हैं।

4.6 वर्ष 2001 में जनवरी से नवम्बर तक निम्नलिखित खाद्य पदार्थो की मात्रा उचित मूल्य की दुकानों द्वारा वितरित की गईः-

(मी.टन/कि.लीटर)

मद	उपभोक्ताओं का वर्गीकरण			
	ए.पी.एल.	बी.पी.एल.	अन्त्योदय	अन्नपूर्णा
1. गेहूं	12175	15857	6230	394
2. चावल	2868	22394	8831	368
3. आटा	2488	..	..	..
4. चीनी	51024	..	..	..
5. खाद्य तेल	46	..	..	..
6. मिट्टी का तेल	44893	..	..	..

4.7 लेवी चीनी उपभोक्ताओं को 700 ग्राम प्रतिव्यक्ति 13.25 रूपए प्रति किलोग्राम प्रतिमाह वितरित की गई। वर्ष 2001 में जनवरी से नवम्बर तक 51,024 मिट्रिक टन लेवी चीनी उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाई गई। सरकारी तेल कम्पनियां जनसाधारण को खाना बनाने के लिए विभिन्न कम्पनियों द्वारा गैस उपलब्ध करवा रही है। जहां पर यह कम्पनियां लाभप्रद नहीं है वहां यह गैस हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाती है। इस राज्य में 90 गैस एजैन्सियां कार्यरत है। उपरोक्त के अतिरिक्त जनजातीय क्षेत्रों में 22,611 क्विंटल गेहूँ, 10,691 क्विंटल आटा, 23,331 क्विंटल चावल, 12,168 क्विंटल चीनी, 947 क्विंटल खाद्य तेल तथा 1324 किलो लीटर मिट्टी का तेल आंवटित किया।

5. कृषि व सम्बन्धित क्षेत्र

कृषि

5.1 कृषि हिमाचल प्रदेश के लोगों का प्रमुख व्यवसाय है और प्रदेश की अर्थव्यवस्था मे इसका महत्वपूर्ण स्थान है प्रदेश में लगभग 71 प्रतिशत श्रमिकों को कृषि से ही रोजगार उपलब्ध होता है । राज्य के कुल राज्य घरेलू उत्पाद का लगभग 22.5 प्रतिशत कृषि तथा इससे सम्बन्धित क्षेत्रों से प्राप्त होता है। प्रदेश के कुल 55.67 लाख हैक्टेयर भौगोलिक क्षेत्र में से 9.99 लाख हैक्टेयर क्षेत्र 8.63 लाख किसानों द्वारा जोता जाता है । प्रदेश में औसतन जोत 1.2 हैक्टेयर है। कृषि जनगणना 1995-96 के अनुसार भू-जोतों का वितरण जैसा कि नीचे दी गई सारणी 5.1 से स्पष्ट है कि कुल जोतों में से 84.5 प्रतिशत जोतें लघु व सीमान्त किसानों की हैं। लगभग 14.9 प्रतिशत मझोले व 0.6 प्रतिशत जोतें बडे किसानों की हैं।

सारणी 5.1

भू जोतों का वर्गीकरण

जोतों का आकार हैक्टेयर	वर्ग (किसान)	जोतों की संख्या (लाख)	क्षेत्र (लाख हैक्टेयर)	जोत का औसत आकार
1.0 से कम	सीमान्त	5.56 (64.4%)	2.30 (23.0%)	0.4
1.0-2.0	लघु	1.73 (20.1%)	2.41 (24.1%)	1.4
2.0-4.0	अर्ध मध्यम	0.95 (11.0%)	2.55 (25.6%)	2.7
4.0-10.0	मध्यम	0.34 (3.9%)	1.95 (19.5%)	5.7
10.0 व अधिक	बड़े	0.05 (0.6%)	0.78 (7.8%)	15.6
	जोड़	8.63	9.99	1.2

5.2 कुल जोते गए क्षेत्र में से 80 प्रतिशत क्षेत्र वर्षा पर आधारित है। चावल, गेहूं तथा मक्की राज्य की मुख्य खाद्य फसलें हैं। मूंगफली, सोयाबीन तथा सूरजमुखी खरीफ मौसम की तथा तिल सरसों तथा तोरिया रबी मौसम की प्रमुख तिलहन फसले हैं। उद्धद बीन, मूंग, राजमाश राज्य में खरीफ की तथा चना रबी की प्रमुख दालें है। कृषि जलवायु के अनुसार राज्य को चार क्षेत्रों में बांटा जा सकता है जैसे (i) उपोष्णीय, उप पर्वतीय निचले पहाड़ी क्षेत्र (ii) उप समशीतोष्ण नमी वाले मध्य उप पर्वतीय क्षेत्र (iii) नमी वाले ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र (iv) शुष्क तापमान वाले ऊंचे पर्वतीय क्षेत्र व शीत मरूस्थल। प्रदेश की कृषि जलवायु आलू, अदरक तथा बेमौसमी सब्जियों के उत्पादन के लिए बहुत ही उपयुक्त है। खाद्यान्न उत्पादन के अतिरिक्त राज्य सरकार समयानुसार तथा प्रचुर मात्रा में कृषि संसाधनों की उपलब्धता, उन्नत कृषि तकनीकी जानकारी, पुराने किस्म के बीजों को बदल कर , एकीकृत, किटाणु प्रबन्ध को उन्नत कर तथा जल संरक्षण उपायों द्वारा बेमौसमी

सब्जियों आलू, अदरक, दालों व तिलहन के उत्पादन को प्रोत्साहित कर रही है। वर्षा के अनुसार चार विभिन्न मौसम है। लगभग आधी वर्षा बरसात में ही होती है तथा शेष बाकी मौसमों में होती है। राज्य में औसतन 152 सैंटीमीटर वर्षा होती है सबसे अधिक वर्षा कांगड़ा में तथा उससे बाद शिमला जिले में होती है।

मौनसून 2001

5.3 कृषि कार्यकलाप का मौनसून से गहन सम्बन्ध है। हिमाचल प्रदेश में वर्ष 2001 में मौनसून के मौसम (जून-सितम्बर) में हमीरपुर, कुल्लू, मण्डी, तथा कांगड़ा में सामान्य वर्षा हुई तथा ऊना में सामान्य से अधिक रही। चम्बा, बिलासपुर, सिरमौर, शिमला किन्नौर तथा लाहौल-स्पिति जिले में कम वर्षा हुई। इस वर्ष हिमाचल प्रदेश में कुल वार्षिक वर्षा की 86 प्रतिशत बारिश मौनसून मौसम में हुई। सारणी 5.2 में विभिन्न जिलों में मौनसून का कार्य सम्पादन दर्शाया है।

सारणी 5.2

मौनसून वर्षा

(जून - सितम्बर)

जिला	वास्तविक	सामान्य	अधिकतम/न्यूनतम	
	मि.मी.	मि.मी.	कुल मि.मी.	प्रतिशतता
बिलासपुर	821	1026	-205	-20
चम्बा	543	949	-406	-43
हमीरपुर	1039	1075	-36	-3
कांगड़ा	1514	1684	-170	-10
किन्नौर	122	237	-115	-49
कुल्लू	503	483	20	4
लाहौल-स्पिति	102	170	-68	-40
मण्डी	1157	1201	-42	-4
शिमला	515	715	-200	-28
सिरमौर	1113	1536	-423	-27
सोलन	632	1098	-466	-42
ऊना	1156	861	295	34

टिप्पणीः

सामान्य - 19प्रतिशत से + 19 प्रतिशत

अधिक 20 प्रतिशत से अधिक

कम - 20 प्रतिशत से - 59 प्रतिशत

अतिकम - 60 प्रतिशत से - 99 प्रतिशत

फसल सम्पादन 2000-2001

5.4 हिमाचल प्रदेश की अर्थ-व्यवस्था मुख्यतः कृषि पर निर्भर करती है तथा अभी तक भी राज्य की अर्थव्यवस्था में इसका महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि वर्ष 2000-2001 में कृषि तथा उससे सम्बन्धित क्षेत्रों का कुल राज्य घरेलू उत्पाद में लगभग 22.5 प्रतिशत योगदान है। खाद्यान्न उत्पादन में तनिक भी उतार-चढ़ाव अर्थव्यवस्था को काफी प्रभावित करता है। नवीं पंचवर्षीय योजना, 1997-2002 के दौरान बे-मौसमी सब्जियों, आलु, दालों तिलहनी फसलें व खाद्यान फसलों के उत्पादन पर पर्याप्त आदान आपूर्ति, सिंचाई के अन्तर्गत क्षेत्र लाकर जल संरक्षण विकास तथा सुधरी हुई कृषि प्रौद्योगिकी के प्रभाकारी प्रदर्शन व प्रसाण द्वारा विशेष महत्व दिया गया है। उपरोक्त प्रयत्नों के बावजूद वर्ष 2000-2001 कृषि क्षेत्र में कम उत्पादन वाला वर्ष रहा जैसे कि वर्ष 1999-2000, खाद्यान्न के 14.46 लाख मि. ट. उत्पादन के सम्भावित लक्ष्य के प्रति 12.08 लाख मि. टन उत्पादन रहा था लगभग 16.5 प्रतिशत की कमी देखी गई। 1999-2000 के 1.82 मि.ट. आलू उत्पादन के विरुद्ध वर्ष 2000-2001 में संभावित उत्पादन केवल 1.60 लाख मि.ट. था। सब्जियों का सम्भावित उत्पादन वर्ष 1999-2000 के 5.20 लाख मि.ट. की तुलना में इस वर्ष 5.80 लाख मि. ट. था।

2001-2002 का लक्ष्य

5.5 वर्ष 2001-2002 में कुल खाद्यान्न उत्पादन 14.37 लाख मिट्रिक टन होने की संभावना है। फसलवार उत्पादन लक्ष्य सारणी 5.3 में दर्शाये गये है। खरीफ उत्पादन मुख्यतः दक्षिण-पश्चिम मौनसून पर निर्भर करती है क्योंकि राज्य के कुल जोते गए क्षेत्र में से 80 प्रतिशत क्षेत्र वर्षा पर निर्भर है। पूर्व मौनसून, बौछारें निर्धारित समय पर हुई जिससे बिजाई का कार्य समय पर पूर्ण किया गया। धान की बिजाई/प्रतिरोपण समय पर की गई। लगभग 82 हजार हैक्टेयर क्षेत्र धान के अन्तर्गत लाया गया जिसमें 1.50 लाख मिट्रिक टन उत्पादन होने की सम्भावना है। मक्की, अन्य छोटे अनाज तथा रागी इत्यादि की बिजाई का कार्य समय पर किया गया तथा इन फसलों के अधीन क्षेत्र सामान्य ही रहा। विभाग ने अधिक उपज देने वाली किस्मों को उन्नत करने के लिए लगभग 7500 क्विंटल मक्की के उन्नत किस्म के बीज वितरित किए। रागी तथा अन्य छोटे अनाज का सामान्य उत्पादन होने की आशा है। वर्तमान में प्रदेश सुखे की चपेट में होने के कारण रबी की बिजाई में विशेषकर निचले क्षेत्रों में बाधा आ रही है। अक्तूबर तथा नवम्बर 2001 में हिमाचल प्रदेश में इस वर्ष भी पिछले वर्ष की भान्ति शून्य वर्षा हुई। गेहूँ की बिजाई नमी के कारण बुरी तरह प्रभावित हुई। सब्जियां यद्यपि सिंचित क्षेत्र में उगाई जाती हैं प्रभावित नहीं होगी किन्तु रबी फसलें सूखे के कारण बुरी तरह प्रभावित है क्योंकि बिजाई का समय साधारणतया अक्तूबर से शुरू होता हैं। हिमाचल प्रदेश में पिछले तीन वर्षो के खाद्यान्न उत्पादन तथा प्रचलित वर्ष की सम्भावित उत्पादन के आंकड़े सारणी 5.3 में दर्शाये गए है:-

सारणी 5.3

खाद्यान्न उत्पादन

('000 टनों में)

फसल	1997-98	1998-99	1999-2000	2000-2001 (अनन्तिम)	2001-2002 (संभावित)
1.	2.	3.	4.	5.	6.
चावल	120.44	117.00	120.37	124.89	130.00
मक्की	620.68	662.28	681.42	683.64	700.00
रागी	4.25	4.16	4.44	4.16	4.50
अनाज	7.38	7.23	7.41	8.00	8.00
गेहूं	641.31	481.27	583.30	350.00	550.00
जौं	41.36	27.76	32.50	25.00	25.00
चना	2.50	1.29	1.53	0.04	2.50
दालें	10.21	12.03	15.17	12.04	17.00
कुल खाद्यान्न	1448.11	1313.02	1446.14	1207.77	1437.00

खाद्यान्न उत्पादन का विकास

5.6 विस्तार द्वारा उत्पादन बढ़ाने की भी सीमांए हैं। जहां तक कृषि योग्य भूमि का प्रश्न है सारे देश की तरह हिमाचल भी अब ऐसी स्थिति में पँहुच गया है जहां भूमि को इस उद्धेश्य हेतू बढ़ाया नहीं जा सकता। अतः उत्पादकता स्तर को बढ़ाने के प्रयास आवश्यक है। नकदी फसलों की तरफ बदले हुए रूझान की वजह से खाद्यान्न फसलों के अन्तर्गत क्षेत्र धीरे-2 कम हो रहा है। जैसे कि यह 1997-98 में 853.58 लाख हैक्टेयर था जो घटते हुए वर्ष 1998-99 में 836.97 हैक्टेयर तथा वर्ष 1999-2000 में 822-42 हैक्टेयर रह गया। प्रदेश में बढ़ता हुआ उत्पादन उत्पादकता दर में वृद्धि को दर्शाता है जोकि सारणी 5.4 से पता चलता है:-

खाद्यान्न उत्पादन

'000 टन में



सारणी 5.4

खाद्यान्नों के अन्तर्गत क्षेत्र तथा उत्पादन

वर्ष	क्षेत्र ('000 हैक्टेयर)	उत्पादन ('000 मिट्रिक टन)	प्रति हैक्टेयर उत्पादन (मिट्रिक टन्)
1990-91	874.2	1433.3	1.64
1993-94	855.6	1237.2	1.45
1994-95	855.5	1406.4	1.64
1995-96	848.9	1363.3	1.61
1996-97	838.6	1318.3	1.57
1997-98	853.6	1448.1	1.70
1998-99	837.0	1313.0	1.57
1999-2000	822.4	1446.1	1.76

अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्में (एच.वाई.वी.पी.)

5.7 खाद्यान्न उत्पादन बढ़ाने हेतु किसानों को अधिक उपज देने वाले बीजों के वितरण पर जोर दिया गया। अधिक उपज देने वाली मुख्य फसलों जैसे मक्की, धान व गेहूँ के अन्तर्गत पिछले तीन वर्षों में लाया गया क्षेत्र तथा 2001-2002 के लिए प्रस्तावित क्षेत्र निम्न सारणी 5.5 मे दिया गया है।

सारणी 5.5

अधिक उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत क्षेत्र

(,000 हैक्टेयर)

वर्षा	मक्की	धान	गेहूँ
1996-97	162.41	78.43	360.47
1997-98	166.99	73.95	345.85
1998-99	191.69	80.55	378.26
1999-2000	193.74	74.31	366.52
2000-2001(संभावित)	219.00	73.83	323.00
2001-2002(लक्ष्य)	220.00	78.00	325.00

प्रदेश में 417.90 हैक्टेयर क्षेत्र में फैले बीज बढ़ाने के 25 फार्म केन्द्र स्थापित किए गए है जिनसे किसानों के खेतों में बीज उपलब्ध करवाया जाता है। इसके अतिरिक्त 16 आलू विकास केन्द्र 5 सब्जी विकास केन्द्र तथा 2 अदरक विकास केन्द्र प्रदेश में इन फसलों की बीज बढौतरी के लिए स्थापित किए गए हैं। बीज आलू के उत्पादन को पूरा करने के लिए ओमला. ड्वार में एक आलू विकास फार्म विकसित किया जा रहा है।

पौध संरक्षण कार्यक्रम

5.8 फसलों की पैदावार बढ़ाने के उद्धेश्य से पौध संरक्षण उपायों को सर्वोच्च प्राथमिकता देना जरूरी है। प्रत्येक मौसम में फसलों की बिमारियों, इनसैक्ट तथा पैस्ट इत्यादि से लड़ने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति, आई.आर.डी.पी. परिवारो, पिछड़े क्षेत्रों के किसानों तथा सीमान्त व लद्यु किसानों को पौध संरक्षण रसायन उपकरण 50 प्रतिशत कीमत पर दिये जाते हैं। अक्तूबर 1998 से सरकार बड़े किसानों को इस सामान के लिए 30 प्रतिशत उपदान दे रही है। वर्ष 2000-2001 में लगभग 408 हजार हैक्टेयर क्षेत्र पौध संरक्षण उपाय के अन्तर्गत लाया गया तथा वर्ष 2001-2002 के लिए 420 हजार हैक्टेयर का लक्ष्य रखा गया है।

मिट्टी की जांच कार्यक्रम

5.9 प्रत्येक मौसम में मिट्टी की उर्वरकता को बनाए रखने के लिए किसानों से मिट्टी के नमूने इकट्ठे किए जाते है तथा मिट्टी जांच प्रयोगशाला में विश्लेषण किया जाता है। प्रति वर्ष लगभग 65-70 हजार मिट्टी के नमूनों का विश्लेषण किया जाता है। वर्ष 2001-2002 में 60,000 मिट्टी के नमूनों का विश्लेषण होने की सम्भावना है तथा वर्ष 2002-2003 में 68,000 नमूनों के विश्लेषण का लक्ष्य है।

बायो गैस विकास कार्यक्रम

5.10 पारम्परिक ईद्यन, जैसे जलावन लकड़ी की उपलब्धता के कम होने से बायोगैस संयन्त्रो ने राज्य के निचले तथा मध्यम पहाड़ी क्षत्रों में महत्ता प्राप्त की है। इस कार्यक्रम के शुरू होने से दिसम्बर 2001 तक राज्य में 41,228 बायोगैस संयन्त्र लगाए जा चुके है। हिमालय क्षेत्र के कुल बायोगैस के उत्पादन में से लगभग 90.86 प्रतिशत अकेले हिमाचल प्रदेश में ही होता है। वर्ष 2000-2001 में राज्य में 692 बायोगैस संयन्त्र लगाए गए हैं तथा वर्ष 2001-2002 में 550 बायोगैस संयंत्र लगाने का लक्ष्य है।

उर्वरक उपभोग तथा उपदान

5.11 उर्वरक ही एक ऐसा इनपुट है जो काफी हद तक उत्पादन को बढ़ाने में योगदान देता है। 50वें दशक के अन्त में तथा 60वें दशक के शुरू में हिमाचल प्रदेश में उर्वरक के प्रदर्शन शुरू हुए तब से उर्वरक का उपभोग लगातार बढ़ता गया। वर्ष 1985-86 के 23,664 टन उर्वरक के स्तर से बढ़ कर वर्ष 2000-2001 में 35,552 टन हो गया तथा नवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक 40,165 टन होने की सम्भावना है। राज्य सरकार राज्य में उर्वरक की एक जैसी कीमत रखने के लिए सभी प्रकार के उर्वरकों की ढुलाई के लिए 100 प्रतिशत उपदान देती है। राज्य सरकार

कैन, यूरिया तथा अमोनियम सल्फेट पर 405 रूपए प्रति मिट्रिक टन तथा मिश्रित उर्वरक एन.पी.के. 12 :32:16 के अनुपात पर 740 रूपए प्रति मिट्रिक टन उपदान देती है। चाय के उत्पादकों को उर्वरक की कीमत पर 8 हैक्टेयर तक के राज्य बागानों/बगीचों पर 50 प्रतिशत उपदान दिया जाता है। वर्ष 2001-2002 में न्यूट्रीऐंटस के रूप में लगभग 40,165 मिट्रिक टन वितरित किए जाने की सम्भावना है। उर्वरक उपभोग निम्नलिखित सारणी 5.6 में दर्शाया गया है:-

सारणी 5.6

उर्वरक उपभोग

वर्ष	यूनिट	नाईट्रोजिनियस	फोसफेट	पोटास	कुल
1993-94	मिट्रिक टन	25149	2486	1697	29332
1994-95	मिट्रिक टन	24849	2403	1995	29227
1995-96	मिट्रिक टन	24860	2567	2251	29678
1996-97	मिट्रिक टन	27319	3922	3207	34448
1997-98	मिट्रिक टन	27002	4382	3468	34852
1998-99	मिट्रिक टन	29140	5219	4198	38557
1999-2000	मिट्रिक टन	27593	5762	3988	37343
2000-2001*	मिट्रिक टन	24418	6540	4594	35552
2001-2002**	मिट्रिक टन	27615	7320	5230	40165

*संभावित **लक्ष्य

कृषि ऋण

5.12 विभिन्न सामाजिक आर्थिक स्थिति के कारण ग्रामीण परिवारों के लिए पारम्परिक वित्त के गैर संस्थागत स्त्रोत ही मुख्य स्त्रोत है। इनमें से कुछ एक बहुत अधिक ब्याज पर धन उपलब्ध करवाते हैं और गरीब लोगों के पास बहुत कम सम्पत्ति होती है जिसके कारण उनके लिए समानान्तर जमानत जुटा पाने के अभाव में ऋण लेना बहुत मुश्किल है। फिर भी सरकार ने ग्रामीण परिवारों को कम दर पर संस्थागत ब्याज उपलब्ध कराने के प्रयास किए हैं। किसानों की इस प्रवृति के मध्य नजर, जोकि अधिकतर सीमान्त तथा छोटे किसान है, उनको इनपुट की खरीद के लिए ऋण को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। संस्थागत ऋण बेशक दिए जा रहे है परन्तु इसके कार्यक्षेत्र को विशेषकर फसलों में जोकि बीमा योजना के अन्तर्गत आते है, बढ़ाने की जरूरत है। सीमान्त तथा लघु किसानों अन्य पिछड़े वर्ग को संस्थागत ऋण सही तरीके से देने के लिए नवीनतम तकनीकी तथा सुधरे कृषि तरीकों को अपनाना सरकार का मुख्य उद्धेश्य है।

किसान क्रैडिट कार्ड (के.सी.सी.)

5.13 यह योजना पिछले 4 वर्षों में बहुत ही सफल रही है। 890 से भी अधिक बैंक शाखाएं

इस योजना को कार्यान्वित कर रही हैं। सितम्बर 2001 तक 50,000 लक्ष्य के प्रति 41,499 किसान क्रैडिट कार्ड बैंकों द्वारा जारी किए गए।

फसल बीमा योजना

5.14 सभी फ़सलों तथा सभी किसानों को बीमा योजना के अन्तर्गत लाने के लिए सरकार ने राज्य में वर्ष 1999-2000 के रबी मौसम से 'राष्ट्रीय कृषि बीमा योजना' शुरू की। इस योजना में सभी ऋणी तथा गैर ऋणी किसान सम्मिलित किए जाएंगें तथा सरकार 50 प्रतिशत प्रीमियम देगी। शुरू में मक्की, चावल, जौ तथा आलू की फसलों को इस योजना के अन्तर्गत लाया गया है परन्तु अन्य वार्षिक उद्यान फसलों को अगले तीन वर्षों में इस योजना के अन्तर्गत लाया जाएगा। खी, 2000-2001 गेंहूं की फसल के लिए 864 किसानों का बीमा कराया गया तथा 42.50 लाख के दावों का भुगतान किया गया।

बीज प्रमाणीकरण

5.15 कृषि मौसम स्थिति राज्य में बीज उत्पादन के लिए काफी उपयुक्त है। बीज की गुणवता को बनाए रखने के लिए तथ उत्पादकों को बीज की कीमतें देने के लिए प्रमाणीकरण योजना को अधिक महत्व दिया गया। राज्य के विभिन्न भागों में बीज उत्पादन तथा उनके उत्पादन के प्रमाणीकरण के लिए हिमाचल प्रदेश राज्य बीज प्रमाणीकरण एजैंन्सी उत्पादकों की रजिस्टर कर रही हैं।

कृषि विपणन

5.16 कृषि विपणन तथा कृषि उत्पादन को राज्य में व्यवस्थित करने के लिए हिमाचल प्रदेश कृषि उत्पादन विपणन एक्ट 1969 लागू किया गया। इस एक्ट के अंतर्गत राज्य स्तर पर हिमाचल प्रदेश विपणन बोर्ड की स्थापना की गई। सारा हिमाचल प्रदेश 10 अधिसूचित विपणन क्षेत्रों में बांटा गया है। इसका मुख्य उद्धेश्य कृषक समुदाय के अधिकार को सुरक्षित रखना है। 41व्यवस्थित मण्डियां स्थापित की गई है जो किसानों को लाभदायक सेवाएं उपलब्ध करवा रही हैं

कृषि कार्यक्रम में महिलाएं

5.17 महिलाओं के इस पारम्परिक क्षेत्र में महिलाओं के उत्थान व सशक्त बनाने के कार्यक्रम को परिचालित करने के लिए "कृषि में महिलाएं" नामक पायलट योजना विकास खण्ड मशोबरा, ठियोग व रामपुर में शुरू की गई है। इस योजना के तहत महिलाओं को ग्रुपों में संगठित किया जा रहा है ताकि कृषि प्रौद्योगिकी को उनके सहयोग व माध्यम द्वारा सुचारू किया जा सके।

चाय खेती

5.18 चाय खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने इस फसल के लिए नीति अधिसूचित की है तथा चाय खेती के लिए गैर-पारम्परिक क्षेत्रों, चम्बा, कांगड़ा तथा मण्डी में 2000 हैक्टेयर क्षेत्र की पहचान कर ली गई है।

उद्यान

5.19 हिमाचल प्रदेश का कृषि जलवायु उप-उष्ण कटिबन्ध से लेकर समशीतोष्ण व शीत मरूस्थल तक के जलवायु की विभिन्नताओं को अपने में समेटे हुए हैं। प्रदेश का भौगोलिक क्षेत्र तथा उनकी स्थिति में भिन्नता उपजाऊ गहन तथा उचित जल निकास व्यवस्था वाली भूमि समशीतोष्ण तथा उष्ण कटीबन्धीय फलों की खेती के लिए बहुत उपयुक्त है। यह क्षेत्र अन्य गौण उद्यान उत्पादन जैसे फूल, मशरूम, शहद तथा हौप्स की खेती के लिए भी उपयुक्त है।

5.20 प्रदेश की इस अनुकूल स्थिति के परिणाम स्वरूप पिछले कुछ दशकों में भूमि उपयोग अब कृषि से फलोत्पादन की ओर स्थानान्तरित होता जा रहा है। वर्ष 1950-51 में फलों के अधीन कुल क्षेत्र 792 हैक्टेयर था जिसमें कुल उत्पादन 1200 टन हुआ। यह बढ़ कर वर्ष 2000-2001 में 212951 हैक्टेयर क्षेत्र हो गया तथा दिसम्बर 2001 तक कुल फल उत्पादन 2.16 लाख टन हुआ। वर्ष 2001-2002 में 6000 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को फल पौधों के अन्तर्गत लाने के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर 2001 तक 3,460 हैक्टेयर क्षेत्र को पौधरोपण के अन्तर्गत लाया गया तथा विभिन्न फलों के 8.65 लाख पौधे वितरित किए गए।

5.21 हिमाचल प्रदेश में फलोत्पादन में सेब का प्रमुख स्थान है जिसके अन्तर्गत फलों के अधीन कुल क्षेत्र का लगभग 40 प्रतिशत है तथा उत्पादन कुल फल उत्पादन का लगभग 78 प्रतिशत है। वर्ष 1950-51 में सेबों के अन्तर्गत 400 हैक्टेयर क्षेत्र था जोकि 1960-61 में बढ़कर 3,025 हैक्टेयर तथा वर्ष 2000-2001 में 88,673 हैक्टेयर हो गया।

5.22 सेब के अतिरिक्त समशीतोषण फलों के अन्तर्गत वर्ष 1960-61 का 900 हैक्टेयर क्षेत्र वर्ष 2000-2001 में बढ़ कर 32,400 हैक्टेयर हो गया, सूखे फल तथा मेवों का क्षेत्र 1960-61 के 231 हैक्टेयर से बढ़कर 2000-2001 में 16,396 हैक्टेयर हो गया तथा निम्बू प्रजाति एंव उपोषण देशीय फलों का क्षेत्र वर्ष 1960-61 के 1,225 हैक्टेयर तथा 623 हैक्टेयर से बढ़कर 2000-2001 में क्रमशः 39,138 हैक्टेयर तथा 36,344 हैक्टेयर हो गया। अन्य फलों के उत्पादन में पिछले वर्षो में कोई अधिक परिवर्तन नहीं आया।

5.23 प्रतिकूल मौसम व बाजार में आने वाले उतार चढ़ाव के कारण सेब उत्पादन में आ रही अस्थिरता विकास के रूख में बाधक हो रही है। विश्व व्यापार संगठन व जी.ए.टी.टी. तथा अर्थ-व्यवस्था के उदारीकरण के परिणाम-स्वरूप भी हिमाचल प्रदेश में सेब उद्योग की प्रभुता पर प्रश्न चिन्ह लगता जा रहा है। गत कुछ वर्षों में सेब उत्पादन में आ रहे उतार चढ़ाव ने उद्यान विभाग व सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। प्रदेश के विशाल फलोत्पादन क्षमता के पूर्ण दोहन के लिए अब

विभिन्न कृषि क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के फलों के उत्पादन को बढ़ावा देने की आवश्यकता है।

5.24 हाल ही में आम एक मुख्य फल के रूप में उभरा है। कुछ क्षेत्रों में लीची भी महत्व प्राप्त कर रही है। आम तथा लीची की बेहतर कीमतें मिल रहीं हैं। मध्यम ऊँचाई वाले क्षेत्रों में नए फलों जैसे किवी, जैतून, पीकैन तथा स्ट्राबैरी की फसल खेती के लिए कृषि मौसम बिलकुल उपयुक्त है। पिछले तीन सालों तथा प्रचलित वर्ष के फल उत्पादन के आंकड़े सारणी 5.8 में दर्शाए गए है:-

सारणी 5.8

फल उत्पादन

(हजार टन)

मद	1998-99	1999-2000	2000-2001	2001-2002 (दिसम्बर तक)
सेब	393.65	49.13	376.73	169.20
अन्य समशीतोष्ण फल	17.97	17.90	20.45	22.50
सूखे मेवे	3.07	1.89	2.75	2.60
नीबू प्रजाति	3.11	9.26	11.06	8.00
अन्य उपोष्णीय फल	19.87	11.23	17.04	14.00
कुल	447.67	89.41	428.03	216.30

5.25 वर्ष 2001-2002 में लगभग 1.88 लाख टन फलों का निर्यात राज्य से हुआ। फल उत्पादकों को अपने उत्पादन फलों को पैक करने की सामग्री उपलब्ध करवाने के लिए व्यापक पग उठाए गए। सार्वजनिक क्षेत्र में प्रगतिनगर में स्थापित कार्टन फैक्टरी में प्रचलित वर्ष के दौरान लगभग 37.05 लाख टैलीस्कोपी कार्टन का निर्माण बागवानों को बांटने के लिए किया गया। इसके अतिरिक्त 14.90 लाख टेलीस्कोपी कार्टन, 2.27 लाख 10 किलोग्राम के कार्टन तथा 1.00 लाख 5 किलोग्राम के कार्टन निजि कार्टन उत्पादकों से कन्साईनमैंट आधार पर विनिर्मित कर फल उत्पादकों में बांटे गए। इक्यूलिपटस तथा पापुलर वृक्षों के लगभग 10 लाख बक्से भी राज्य में बाहर से लाए गए।

5.26 एच. पी. एम. सी. एक वाणिज्यिक उपक्रम जिसकी स्थापना ताजे फलों व सब्जियों के विपणन जो बाजार तक नहीं पंहुचे उनके विद्यायन तथा तैयार किए गए उत्पादों के विपणन के उद्देश्य से की गई थी। एच. पी. एम. सी. आरम्भ से ही बागवानों को उनके उत्पादन की लाभप्रद प्राप्तियां उपलब्ध करवाने में मुख्य भूमिका निभा रही है। वर्तमान वर्ष में नवम्बर 2001 तक एच. पी. एम. सी. ने 19.00 करोड़ रूपये की अस्थाई सेल/आय दर्ज की। नवम्बर 2001 तक पिछले वर्ष इसी समय 637.00 लाख रूपये की तुलना में तैयार किए गए उत्पादों की सेल 835.00 लाख रूपये थी। मण्डी मध्यस्था योजना के अन्तर्गत एच.पी.एम.सी. ने 7037 मि.ट. सेबों की खरीद की तथा 151.00 मि.ट.

फल उत्पादन

उत्पादन '000 टन में



क्षेत्रफल '000 हैक्टेयर



सेब

सभी फल

नीबूं प्रजाति के फलों की खरीद की। इसके अतिरिक्त् 216 मि.ट. सेब जम्मू तथा काश्मीर राज्य से खरीदे गए। निगम ने वर्ष के दौरान 634 मि.ट. कन्सैन्ट्रैट जूस तैयार किया। एच.पी.एम.सी. ने अच्छी श्रेणी के सेबों के 11657 बक्से सीधे उत्पादकों से खरीदे जो टर्मिनल मण्डियों, चण्डीगढ़, दिल्ली, मुम्बई, चैन्नई, बंगलौर, कोलकाता व हैदराबाद में बेचे जा रहे हैं। घरेलू मण्डी में आयातित सेबों का मुकाबला करने के लिए एच.पी.एम.सी. ने प्रथम बार प्रयोग के रूप में ऊंचें क्षेत्रों से अच्छी श्रेणी के सेबों को विधायन एवं शीत-भण्डारण के लिए खरीद की है।

5.27 बागवानी को बढ़ावा देने हेतु कुल 15 हैक्टेयर क्षेत्र को फूलों की खेती के अन्तर्गत लाया गया तथा दिसम्बर 2001 तक प्रदेश् में 48 फूल उत्पादक सहकारी समितियां पंजीकृत की गई। खुम्ब उत्पादन, मौन पालन उत्पादन को बढ़ावा दे कर उद्यान उद्योग में विविधता लाई जा रहीं है। वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक चम्बाघाट तथा पालमपुर स्थित 2 विभागीय मशरूम विकास परियोजनाओं में 300 मीट्रिक टन पास्चूराईजड खाद तैयार की गई तथा मशरूम उत्पादकों को बांटी गई जिससे 2,500 मीट्रिक टन मशरूम का उत्पादन हुआ। मौन पालन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रचलित वर्ष में दिसम्बर 2001 तक 329 मौन वंश मौन पालकों को वितरित किए गए तथा 600 मीट्रिक टन शहद उत्पादन के लक्ष्य की तुलना में 188 मीट्रिक टन शहद का उत्पादन हुआ।

पशु पालन तथा डेरी उद्योग

5.28 पशुधन विकास ग्रामीण अर्थव्यवस्था का एक अभिन्न अंग है। हिमाचल प्रदेश में पशुधन एंव फसलों तथा सांझी सम्पति साद्यनों (जैसे वन, पानी, चरने योग्य भूमि) में बहुत गहन सम्बन्ध है। पशु अधिकतर उस चारे व घास जो कि सांझी सम्पति साद्यनों तथा फसलों व फसल अवशेषों से प्राप्त होती है पर निर्भर करता है। उसी प्रकार पशु सांझी सम्पति साधनों के लिए चारा, घास तथा फसल अवशेष प्रदान करते है जोकि खेतों में खाद का काम करते है तथा सूखे के लिए अधिक आवश्यक शक्ति प्रदान करते हैं। हिमाचल प्रदेश में पशुधन अर्थव्यवस्था को कायम रखनें में विशेष सहायक है। वर्ष 2000-2001 में 7.60 लाख मीट्रिक टन दूध, 81.56 मिलियन अंडे, 1,582 मीट्रिक टन ऊन 3,434 मीट्रिक टन मीट का उत्पादन हुआ जिसके वर्ष 2001-2002 में क्रमशः 7.75 लाख मि. टन दूध, 60.56 मिलियन अंडे तथा 1650 टन ऊन के उत्पादन होने की आशा है। सारणी 5.9 दुध उत्पादन तथा प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता को दर्शाती है।

सारणी 5.9

दूध उत्पादन तथा प्रति व्यक्ति उपलब्धता

वर्ष	दूध उत्पादन `000 टन	प्रति व्यक्ति उपलब्धता (ग्राम/दिन)
1996-97	698.0	344
1997-98	714.0	331
1998-99	724.0	329
1999-2000	740.0	330
2000-2001	760.0	343
2001-2002	775.0	343

5.29 ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने में पशु पालन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है तथा राज्य में पशुधन विकास कार्यक्रम में (1) पशु स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण, (2) गोजातीय विकास, (3) भेड़ प्रजनन तथा ऊन विकास, (4) कुक्कुट विकास, (5) पशु आहार व चारा विकास तथा (6)पशु स्वास्थ्य सम्बन्धी संस्थानों पर ध्यान दिया जा रहा है।

5.30 पशु स्वास्थ्य एंव रोग नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य में 7 पोलीक्लीनिक, 302 पशु चिकित्सालय, 25 केन्द्रीय पशु औषद्यालय, तथा 1,435 पशु औषद्यालय/केन्द्र कार्य कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में 3,500 पशुओं के लिए एक पशु चिकित्सा संस्थान कार्यरत है।

5.31 राज्य में भेड़ व ऊन विकास हेतु सरकारी भेड़ प्रजनन फार्म ज्यूरी (शिमला) सरोल (चम्बा) नगवाई(मण्ड़ी) ताल(हमीरपुर) कड़छम(किन्नौर) द्वारा भेड़ पालकों को उन्नत किस्म की भेड़े प्रदान की जा रही हैं। वर्ष 2001-2002 में इन फार्मों में 1890 भेड़ें पाली गई तथा 225 नर मेंढें भेड़ पालकों को वितरित किए जाने की संभावना है। प्रदेश में शुद्व नसल के मेंढ़ों सोवियत मैरीनों तथा अमेरीकन रैम्बूलेट की प्रसिद्वता को देखते हुए राजकीय प्रक्षेत्रों पर शुद्व नसल से प्रजनन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त 10 भेड़ व ऊन प्रसार केन्द्र भी कार्यरत हैं।

5.32 हिमाचल प्रदेश में डेरी विकास पशुपालन का एक अभिन्न अंग है तथा छोटे व सीमान्त किसानों की आय वृद्धि में इसकी प्रमुख भूमिका है। पिछले वर्षो में बाजार प्रेरित अर्थव्यवस्था के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादन को, विशेषकर उन क्षेत्रों में जोकि शहरी उपभोक्ता केंद्रों के दायरे में आते है, विशेष महत्व प्राप्त हुआ है। इससे किसानों को पुरानी स्थानीय नसल की गऊओं को क्रासब्रीड गऊओं में बदलने के लिए प्रोत्साहन मिला है। वर्ष 1982 से 1992 के बीच में दूध देने वाले पशुओं की संख्या में बहुत कम (1 प्रतिशत से कम) बढौतरी हुई परन्तु इसी दौरान क्रासब्रीड गऊओं की संख्या में 17प्रतिशत की वृद्धि हुई। क्रासब्रीड गऊओं को बेहतर समझा जाता है क्योंकि यह गऊएं अधिक समय

तक व अधिक दूध देती है, इस कारण पशुपालन से सम्बन्धित ढांचे जैसे पशु संस्थान तथा दुग्ध फैडरेशन में भी वृद्धि हुई है।

दूध पर आधारित उद्योग

5.33 हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी दुग्ध उत्पादक फैडरेशन हिमाचल प्रदेश में डेरी सहकारिता के आनन्द पैटरन पर अपने 3 केन्द्रों चक्कर (मण्डी), टुटू (शिमला) तथा ढगवार (कांगड़ा) द्वारा डेरी विकास कार्यक्रम चला रहा है। यह 40,000 लीटर प्रतिदिन की कुल उत्पादन क्षमता से 3 दुग्ध प्लांट चला रहा है।

5.34 हिमाचल प्रदेश दुग्ध फैडरेशन राज्य में डेरी विकास कार्यक्रम द्वारा पिछड़े व दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले दुग्ध उत्पादकों को अधिक दूध के वितरण के लिए पारितोषिक प्रदान करता है। इन दुग्ध उत्पादकों में से अधिकतर छोटे व सीमान्त किसान हैं। हिमाचल प्रदेश सरकार ने 15.11.99 से दुग्ध क्रय मूल्य 2 रूपये प्रति लीटर बढ़ा दिया है।

5.35 संगठित क्षेत्र (दुग्ध फैडरेशन) में विभिन्न दुग्ध उत्पादों के अनुमानित उत्पादन जिसमें बाजार में दूध बेचना, पनीर, मक्खन, घी तथा एस.एफ.एम. बोतले शामिल हैं सारणी 5.10 में दर्शाया गया है।

सारणी 5.10

दूध पर आधारित उद्योग का उत्पादन

उत्पाद	यूनिट	1999-2000	2000-2001	2001-2002 (दिसम्बर तक)
1.	2.	3.	4.	5.
बेचा गया दुध	लाख लीटर	71.11	75.00	58.00
पनीर	मिट्रिक टन	4.30	24.46	23.61
मक्खन	मिट्रिक टन	5.4	4.02	3.96
घी	मिट्रिक टन	34.32	34.91	28.54
एस.एफ.एम.	लाख बोतलें	0.34	0.52	0.32

मत्स्य एवं जलचर पालन

5.36 हिमाचल प्रदेश विशाल एवं मत्स्य स्त्रोतों से परिपूर्ण राज्य है। जिसमें नदी नालों, जलाशयों, तालाबों और प्राकृतिक झीलों का जाल बिछा है। नदीय लक्यूस्ट्राईन, रिक्रीएशन और पौंड फिशरीज में वर्गीकृत राज्य के जल स्त्रोतों में मत्स्य विकास व रोजगार अर्जित करने की काफी संभावना है। प्रदेश में

लगभग 12,000 मछुआरा परिवार अपनी रोजी के लिए मछली व्यवसाय पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से निर्भर है।

वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक मछली उत्पादन में 20 प्रतिशत बढ़ौत्री दर्ज की गई। वर्ष के दौरान मत्स्य बीज उत्पादन पिछले वर्ष की इसी अवधि की 23 मिलियन मत्स्य बीज उत्पादन की तुलना में 25 मिलियन पंहुच गया। प्रचलित वर्ष में राज्य के जलाशयों से रिकार्ड उत्पादन की संभावना है। जनवरी 2002 के मध्य तक 1208 टन उत्पादन जिसका मूल्य 314.90 लाख रूपये है पहले ही कर लिया है तथा वर्ष के अन्त तक इसके 1600 टन तक पंहुचने की आशा है। जनवरी के मध्य तक गोविन्द सागर से पिछले रिकार्ड उत्पादन 837 टन को पार करते हुए 900 टन उत्पादन पहले ही कर लिया गया है तथा वर्ष के अन्त तक 1200 टन रिकार्ड स्तर तक उत्पादन होने की आशा है। वर्ष के दौरान विभागीय व निजी फार्मों से 17 टन ट्राउट का रिकार्ड उत्पादन लक्ष्य भी प्राप्त किया गया। जिसके आधार स्वरूप भारत सरकार द्वारा "ठण्डा जल मत्स्य पालन" नामक 100 प्रतिशत केन्द्रीय प्रायोजित आंरभिक परियोजना स्वीकृत की गई है। इस योजना के अधीन ट्राउट फार्मों का पुर्नउद्धार किया जा रहा है और ट्राउट मत्स्य पालकों को अनुदान सहायता प्रदान की जा रही है। भारत -नार्वे ट्राउट कृषि परियोजना के द्वितीय चरण के अधीन नोराड द्वारा "संस्थागत सहायोग परियोजना" स्वीकृत की गई है। जिसमें ट्राउट स्वास्थ्य एवं पोषण बारे नार्वेजियन वैज्ञानिकों एवं विभागीय अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से अध्ययन किया जाएगा। ट्राउट स्ट्रीम आवास सुधार के लिए प्रथम बार 100 प्रतिशत सहायता के अन्तगर्त 6.00 लाख रूपये का प्रोजेक्ट भारत सरकार द्वारा स्वीकृत किया गया है। रावी एवं सतलुज नदियों में मनोरंजन मत्स्यकी की विकसित करने एवं सुकेती खड्ड के तटों पर मत्स्य पालन करने हेतू विभाग द्वारा एक महत्वकांक्षी योजना तैयार की गई है जिनका पूरा व्यय एन.जे.पी.सी., बी.बी.एम.बी. तथा एन.एच.पी.सी. द्वारा वहन कियां जाएगा। मछुआरा कल्याणकारी योजनाओं के अन्तर्गत मछुआरों को 20.75 लाख रूपये की राशि आवंटित की गई।

सिंचाई

5.37 कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए सिंचाई का विशेष महत्व है। कृषि उत्पादन प्रक्रिया में पर्याप्त तथा समय पर सिंचाई की पूर्ति की जरूरत उन क्षेत्रों में है जहां वर्षा बहुत कम तथा अनियमित होती है। कृषि योग्य भूमि को बढ़ाया नहीं जा सकता इसलिए उत्पादन में तीव्र वृद्धि के लिए बहुविध फसलें तथा प्रति यूनिट क्षेत्र में अधिक फसल पैदावार उगाने के लिए सिंचाई पर निर्भर रहना पड्ता है। राज्य योजना में सिंचाई की संम्भावना तथा उसके अनुकूल उपयोग के सृजन पर विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

5.38 हिमाचल प्रदेश के कुल भौगोलिक क्षेत्र में से केवल 5.83 लाख हैक्टेयर शुद्ध बोया गया क्षेत्र है। यह अनुमान लगाया जाता है कि राज्य की सिंचाई की क्षमता लगभग 3.35 लाख हैक्टेयर है। इसमें से 0.50 लाख हैक्टेयर मुख्य तथा मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत लाया जा सकता है तथा शेष 2.85 लाख हैक्टेयर क्षेत्र विभिन्न एजैन्सियों की लघु सिंचाई योजनाओं के अन्तर्गत लाया जा सकता है।

5.39 राज्य में कांगड़ा जिले में शाहनहर परियोजना ही एकमात्र मुख्य सिंचाई परियोजना है। इस परियोजना के पूर्ण होने से 15,287 हैक्टेयर क्षेत्र में सम्भावित सिंचाई की जाएगी।

5.40 राज्य में पांचवी योजना में मध्यम सिंचाई परियोजनाओं का कार्य हाथ में लिया गया। तब से 4 मध्यम परियोजनांओं में अब तक राज्य में 11,236 हैक्टेयर क्षेत्र में सी.सी.ए. सृजित करने का कार्य पूर्ण किया गया। गिरी सिंचाई परियोजना (सी.सी.ए. 5263 हैक्टेयर), बल्ह घाटी परियाजना (सी.सी.ए. 2410 हैक्टेयर), भमौर साहिब चरण-I (सी.सी.ए. 923 हैक्टेयर) परियोजनाएं पूर्ण की गई। भमौर साहिब चरण -II (सी.सी.ए. 2640) परियोजना जून, 1998 में पूर्ण की गई।

5.41 निर्धारित सिंचाई संम्भावनाएं तथा सी.सी.ए. का सृजन निम्न सारणी में दिया गया है:-

सारणी 5.11

निर्धारित सिचाई संम्भावनाए तथा सीसीए सृजित

मद	यूनिट	क्षेत्र
कुल भौगोलिक क्षेत्र	लाख हैक्टेयर	55.67
शुद्ध बोया गया क्षेत्र	लाख हैक्टेयर	5.83
अन्तिम उपलब्ध सिंचाई सम्भावनाएं		
(क) मुख्य तथा मध्यम सिंचाई	लाख हैक्टेयर	0.50
(ख) लद्यु सिंचाई	लाख हैक्टेयर	2.85
सृजित सीसीए		
31.3.99 तक	लाख हैक्टेयर	1.91
31.3.2000 तक	लाख हैक्टेयर	1.93
31.3.2001 तक (अनु)	लाख हैक्टेयर	1.95

नोटः ऐसी सिंचाई परियोजनाएं जिनके सी.सी.ए. 10,000 हैक्टेयर से अधिक हो मुख्य सिंचाई परियोजनाओं के अन्तर्गत तथा 2,000 हैक्टेयर से अधिक सी.सी.ए. तथा 10,000 हैक्टेयर तक की मध्यम सिंचाई परियोजनाएं है। लद्यु सिंचाई परियोजनाएं 2,000 हैक्टेयर से कम सी.सी.ए. वाली है।

वर्ष 2001-2002 की योजनावार उपलब्धियां तथा वर्ष 2002-2003 के लिए निर्धारित लक्ष्य निम्नलिखित है:-

मुख्य तथा मध्यम सिंचाई परियोजनाएं

5.42 वर्ष 2001-2002 में 1180 लाख रुपए के प्रावधान से 100 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा प्रदान की जाएगी। नवम्बर 2001 के अन्त तक 632.31 लाख रुपये की लागत से 50 हैक्टेयर अतिरिक्त भूमि सिंचाई के अन्तर्गत लाई गई। वर्ष 2002-2003 में 1218.00 लाख रूपए के निर्धारित प्रावधान से 300 हैक्टेयर क्षेत्र सिंचाई के अन्तर्गत लाया जाएगा।

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016 D-12133
DOC, No..... 04-12-2003
Date.....

लघु सिंचाई

5.43 वर्ष 2001-2002 में राज्य क्षेत्र में 4200.56 लाख रुपये का प्रावधान है जिससे 2,000 हैक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए रखे गए है। दिसम्बर 2001 तक 1619 हैक्टेयर क्षेत्र 2921.66 लाख रूपए के व्यय से इसके अन्तगर्त लाया गया। वर्ष 2002-03 में 6,058.90 लाख रूपये का परिव्यय करके 2000 हैक्टेयर क्षेत्र सिंचाई के अर्न्तगत लाने का अनुमान है।

जल वितरण क्षेत्र

5.44 वर्ष 2001-2002 के दौरान 269.60 लाख रुपए जिसमें केन्द्रीय सहायता भी सम्मिलित है, के अन्तर्गत 1,000 हैक्टेयर भूमि में फिल्ड चैनल तथा 1,000 हैक्टेयर भूमि में बाराबन्दी का प्रावधान है जिसमें से दिसम्बर 2001 तक 981 हैक्टेयर भूमि में फिल्ड चैनल तथा 1206 हैक्टेयर बाराबन्दी के अन्तर्गत लाए गए। इस पर 134.26 लाख रूपए व्यय किए जा चुके हैं। वर्ष 2002-03 में जल वितरण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 175 लाख रूपये का परिव्यय प्रस्तावित है।

बाढ़ नियंत्रण

5.45 वर्ष 2000-2001 में 500 हैक्टेयर भूमि बाढ़ नियत्रंण कार्य के अन्तर्गत लाने के लिए 631.92 लाख रूपए का प्रावधान रखा गया है जिसमें से दिसम्बर 2001 तक 339.91 लाख रूपए व्यय करके 301 हैक्टेयर भूमि को बचाया जा चुका है। वर्ष 2002-2003 के लिए 500 हैक्टेयर भूमि को बाढ़ नियंत्रण कार्य के अन्तर्गत लाने के लिए 1243.02 लाख रूपए का लक्ष्य रखा गया है।

वन

5.46 हिमाचल प्रदेश में वनों के अधीन कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 66.5 प्रतिशत अर्थात 37,033 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आता है । हिमाचल प्रदेश सरकार की वन नीति का मूल उद्देश्य वनों के उचित उपयोग के साथ-साथ इनका संरक्षण तथा विस्तार करना है। इन्ही नीतियों को पूर्ण रुप देने के लिए वन विभाग द्वारा कुछ योजना कार्यक्रम चलाए गए हैं जो निम्न प्रकार से हैं:-

वन रोपण

5.47 वन रोपण का कार्य फलोत्पादक वन योजना तथा भू-संरक्षण योजना के अर्न्तगत किया जा रहा है । फलोत्पादक वन योजना में शीघ्र बढ़ने वाली प्रजातियों, आर्थिक वन रोपण, चरागाह में सुधार, ईंधन व चारा तथा गौण वन उपज इत्यादि आते हैं। सितम्बर 2001 तक 564.59 रुपए की लागत से 8,533 हैक्टेयर क्षेत्र फलोत्पादक वन योजना के अर्न्तगत लाया गया।

वन्य प्राणी तथा प्रकृति संरक्षण

5.48 हिमाचल प्रदेश विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों के लिए प्रसिद्ध है, इस योजना का मुख्य उद्देश्य आखेट स्थलों में सुधार लाना है ताकि विभिन्न लुप्त होने बाले पशु- पक्षियों की प्रजातियों को बचाया जा सकें। सितम्बर, 2001 तक 153.53 लाख रुपये केन्द्रीय भाग सहित की राशि उपयोग में लाई गई ।

वन सुरक्षा

5.49 वनों पर आग, अवैध कटान एवं अतिक्रमण का खतरा बना रहता है। इसलिए यह आवश्यक है कि उचित स्थानों पर चैकपोस्ट स्थापित किए जाएं ताकि लकड़ी के अवैध व्यापार पर रोक लगाई जा सके तथा अग्नि शमन उपकरण एवं तकनीक सभी वन मण्डलों को उपलब्ध करवाई जाए। जहां आग एक विध्वंसक तत्व है तथा वनों के अच्छे प्रबन्धन एवं सुरक्षा के लिए भी एक अच्छे संचार तंत्र की आवश्यकता है। इसके लिए सितम्बर 2001 तक 5.30 लाख रूपये व्यय किए जा चुके थे।

बाहय सहायता प्राप्त योजनाएं

भारत-जर्मनी इको विकास परियोजना (चंगर क्षेत्र परियोजना)

5.50 भारत-जर्मन आर्थिक विकास परियोजना पालमपुर उप-मण्डल के चंगर क्षेंत्र में फैडरल रिपब्लिक आफॅ जर्मनी के सहयोग से कार्य कर रही है । इस परियोजना की अनुमानित लागत 50.00 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के अन्तर्गत वन, कृषि, बागवानी और पशुपालन जैसे विभाग एक दूसरे के तालमेल से काम करेंगे । वर्ष 2001-2002 में इस परियोजना के क्रियान्वयन के लिए 180.00 लाख रुपये रखे गए हैं जिसमें से सितम्बर 2001 तक 60.00 लाख रुपये खर्च किए जा चुके हैं।

हिमाचल प्रदेश वानिकी परियोजना (डी.एफ. आई.डी.आई.) यू.के.

5.51 यह परियोजना जिला मण्डी व कुल्लू में अक्तूबर 1994 में आरम्भ की गई थी जो मार्च, 2001 तक पूर्ण कर ली गई है। इस परियोजना के लिए कुल 2172.40 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया था जिसमें से मार्च 2001 तक 2171.24 लाख रूपये व्यय किए गये। परियोजना का मुख्य उद्देश्य संयुक्त वन व्यवस्था प्रक्रिया के द्वारा वन योजना को बनाए रखना था। फेज-2 "हिमाचल प्रदेश वन क्षेत्र सुधार परियोजना " नामक परियोजना की 2002 से 2006 तक 4 वर्ष अवधि होगी तथा इसकी कुल लागत 60.00 करोड़ रूपये होगी। सहायता एजेंसी द्वारा इसकी स्वीकृति दे दी गई है लेकिन अभी अनुबंध ज्ञापन भारत सरकार और ब्रिटेन द्वारा हस्ताक्षरित किया जाना है।

हिमालयन हिल्ज के लिए वाटरशैड विकास परियोजना
(कंडी परियोजना)

5.52 एकीकृत वाटरशैड विकास परियोजना कण्डी विश्व बैंक की मदद से 1990-91 में पांच नदियों घग्घर (सोलन), सिरसा (सोलन), स्वां (ऊना), चक्की (कांगड़ा) तथा मारकण्डा (सिरमौर) के जल ग्रहण क्षेत्रों में 59.90 करोड़ की लागत से शुरू की गई। परियोजना का प्रथम चरण मार्च, 1999 में पूर्ण हो चुका है तथा उसी समय से द्वितीय चरण का कार्य 170 करोड़ रूपए की लागत से शुरू किया गया। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का समाजिक व आर्थिक उद्धार करना है तथा उपयुक्त भूमि तथा आद्रता संरक्षण उपायों द्वारा पर्यावरण की ह्रास प्रक्रिया को कम करना है। इस परियोजना के अधीन वन, कृषि व पशुपालन विभाग एक दूसरे के तालमेल से काम करते हैं। वर्ष 2001-2002 के लिए इस परियोजना के अर्न्तगत वन रोपण, भू-संरक्षण कार्य, उद्यान व कृषि गतिविधियां, तालाब के किनारों का संरक्षण तथा सिविल कार्यों के लिए 2,578.00 लाख रुपये उपलब्ध करवाए गए जिसमें से सितम्बर 2001 तक 900.88 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं।

6. उद्योग एवं रोजगार

उद्योग

6.1 हिमाचल प्रदेश ने पिछले कुछ वर्षो में औद्योगिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है। उदारीकृत अर्थव्यवस्था तथा विभिन्न कार्यकलापों के अनुवर्ती लाइसैंसों को खत्म करने के परिणाम स्वरूप हमारे राज्य में निवेश प्रवाह कई गुणा बढ़ रहा है। विभाग को प्रदेश में नई औद्यौगिक इकाईयों की स्थापना के लिए उद्यमियों से अत्यधिक प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है। इस समय प्रदेश में 191 मध्यम व बड़े तथा लगभग 29,200 लघु पैमाने के उद्योग कार्यरत है जिनमें लगभग 3,031 करोड़ रुपये का पूंजी निवेश है। प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र का वार्षिक उत्पाद लगभग 4,800 करोड़ रुपये है और यह उद्योग लगभग 1.55 लाख लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे हैं। सरकार ने औद्योगिक परियोजनाओं एवं समीक्षा प्राधिकरण (आई पारा) को समाप्त कर दिया है और अब उद्योगपतियों को मध्यम एवं बड़े क्षेत्र में अपनी परियोजनाओं को स्थापित करने के लिए सरकार की स्वीकृति की आवश्यकता नहीं है। मध्यम एवं बड़े क्षेत्र की औद्योगिक इकाईयों के विभिन्न विभागों/एजैन्सियों में अनापति पत्र लेने हेतु सरकार ने उद्योग विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त कर मात्र एक ही व्यक्ति से अनापति पत्र प्राप्त करने की प्रथा प्रारम्भ कर दी है। चालू वर्ष में दिसम्बर 2001 तक मध्यम एंव बड़े क्षेत्र में 20 पारियोजनाओं को जिनमें लगभग 243.85 करोड़ रुपये का निवेश होगा, पंजीकृत किया गया है। इससे लगभग 2,350 लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। प्रदेश के सभी जिलों में जिला उद्योग केन्द्र कार्य कर रहे हैं । जिला उद्योग केन्द्र कार्यक्रम का उद्देश्य गावं तथा छोटे उद्यमियों को एक छत के नीचे सभी सुविधाएं/सेवाएं तथा सहायता प्रदान करना हैं। वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक 497 लघु उद्योगों का स्थाई पंजीकरण किया गया, इनमें 2,436 लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए गए।

6.2 इसके अतिरिक्त 3 मध्यम एवं बड़े क्षेत्र की आद्यौगिक इकाईयों जिनमें 52.82 करोड़ का पुनःनिवेश तथा 335 लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं स्थापित किए गए हैं। उद्यमियों को साधन सम्बन्धी सुविधाएं प्रदान करने के लिए (i) परवाणु, बरोटीवाला, बद्दी, पांवटा साहिब, मैहतपुर शमशी, नगरोटा वगवां, बिलासपुर रिकौंग पिओ, संसारपुर टैरस, चम्बाघाट इलैक्ट्रोनिक कम्पलैक्स (सोलन) , मण्डी, नेरचौक, परैल-भांवला, हमीरपुर शोघी, चम्बा, अम्ब, टाहलीवाल तथा काला अम्ब में औद्योगिक क्षेत्र, (ii) धर्मपुर कांगड़ा, ज्वाली, मेहगल, सेहगलू तथा देहरा-गोपीपुर में औद्योगिक वस्तियां स्थापित की गई। इसके अतिरिक्त प्रदेश में और भी औद्योगिक क्षेत्र/सम्पदाएं विकसित किए जा रहे हैं।

6.3 शिक्षित बेरोजगार युवकों को स्वरोजगार सहायता प्राप्त करवाने हेतू प्रधानमंत्री रोजगार योजना समस्त प्रदेश में शुरु की गई है। इस वर्ष के अन्तर्गत 3,000 लाभार्थियों को सहायता प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक 1,902 मामलों को 1366.77 लाख् रुपये की धनराशि के ऋण स्वीकृत किए गए तथा 1,432 प्रार्थियों को 991.34 लाख रुपये के ऋण की धनराशि वितरित की गई। शेष मामले विचाराधीन हैं।

6.4 विभाग पढ़े-लिखे बेरोजगार युवकों/युवतियों को उन्हें आत्मनिर्भर करने हेतू प्रशिक्षण प्रदान करवाता है। विभाग द्वारा इस सम्बन्ध में विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण प्रशिक्षणार्थियों को औद्योगिक जागरूकता के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इन प्रशिक्षणों का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर करने हेतू छोटे लघु उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसके अतिरिक्त इन प्रशिक्षणार्थियों को विभाग द्वारा दी जाने वाली विभिन्न नई औद्योगिक तकनीकी, सुविधाओं, औद्योगिक नीति व नियमों से भी जागरूप करवाया जाता है ताकि वे उनके आधार पर लघु उद्योग स्थापित कर सकें। इन प्रशिक्षणों की अवधि 3 दिन से लेकर 6 सप्ताह तक रखी जाती है, जो कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित की जाती है। वर्ष 2001-2002 में 31.12.2001 तक उद्यमियता विकास कार्यक्रम एवं औद्योगिक सचेत कार्यक्रम तथा औद्योगिक सचेत कार्यशाला कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतू 11 कार्यक्रमों का लक्ष्य रखा गया है और अब तक 8 औद्योगिक सचेत कार्यक्रम किए गए, जिनमें 189 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया 1

औद्योगिक नीति

6.5 हिमाचल प्रदेश सरकार ने प्रदेश के शीघ्र औद्योगीकरण को प्राथमिकता दी है जिसका मुख्य उद्देश्य रोजगार के अवसर पैदा करना है तथा समुचित आधार पर आर्थिक विकास करना है। इन उद्देश्यों की पूर्ति हेतू प्रदेश सरकार ने औद्योगिक नीति दिशा-निर्देश-1999 की रचना की है। इस नीति के मुख्य निम्न उद्देश्य हैं -

(i) रोजगार तथा आय वृद्धि हेतू अधिक इकाईयों को आकर्षित करने के लिए उच्च क्षमता वाले औद्योगिक क्षेत्रों में विशेष गुणवता पूर्ण संसाधनों का विकास।

(ii) प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों विशेषतः औद्योगिक रूप से पिछड़े क्षेत्रों के योजनाबद्ध विकास द्वारा राज्य के सभी क्षेत्रों का सन्तुलित आर्थिक व सामाजिक विकास।

(iii) छोटे तथा लद्यु औद्योगिक क्षेत्र को प्रोत्साहित करना जो राज्य में कम निवेश द्वारा ही काफी मात्रा में लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं और राज्य के औद्योगिक उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।

(iv) ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में बेरोजगार हिमाचलियों को रोजगार के अवसर प्रदान करना।

(v) औद्योगिकीकरण को इस प्रकार से नियन्त्रित करना कि पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित रहे।

रेशम उद्योग

6.6 रेशम उद्योग राज्य का एक महत्वपूर्ण उद्योग है जिससे किसानों को अतिरिक्त रोजगार प्राप्त होता है । रेशम के कीड़ें को पालने तथा कोकून को बेचने से वे अपनी आय में वृद्धि

करते हैं। वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक 0.97 लाख किलोग्राम कोकून का उत्पादन किया गया तथा 5.00 लाख कार्य दिवस पैदा किए गए।

कला एंव प्रदर्शनी

6.7 राज्य में औधोगिक ईकाईयों द्वारा निर्मित वस्तुओं को प्रोत्साहन देने के लिए प्रदेश ने राष्ट्रीय व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित विभिन्न मेलों, त्यौहारों व प्रदर्शनियों में भाग लिया है। चालू वर्ष के दौरान प्रदेश ने नई दिल्ली मे आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेले, कुल्लू के दशहरा मेले व रामपुर के लवी मेले में अपने राज्य में उत्पादित वस्तुओं का प्रदर्शन किया है।

हथकरघा एवं हस्तशिल्प

6.8 हथकरघा एवं हस्तशिल्प प्रदेश का एक महत्वपूर्ण कुटीर उद्योग है। इस समय प्रदेश में लगभग 0.50 लाख हथकरघे हैं जो मुख्यत: ऊन पर आधारित हैं। इस समय बाजार विकास सहायता, वर्क शेड-कम-हाऊसिंग योजना, स्वास्थ्य पैकेज योजना तथा प्रोजैक्ट पैकेज योजना जैसी कई योजनाएं हैं जिनके अन्तर्गत बुनकरों को हथकरघा उत्पादन को विकसित करने के लिए सहायता प्रदान की जाती है। इसके अतिरिक्त चालू वर्ष् में 450 बुनकरों को प्रदेश की 11 हथकरघा एजैंसियों द्वारा केन्द्रीय प्रायोजित दीनदयाल हथकरघा प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत सुविधा प्रदान की गई है ज़िसकी प्रोजैक्ट लागत 25 लाख रूपये है।

रोजगार

6.9 1991 जनगणना के अनुसार प्रदेश की कुल जनसंख्या में 34.41 प्रतिशत मुख्य कामगार 8.42 प्रतिशत सीमान्त कामगार तथा शेष 57.17 प्रतिशत गैर कामगार थे। मुख्य कामगारों में से 63.25 प्रतिशत काश्तकार 3.30 प्रतिशत कृषि श्रमिक, 1.43 प्रतिशत गृह उद्योग इत्यादि तथा 32.02 प्रतिशत अन्य गतिविधियों में कार्यरत थे। राज्य में रोजगार सहायता/ 3 सूचना क्षेत्रीय रोजगार कार्यालयों, 9 जिला रोजगार कार्यालयों, 2 विश्वविद्यालय सेजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र और 53 उप-रोजगार कार्यालयों द्वारा हिमाचलवासियों को विभिन्न औद्योगिक इकाईयों, संस्थाओं तथा निजि क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने हेतु वर्ष के दौरान प्रदान की गई।

रोजगार कार्यालयों सम्बन्धी सूचना

6.10 1.1.2001 से 30.11.2001 के समय में कुल 1,32,431 प्रार्थियों का पंजीकरण हुआ तथा 3,018 व्यक्तियों को रोजगार मिला । विभिन्न नियुक्तकों द्वारा इस अवधि में अधिसूचित खाली स्थानों की संख्या 1,764 थी। सभी रोजगार कार्यालयों में 30 नवम्बर 2001 तक सक्रिय पंजी में कुल संख्या 9.11 लाख थी।

रोजगार मार्केट सूचना कार्यक्रम

6.11 वर्ष 1960 से रोजगार मार्केट सूचना कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार आंकड़े

जिला स्तर पर एकत्र किए जा रहे हैं। 31.12.2000 को प्रदेश में सार्वजनिक व निजी क्षेत्र में कुल 3.03 लाख कर्मी थे।

केन्द्रीय रोजगार कक्ष

6.12 हिमाचल प्रदेश के निजी क्षेत्र में लगी एवं लगाई जा रही औद्योगिक इकाईयों, संस्थानों के लिए तकनीकी तथा उच्च कुशल कामगारों को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में स्थित केन्द्रीय रोजगार कक्ष हमेशा की तरह वर्ष् 2001 में भी अपनी सेवाऐं अर्पित करता रहा है। कक्ष का कार्य क्षेत्र केवल उपरोक्त संस्थानों तथा औद्योगिक ईकाईयों को तकनीकी तथा उच्च कुशल कामगारों को उपलब्ध करवाने तक ही सीमित नहीं रहा बल्कि इस कक्ष में निजी क्षेत्र में अकुशल कामगारों की मांग को प्रदेश के विभिन्न रोजगार कार्यालयों के माध्यम से पूरा करने के लिए साथ-साथ सहायता करता रहा है। इस प्रकार रोजगार सेवा की एक विशेष सुविधा रोजगार प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को उनके अनुकूल निजी क्षेत्र में रोजगार प्राप्ति हेतू तथा इस क्षेत्र के नियोक्ताओं को योग्य एवं प्रशिक्षित कामगार निशुल्क एवं समयानुसार उपलब्ध करवाने में सहायता करता रहा है। इस योजना के अन्तर्गत 30.11.2001 तक 10,830 तकनीकी तथा उच्च कुशल वर्ग के आवेदकों का पंजीकरण उनके मूल रोजगार कार्यालयों से प्राप्त अनुलिपि कार्डों के आधार पर किया गया। 30.11.2001 तक निजि क्षेत्र के नियोक्ताओं द्वारा विभिन्न प्रकार की कुल 2674 रिक्तियां अधिसूचित की गई जिसमें 529 रिक्तियां तकनीकी एवं उच्च कुशल वर्ग की थी। केन्द्रीय रोजगार कक्ष द्वारा विभिन्न औद्योगिक इकाईयों में विभिन्न प्रकार के व्यवसायों, कुशल वर्ग सहित कुल 9,719 आवेदकों को सम्प्रेषित किया गया जिनमें से 2711तकनीकी तथा उच्च कुशल वर्ग के थे। 30..11.2001 तक प्रदेश में 433 व्यक्तियों को विभिन्न निजि क्षेत्र औद्योगिक इकाईयों में रोजगार प्राप्त हुआ जिनमें से 284 व्यक्ति तकनीकी एवं उच्च कुशल वर्ग के थे।

विकलांगों के लिए विशेष कक्ष

6.13 जनवरी, 2001 से दिसम्बर 2001 के अन्तर्गत सक्रिय पँजी में 1,301 विकलांगों को और पंजीकृत करके विकलांग पंजीकृतों की संख्या 9,339 हो गई थी। 70 विकलांग व्यक्तियों की नियुक्तियां की गई। 203 आरक्षित रिक्तियां अधिसूचित हुई जिसके प्रति 243 विकलांग प्रत्याशियों के नाम सम्प्रेषित किए गए।

न्यूनतम मजदूरी

6.14 हिमाचल प्रदेश सरकार ने न्यूनतम मजदूरी एक्ट, 1948 के अन्तर्गत न्यूनतम मजदूरी परामर्श बोर्ड बनाया है जो कि अनुसूचित रोजगारों के अन्तर्गत मजदूरों के न्यूनतम मजदूरी दर तथा उसके संशोधन के बारे में प्रदेश सरकार को परामर्श देता हैं। इस बोर्ड की सिफारिश पर हिमाचल प्रदेश सरकार ने मजदूरों की सभी 24 अनुसूचित रोजगारों में न्यूनतम मजदूरी को 1.1.1999 को 45.75 रूपये से बढ़ाकर 51.00 रूपये प्रतिदिन कर दिया है जो कि 1.8.2001को पुनः बढ़ाकर 55 रूपये प्रतिदिन कर दिया है।

श्रमिक कल्याण उपाय

6.15 बन्धुआ मजदूरी प्रणाली (उन्मूलन) एक्ट, 1976 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने राज्य स्तर पर एक स्क्रीनिंग समिति के अतिरिक्त उप मण्डल एंव जिला स्तर पर सतर्कता समितियां गठित की है। राज्य सरकार ने औद्योगिक झगडे निपटाने के लिए श्रम न्यायालय तथा औद्योगिक न्याय अधिकरण जिनका मुख्यालय शिमला है, का गठन किया है। औद्योगिक विवाद अधिनियम के तहत जिला एंव सत्र न्यायधीश के पद के बराबर श्रम अदालत/औद्योगिक न्याय अधिकरण का एक स्वतन्त्र पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया गया है। राज्य कर्मचारी बीमा योजना सोलन, परवाणु, बरोटीवाला, बद्दी, मेहतपुर, नालागढ़, पांवटा साहिब, काला अम्ब और शिमला शहर में लागू हैं। लगभग 53 उद्यम व 2,439 मजदूर इस योजना के अन्तर्गत लाए गए है। इसी प्रकार कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 के अन्तर्गत 117 उद्यमों में कार्यरत 2,602 मजदूरों को लाया गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 2001 में 30 मजदूर संघों का पंजीकरण ट्रेड यूनियन अधिनियम, 1926 के अन्तर्गत किया गया व विभिन्न औद्योगिक विवादों से सम्बन्धित प्राप्त 409 मामलों में से 294 मामले श्रम न्यायालय को निर्णय हेतु भेजे गए।

7. विद्युत

7.1 हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद विभिन्न जल विद्युत परियोजनाओं का, अन्वेषण, निष्पादन और इसके अलावा संचारण एवं वितरण कर रही है । यह बहुत ही संतोषजनक बात है कि अत्याधिक पहाड़ी क्षेत्र के बावजूद प्रदेश के सभी आबाद गांवों का विद्युतीकरण कर लिया गया है ।

7.2 प्रारम्भिक जल, विज्ञान तलरुप तथा भौमकीय अन्वेषणों के अनुसार हिमाचल प्रदेश के पांच नदी क्षेत्रों से जल विद्युत उत्पादन का अनुमान बड़े, मध्यम, लघु व सूक्ष्म जल परियोजनाएं बना कर लगभग 20,300 मैगावाट आंका गया है । इसके अतिरिक्त प्रदेश नदी क्षेत्रों में अभी ऐसे स्थानों की पहचान बाकी है जिन पर लघु व सूक्ष्म परियोजनाओं के साथ-2 मध्यम और बड़ी परियोजनाएं बना कर विद्युत क्षमता में बहुत बड़ा योगदान मिल सकता है । थरमल व अणुशक्ति-उत्पादित विद्युत की लागत बढ़ने के कारण बहुत सी चिन्हित परियोजनाएं जिनको उत्पादन की अस्थिर व अधिक लागत के कारण उपरोक्त जल-विद्युत क्षमता में शामिल नहीं किया गया था, भी भविष्य में कार्यन्वित हो जांएगी । इन दो पहलुओं को देखते हुए हिमाचल की कुल जल विद्युत क्षमता का अनुमान 25,000 मैगावाट व इससे भी अधिक आंका जा सकता है । कुल क्षमता में से अभी तक केवल 3,942.07 मैगावाट क्षमता का दोहन किया गया है जिसमें से हिमाचल प्रदेश के अधीन केवल 326.80 मैगावाट है, क्योंकि विद्युत क्षमता के एक बड़े भाग का दोहन केन्द्रीय सरकार व अन्य अभिकरणों द्वारा किया गया है । राज्य की विशाल जल विद्युत क्षमता उतरीय क्षेत्र के विद्युत विकास कार्य में प्रमुख भूमिका निभा सकती है जिससे हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

7.3 प्रदेश में छठी पंच वर्षीय योजना से जल विद्युत उत्पादन को प्राथमिकता दी गई है क्योंकि इससे न केवल राज्य की बढ़ती मांग पूरी होगी बल्कि उत्तर क्षेत्र में विद्युत की कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी । इन तथ्यों को मध्य नजर रखते हुए बड़े, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म परियोजनाओं को दसवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरम्भ करने का राज्य में चरणवद्ध कार्यक्रम बनाया गया तथा साथ ही साथ पहले से आरम्भ की गई परियोजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाएगा । प्रदेश सरकार ने विद्युत उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक महत्वकांक्षी योजना को सरकारी क्षेत्र में तैयार किया है, जिसके अन्तर्गत दसंवी पंचवर्षीय योजना (2002-2007) में 459 मैगावाट अतिरिक्त विद्युत वृद्वि की जायेगी जबकि यह उपलब्धियां सातवीं पंचवर्षीय योजना में 139.5 मैगावाट, आठ्वीं पंचवर्षीय योजना में 27.30 मैगावाट तथा नौंवी पंचवर्षीय योजना में 33.50 मैगावाट थी।

7.4 जल विद्युत परियोजनाओं के निर्माण की बढ़ती हुई गतिविधियों को देखते हुए इन परियोजनाओं से विद्युत प्रवाह व उसका राज्य में उपयोग हेतु विद्युत संचारण तथा वितरण पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है।

7.5 ग्रामीण विद्युतीकरण में प्रदेश ने आसाधारण उपलब्धियां प्राप्त की हैं । इस तथ्य के

विद्युत उपभोग


मिलियन यूनिट
3150
2700
2250
1800
1350
900
450
0
1994-95
95-96
96-97
97-98
98-99
99-2000
2000-2001
प्रदेश में
प्रदेश से बाहर

बावजूद कि हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य देर से आरम्भ हुआ तथा कठिन क्षेत्र व पहाड़ी होते हुए भी यह संतोषजनक बात है कि जून,1988 के अन्त तक सभी आबाद गांवों का विद्युतीकरण किया जा चुका है। गहन विद्युतीकरण योजना के अन्तर्गत बचे हुए घरों का विद्युतीकरण किया जा रहा है तथा राज्य में बिजली की आपूर्ति की विश्वसनीयता तथा उपलब्धता बनाये रखने का कार्य भी चल रहा है।

7.6 उत्पादन, संचार वितरण, निजी क्षेत्र की भागीदारी के तहत उपलब्धियों का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है :-

उत्पादन

चालू परियोजनाएं

लारजी हाईडल प्रौजेक्ट(126 मैगावाट)

7.7 इस परियोजना को वर्ष 1987 के दौरान सी.ई.ए. और योजना आयोग से स्वीकृति मिल गई है जिस पर अप्रैल,1984 भाव स्तर पर 168.85 करोड़ रुपए लागत से 126 मैगावाट विद्युत उत्पादन हो सकेगा (3x42 मैगावाट)। मार्च ,1999 के भावों पर इस परियोजना पर पावर हाऊस वसबार पर 796.98 करोड़ रुपए संशोधित व्यय होने का अनुमान है। यह परियोजना राज्य क्षेत्र में शुरु की गई है। इस व्यय को राज्य योजना एवं वित्त संस्थानों से ऋण द्वारा पूरा किया जायेगा। इस परियोजना की पहली इकाई मार्च,2004 तक विद्युत उत्पादन शुरू कर देगी। दूसरी और तीसरी इकाईयां भी क्रंमशः मई,2004 तथा जुलाई, 2004 में उत्पादन शुरू कर देंगी।

खौली हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्ट(12 मैगावाट)

7.8 खौली हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्ट, जिला काँगड़ा की शाहपुर तहसील में खौली नदी जो कि गज खड्ड की सहायक नदी है, पर स्थित है। जून, 1999 के भावों पर इस परियोजना पर 72.07 करोड़ रुपए व्यय होने का अनुमान है। इसका कार्य राज्य विद्युत परिषद द्वारा किया जा रहा है, जिसकी निधि से मार्च, 2004 तक पूर्ण होने की संभावना है।

उहल स्तर- III(100 मैगावाट)

7.9 उहल स्तर -III विद्युत परियोजना मण्डी जिला में जोगिन्द्रनगर के समीप स्थित है। यह उहल परियोजना के दो अन्य स्तरों, शानन (100 मैगावाट) तथा बस्सी (60 मैगावाट) से निकली जलधारा पर स्थापित किया जा रहा है। इस परियोजना के मार्च,2006 तक आरम्भ होने की सम्भावना है।

कशांग स्तर-I (66 मैगावाट)

7.10 कशांग स्तर -I विद्युत परियोजना जिला किन्नौर में सतलुज नदी पर जो कि कशांग और करांग जलधारा/खड्ड की सहायक नदी है, पर स्थित है। कशांग जल विद्युत परियोजना (66 मैगावाट) के पूर्ण प्रक्षेपण को हि. प्र. राज्य विद्युत परिषद द्वारा टैक्नोइकनोमिक मंजूरी दी जा चुकी है।

धन का प्रबन्ध व वैधानिक मान्यता के उपरान्त इसे सरकारी क्षेत्र में ले लिया जायेगा।

घानवी स्तर -II जल विद्युत परियोजना(8 मैगावाट)

7.11 यह परियोजना घानवी खड्ड, जो कि सतलुज नदी की सहायक नदी है पर बनाई जा रही है, जो 8 मैगावाट विद्युत उत्पादन करेगी। इस परियोजना को सरकारी क्षेत्र में हिमाचल राज्य विद्युत परिषद द्वारा किया जा रहा है।

शालवी जल विद्युत परियोजना (7 मैगावाट)

7.12 यह परियोजना जिला शिमला में शालवी खड्ड, जो कि यमूना नदी की सहायक नदी है, पर स्थित है। इस परियोजना को हि.प्र. राज्य विद्युत परिषद द्वारा टैक्नोइक्नोमिक निकासी प्राप्त हो चुकी है।

मीनी माइक्रो हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्ट

7.13 चार लघु/ छोटी जल विद्युत परियोजनाएं होली (3 मैगावाट) साल-II (2 मैगावाट) तथा भावा विकास पावर हाऊस योजना (3 मैगावाट) और गुम्मा (3 मैगावाट) 48.66 करोड़ रुपए की लागत से जो अब संशोधित 68.05 करोड़ रुपए है टर्नकी बेसिस पर विभाग द्वारा चलाई जा रही है, जिसके लिए एम एन ई एस भारत सरकार ने 16.40 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी है। शेष राशि राज्य योजना के अंतर्गत प्राप्त की जाएगी। इन सभी परियोजनाओं में साल-II सितम्बर 1999, गुम्मा (3 मैगावाट) अगस्त,2000 मे चालू की जा चुकी है जबकि होली और भावा प्रौजैक्ट 2001 -2002 मे पूर्ण हो जाऐगें।

नाथपा-झाखड़ी जल विद्युत परियोजना (1,500 मैगावाट)

7.14 नाथपा-झाखड़ी जल विद्युत परियोजना जिसकी 1,500 मैगावाट क्षमता है का कार्य संयुक्त रुप से राज्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा 1:3 की भागीदारी में नाथपा झाखड़ी विद्युत निगम (सीमित) के माध्यम से किया जा रहा है। इस परियोजना से 90 प्रतिशत विश्वसनीय वर्ष में 6700 मिलियन यूनिट तथा 50 प्रतिशत औसत वर्ष में 7, 447 मिलियन यूनिट उत्पादित होगें। हिमाचल प्रदेश को 12 प्रतिशत विद्युत निशुल्क तथा इसके अतिरिक्त शेष 88 प्रतिशत का 25 प्रतिशत उत्पादित लागत पर मिलेगी। उत्पादन कार्य हेतु इस परियोजना के लिए विश्व बैंक द्वारा 437 मिलियन यू.एस.डालर का ऋण स्वीकृत किया जा चुका है और शेष राशि द्विपक्षीय फन्डिग द्वारा अन्य वित्तीय संस्थानों से प्राप्त की जा चुकी है व प्राप्त की जा रही है। इस परियोजना की संशोधित अनुमानित लागत जून, 1998 की कीमत स्तर पर 7,666.00 करोड़ रुपए है।

कौल डैम (800 मैगावाट)

7.15 प्रदेश सरकार ने कौल डैम एच.ई.पी.800 मैगावाट को केन्द्रीय क्षेत्र में भारत सरकार के उपक्रम एन0टी0पी0सी0 को देने का निर्णय लिया है। इसके लिए फरवरी 2000 में

हिमाचल सरकार तथा एन0टी0पी0सी0 द्वारा अनुबन्ध प्रक्रिया शुरु की गई है। इसके दसवें पंचवर्षीय योजनाकाल में पूरा होने की सम्भावना है। इस समय इस परियोजना पर संरचना,, भू-अर्जन और केन्द्रीय विद्युत परिषद द्वारा परियोजना की निकासी के कार्य प्रगति पर हैं।

पार्वती हाइड्रो इलैक्ट्रिकल प्रोजैक्ट(2051 मैगावाट)

7.16 पार्वती हाइड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्ट तीन स्तरों में पहला स्तर (750 मैगावाट), दूसरा स्तर (800 मैगावाट) और तीसरा स्तर (501 मैगावाट) पार्वती नदी जो कि ब्यास नदी की सहायक नदी है, पर बनाया जाएगा। इसके लिए 20.11.98 को हिमाचल सरकार और नैशनल हाइड्रोलैक्ट्रिक पावर निगम के बीच समझौता हो गया है। दूसरे स्तर का कार्य शुरु किया जा चुका है। इस परियोजना की नींवं नवम्बर 1999 में रख ली गई है। परियोजना के दसरे स्तर के कार्य नैशनल हाईड्रोइलैक्ट्रिक पावर निगम द्वारा प्रारम्भिक स्तर पर शुरू किए जा चुके हैं। जून, 2001 में परियोजना को एम. ओ. ई. एफ. द्वारा पर्यावरण निकासी भी प्राप्त हो चुकी है।

चमेरा-III(हिबरा) जल विद्युत परियोजना (231 मैगावाट)

7.17 इस परियोजना पर हाल ही में जुलाई,2001 को हिमाचल प्रदेश सरकार और मैसर्ज एन.एच.पी.सी. के बीच समझौता हस्ताक्षरित हुआ है। इस परियोजना के जुलाई,2004 तक पूरा होने की संभावना है। इस पर कार्य समय से पहले प्रगति पर है।

7.18 वर्ष 2000-2001 के दौरान विद्युत उत्पादन 1,153.3 मिलियन यूनिट था जबकि इस वर्ष में दिसम्बर 2001 तक 985.7 मिलियन यूनिट हुआ। दिसम्बर 2001 तक 358 पम्पसैटों का उर्जयन किया गया ।

निजी क्षेत्र की भागीदारी

7.19 केन्द्रीय सरकार तथा प्रदेश सरकारों के स्त्रोत सीमित होने के कारण भारत सरकार ने अब निजी क्षेत्र को बिजली के उत्पादन, आपूर्ति तथा वितरण में भाग लेने की अनुमति प्रदान कर दी है ताकि आने वाले समय में बिजली की कमी की पूर्ति हो सके। इसके फलस्वरुप प्रदेश सारकार ने सैद्धान्तिक रुप से निजी क्षेत्र को 7 जल विद्युत परियोजनाओं में भाग लेने की अनुमति प्रदान की है। इन परियोजनाओं की स्थिति नीचे दर्शायी गई है :-

1. बासपा जल विद्युत परियोजना (300 मैगावाट)

हिमाचल प्रदेश सरकार ने 1 अक्तूबर 1992 को मैसर्ज जय प्रकाश इन्डस्ट्रीज के साथ एक कार्यान्वयन समझौता इस परियोजना को निजी क्षेत्र में चलाने के लिए हस्ताक्षारित कर दिया है। इस परियोजना का कार्य प्रगति पर है। कम्पनी के साथ हस्ताक्षरित किया जाने वाला विद्युत क्रय समझौता जून, 1997 को हस्ताक्षरित हुआ। परियोजना का कार्य जुलाई, 2003 में पूरा होने की सम्भावना है।

2. धमबाड़ी सुन्डा हाईड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्ट (70 मैगावाट)

मैसर्ज धमबाड़ी पावर कम्पनी के साथ अक्तूबर 1996 को समझौता हस्ताक्षरित किया गया। केन्द्रीय विद्युत परिषद ने अब इस परियोजना को जुलाई, 2001 में टैक्नोइक्नोमिक अनुमति जारी कर दी है।

3. कड़छम बाँगटू हाईड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्ट(1000 मैगावाट)

सरकार ने मैसर्ज जय प्रकाश इंडस्ट्रीज सीमित के साथ 28.8.93 को एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया था। कम्पनी के द्वारा डी.पी.आर. और एच.पी.एस.ई.बी. की टिप्पणियाँ सी.ई.ए. को टैक्नोइकनोमिक अनुमति के लिए भेजी गई। कम्पनी से टैक्नोइकनोमिक अनुमति प्राप्त करने के लिए कहा गया तथा नवम्बर 1999 में आई. ए. हस्ताक्षरित किया गया। इस परियोजना के नवम्बर 2009 तक पूरा होने की सम्भावना है।

4. नियोगल हाईड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्ट (15 मैगावाट)

मैसर्ज ओम पावर कारपोरेशन के साथ अगस्त, 1993 को एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया गया। कार्यान्वित सम्बन्धी समझौता जुलाई, 1998 को हस्ताक्षरित हुआ। कम्पनी और एच.पी.एस.ई.बी. के साथ पी.पी.ए. दिसम्बर 1999 को हस्ताक्षरित किया गया । इस परियोजना को डी. ओ. ई. एफ. द्वारा पर्यावरण तथा वन अनुमति भी प्रदान की जा चुकी है।

5. एलियन दुंहगन हाईड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्ट (192 मैगावाट)

मैसर्ज राजस्थान स्पिनिंग एवं वीविंग मिल्ज के साथ अगस्त, 1993 को एम.ओ.यू. पर हस्ताक्षर किए गए। कम्पनी लागत अनुमान तैयार करने के कार्य में लगी है। कार्यान्वित समझौता फरवरी, 2001 में हस्ताक्षरित किया गया। वन तथा पर्यावरण निकासी भी एम.डी.ई.एफ. द्वारा दी जा चुकी है।

6. मलाना हाईड्रो इलैक्ट्रिक प्रोजैक्ट (86 मैगावाट)

मैसर्ज मलाना पावर कम्पनी सीमित के साथ सितम्बर 1998 को कार्यान्वित समझौते पर हस्ताक्षर किए गए । इस परियोजना ने 5.7.2001 से बिजली का उत्पादन शुरू कर दिया है।

7.20 हिमाचल पदेश सरकार ने अप्रैल/जून 1999 में निजी क्षेत्र में 8 परियोजनाओं के लिए 254 मैगावाट की कुल क्षमता के लिए इन्डीपैन्डैंट पावर प्रोडयूसरज से निविदाएं मांगी थी । इन सभी परियोजनाओं के एम. ओ. यू., जून, 2000 में हस्ताक्षरित हो गये हैं।

7.21 9 परियोजनाओं के लिए निविदाएं जिनकी कुल क्षमता 448.5 मैगावाट बनती है, जुलाई, 2001 में विज्ञापित किए गए तथा इन निविदाओं की छानवीन प्रगति पर है।

हिम ऊर्जा

ऊर्जा के गैर परम्परागत, नए तथा नवीकरण साधनों का विकास

7.22 आर्थिक वृद्वि के साथ-2 तेजी से औद्योगीकरण, अच्छे रहन-सहन के स्तर तथा आधारभूत सुविधाओं में बढ़ौतरी के कारण ऊर्जा की मांग बहुत बढ़ी है । पारम्परिक ऊर्जा

स्त्रोतों में कमी होने के कारण गैर पारम्परिक और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर जल तापीय संयन्त्र तथा अन्य ऊर्जा संयन्त्रों के उपयोग पर अधिक बल दिया जा रहा है।

7.23 नए तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों में सौर ऊर्जा के उपयोग का बहुत महत्व हैं। हिम ऊर्जा द्वारा (आई.आर.ई.पी.) एकीकृत ग्रामीण ऊर्जा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत नवीकरण ऊर्जा को लोकप्रिय बनाने के लिए, गैर पारम्परिक ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार की वित्तीय सहायता से यह कार्यक्रम राज्य के 45 विकास खण्डों में पूर्ण रुप से चलाया जा रहा है। नवीकरण उर्जा स्त्रोत और गैर पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोत जैसे कि सोलर कुकर, सौर तापीय संयत्र, उन्नत किस्म के चूल्हे, उन्नत जल की चक्कियां, फोटोवोलटिक रोशनी इत्यादि को भी लोकप्रिय बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वर्ष 2001-2002 की दिसम्बर, 2001 तक की उपलब्धियां निम्न प्रकार से हैं :-

सौर थर्मल विस्तार कार्यक्रम

7.24 वर्ष 2001 -2002 के दौरान दिसम्बर,2001 तक 260 सौर कुकर उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाए गए। राज्य के विभिन्न भागों में 62 सौर जल तापीय संयंत्र जो कि विभिन्न क्षमताओं वाले हैं लगाए गए / आर्डर बुक किए जा चुके हैं। हिमाचल सरकार ने निर्णय लिया है कि सभी सरकारी भवनों व संस्थानों में सोलर वाटर हीटिंग सिस्टम को स्थापित करना अनिवार्य है। पहले चरण में क्षेत्रीय हस्पताल धर्मशाला, राजभवन शिमला, हिमाचल प्रदेश सचिवालय, हिमऊर्जा कार्यालय भवन शिमला, इंदिरा गांधी आर्युविज्ञान संस्थान शिमला तथा क्षेत्रीय हस्पताल खनेरी-रामपुर में सौर जल तापीय संयत्र स्थापित किए जा चुके हैं जो कि संतोषजनक कार्य कर रहे हैं। हिमाचल भवन चण्डीगढ़ में भी 12,000 लि.प्र.दि. क्षमता का सौर जल, तापीय संयंत्र स्थापित किया जा चुका है।

7.25 दिसम्बर,2001 तक प्रदेश के विभिन्न खण्डों में 715 सौर प्रकाश वोल्टिय लालटैन, 1535 सौर प्रकाशवोल्टिय घरेलू रोशनियां उपदान पर वितरित की जा चुकी हैं तथा 165 सौर प्रकाशवोल्टिय गली रोशनियां भी सामुहिक प्रयोग के लिए स्थापित की जा चुकी है।

मिनी/माइक्रो परियोजनाएं

7.26 यू. एन. डी. पी.-जैफ कार्यक्रम के अन्तर्गत 5 परियोजनाएं लिंगटी(400 किलोवाट) कोठी(200 किलोवाट), जुथेड़(100 किलोवाट), पुरथी(100 किलोवाट) तथा सुराल(100 किलोवाट) हिमउर्जा द्वारा कार्यान्वित की जा रहीं हैं, इनमें से कोठी तथा जुथेड़ परियोजनाओं की स्थापना की जा चुकी है तथा लिंगटी परियोजना का कार्य शीघ्र ही पूरा होने वाला है। पुरथी तथा सुराल परियोजनाओं की स्थापना अगस्त, 2002 तक कर दी जाएगी। तीन अन्य परियोजनाएं सोलांग(1000 किलोवाट), रसकट(800 किलोवाट) तथा टिटांग (900 किलोवाट) निजि निवेशकों द्वारा निष्पादित की जा रही हैं। रसकट परियोजना की स्थापना की जा चुकी है तथा अन्य दोनों परियोजनाओं का कार्य भी शीघ्र ही पूरा होने वाला है। यह सभी परियोजनाएं दूर दराज तथा जन जातीय क्षेत्रों में स्थित हैं। दो अन्य परियोजनाएं, घरोला(100 किलोवाट) तथा बड़ा भंगाल(40 किलोवाट) भी हिमउर्जा द्वारा दूर दराज तथा

जन जातीय क्षेत्रों में निष्पादित की जा रही हैं तथा शीघ्र ही पूरी होने वाली हैं।

लघु पन विद्युत जनरेटर सेटस

7.27 15 लघु पन जनरेटर सेटस जिनकी क्षमता 200 किलोवाट है की स्थापना की गई है। इनमें से 12 सेट चम्बा जिला के पांगी उप मण्डल में, 2 शिमला जिला के डोडरा क्वार में तथा 1 सराहन में स्थापित किए गए हैं।

निजि क्षेत्र की सहभागिता से निष्पादित की जारही 5 मैगावाट क्षमता तक की लघु पन विद्युत परियोजनाएं

7.28 राज्य सरकार द्वारा 5 मैगावाट तक लघु पन विद्युत का दोहन निजि निवेश के माध्यम से करने का कार्य हिमऊर्जा को बहुउद्देश्य परियोजनाएं एवं विद्युत विभाग (MPP & Power) के प्रशासनिक नियंत्रण में सौंपा गया है। पहले तथा द्वितीय चरण (1996-1999) में 88 परियोजनाएं जिनकी संकलित क्षमता 121.66 मैगावाट है के लिए निजि उद्यमियों के साथ ज्ञापन समझौते (MoUs) पर हस्ताक्षर किए गए। 35 परियोजनाएं जिनकी संकलित क्षमता 81.05 मैगावाट है के लिए कार्यान्वयन समझौते तथा 23 परियोजनाएं जिनकी संकलित क्षमता 47.75 मैगावाट है के लिए विद्युत क्रय समझौते पर निजि उद्यमियों के साथ हस्ताक्षर किए गए। तृतीय चरण में (2000-01) 117 परियोजनाएं जिनकी संकलित क्षमता 191.89 मैगावाट है को निजि क्षेत्र की कम्पनियों को आवंटित किया गया जिनमें से 108 परियोजनाएं जिनकी संकलित क्षमता 172.59 मैगावाट है के लिए ज्ञापन समझौते हस्ताक्षरित किए गए।

8. परिवहन एंव संचार

सडकें तथा पुल(राज्य क्षेत्र)

8.1 जल मार्ग तथा रेलवे जैसे संचार के विशेष व अनुकूल साधन न के बराबर होने के कारण सड़के ही हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी राज्य की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हिमाचल प्रदेश में न के बराबर सड़कों से आरम्भ करके प्रदेश सरकार ने 31 मार्च,2001 तक 27,217 कि. मी. वाहन चलने योग्य सड़कें जिसमें जीप चलने योग्य सड़कें भी सम्मिलित हैं का निर्माण कर लिया है। इस प्रकार सरकार सड़कों के क्षेत्र को अत्याधिक प्राथमिकता दे रही है। वर्ष 2001-2002 के लिए इस हेतु 22,754.09 लाख रूपए का प्रावधान अनुमोदित किया गया। वर्ष 2001-2002 का लक्ष्य तथा दिसम्बर 2001 तक की उपलब्धियां और मार्च, 2002 तक पूर्वानुमानित ब्यौरा निम्न प्रकार से है:-

सारणी 8.1

मद	इकाई	लक्ष्य 2001-2002	उपलब्धियां दिसम्बर,2001 तक	पूर्वानुमानित मार्च, 2002 तक
1. वाहन चलने योग्य सड़कें	कि0मी0	375	347	375
2. जल निकास	कि0मी0	450	336	450
3. पक्की तथा विशलित सड़के	कि0मी0	600	587	650
4. जीप चलने योग्य सड़कें	कि0मी0	15	15	15
5. पुल	संख्या	35	33	35
6. गांव जुड़े	संख्या	30	19	30

राष्ट्रीय उच्च मार्ग (केन्द्रीय क्षेत्र)

8.2 हिमाचल प्रदेश में 1235 किलोमीटर लम्बे राष्ट्रीय उच्च मार्ग जिसमें शहरी क्षेत्रों को जोड़ने वाली सड़कें तथा बाईपास सम्मिलित है के सुधार के कार्य इस वर्ष भी जारी रहे। दिसम्बर,2001 के अन्त तक 37 किलोमीटर लम्बे मार्ग को चौड़ा करके दोहरी सड़कों में परिवर्तित करने के अतिरिक्त 116 किलोमीटर लम्बे मार्ग को पक्का तथा विशलित किया गया तथा पटरियों को चौड़ा किया।

8.3 हिमाचल प्रदेश में 31 मार्च,2001 तक सड़कों की कुल लम्बाई 27,217 किलो मीटर थी तथा 7,867 गांव सड़कों से जुड़े हुए थे जिनका ब्यौरा सारणी 8.2 में दिया जा रहा है।

सारणी 8.2

सड़कों से जुड़े गांव	31 मार्च को संख्या		
	1999	2000	2001
1500 से अधिक आबादी वाले गांव	184	184	185
1000-1500 की जनसंख्या वाले	223	224	224
500-1000 की जनसंख्या वाले	839	843	847
200-500 की जनसंख्या वाले	2517	2551	2575
200 से कम की जनसंख्या वाले	3973	4001	4036
कुल	7736	7803	7867

रेलवे

8.4 प्रदेश में केवल दो छोटी लाईनें शिमला-कालका (96 किलोमीटर) और जोगिन्द्रनगर-पठानकोट (113 किलोमीटर) तथा नंगल डैम-ऊना (16 किलोमीटर) बड़ी लाईन है।

पथ परिवहन

8.5 मण्डी कुल्लू पथ परिवहन निगम तथा हिमाचल सरकार परिवहन को मिला कर 2 अक्तूबर 1974 को हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्थापना की गई। समन्वित, आयोजित, पर्याप्त, सस्ती तथा कार्यसाधक परिवहन सेवाएं उपलब्ध करवाना निगम का मुख्य उद्देश्य है। पथ परिवहन राज्य में आर्थिक कार्यकलाप हेतु यातायात का एक मुख्य साधन है क्योंकि अन्य परिवहन सेवांए जैसे रेलवे, वायुमार्ग, टैक्सी, औटो रिक्शा इत्यादि नगण्य के बराबर है। इसीलिए पथ परिवहन निगम को प्रदेश में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। हिमाचल पथ परिवहन निगम राज्य में तथा राज्य से बाहर यात्रियों को परिवहन सुविधांए उपलब्ध करवा रहा है। 30 नवम्बर 2001 तक निगम के पास 1,766 बसे थी। पथ परिवहन निगम का प्रचालन राजस्व नवम्बर 2001 तक 135.48 करोड़ रूपए हो गया है। निगम ने नागरिकों को इन्टरनेट (वैवसाईटस तैयार करके) द्वारा अग्रिम बुकिंग तथा सामान्य सूचना उपलब्ध करवाना भी शुरू किया है।

8.6 लोक हित के लिए निम्नलिखित योजनाएं इस वर्ष भी कार्यान्वित रहीं ।

(i) स्मार्ट कार्ड योजनाः जिसमें लोगों को 50 रूपए जमा करने पर एक कार्ड प्राप्त होता है जो एक वर्ष तक चलेगा तथा 10 कि.मी. से अधिक यात्रा करने वाले यात्रियों को यात्रा भाड़े में 10 प्रतिशत तथा वरिष्ठ नागरिकों को यह छूट 20 प्रतिशत है।

(ii) ग्रुप डिस्काउंट स्कीमः इसके अन्तर्गत 100 किलो मीटर से अधिक यात्रा करने

सड़कें


'000 कि0मी0
28
24
20
16
12
8
4
0
1994-95
95-96
96-97
97-98
98-99
99-2000
2000-2001
मोटर चलने योग्य दोहरी सड़के
मोटर चलने योग्य एकहरी सड़के
जीप चलने योग्य
जीप चलने अयोग्

वाले 4 से 9 व्यक्तियों के समूह को 10 प्रतिशत तथा 9 से अधिक व्यक्तियों के समूह को 15 प्रतिशत छूट मिलेगी।

(iii) कोरियर सेवाः पथ परिवहन निगम ने 1.11.2000 से अपनी बसों के माध्यम से बुकिंग आफिस से बुकिंग आफिस तक कोरियर सेवा प्रारम्भ की है।

9. पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन

9.1 हिमाचल प्रदेश में पर्यटन को अर्थव्यवस्था का एक अत्याधिक महत्वपूर्ण अंग माना गया है क्योंकि इसे भविष्य के लिए विकास का एक मुख्य आधार यंत्र अनुभव किया जा रहा है। पर्यटन कार्यकलापों में सहायक सभी आधार स्त्रोत व साधन प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं जैसे भौगोलिक व सांस्कृतिक विभिन्नता, स्वच्छ, शांत व सुन्दर वातावरण, वनं, झीलें, पर्वत, नदियां व झरने धार्मिक मन्दिर, ऐतिहासिक स्मारक और मैत्रीपूर्ण व स्नेहिल लोग।

9.2 हिमाचल प्रदेश सरकार ने पर्यटन उद्योग को अत्यन्त उच्च प्राथमिकता प्रदान की है। सरकार ने पर्यटन के विकास के लिए समुचित संरचना का विकास किया है जिसके अन्तर्गत जनउपयोगी सेवाऐं जैसे सड्के, संचार, हवाई अड्डे, परिवहन सुविधाऐं, जलआपूर्ति एंव नागरिक सुविधांओं का प्रावधान किया है। पर्यटन विकास में सहायक समुचित संरचना विकास व निर्माण के लिए भारी मात्रा में निवेश किया जा रहा है। वर्ष 2001-2002 के लिए पर्यटन के अन्तर्गत 488.50 लाख रूपये एंव नागरिक उड्डयन के अन्तर्गत 67.26 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है। पर्यटन विभाग अपनी विभिन्न गतिविधियों द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयत्नशील है। राज्य के उन क्षेत्रों, जो पर्यटन के लिए नहीं खोले जा सके थे, में पर्यटन विकास के लिए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम केलांग, काजा, सांगला, कसौली, कल्पा, और खड्ग-पत्थर में अपने परिसर स्थापित करने जा रहा है। इनके अतिरिक्त वर्ष 2001-2002 में मनाली में क्लब हाउस के समीप खेल सुविधांए व कैफे चन्द्रताल के समीप पार्किंग व्यवस्था का प्रावधान, डलहौजी में पार्किंग व्यवस्था, जंजैहली (मण्डी) में ट्रैकरज होस्टल, बिलासपुर में पर्यटक परिसर, होटल हमीर(हमीरपूर) में 10 अतिरिक्त कमरों की व्यवस्था, धार्मिक पर्यटन का विकास, गोन्विद सागर झील(बिलासुपर), ज्वालाजी व सुन्दरनगर में पर्यटक स्वागत कक्ष का निर्माण, सांस्कृतिक गांव परागपुर में कला व शिल्प गांव, बगला देवी मन्दिर (देहरा) का सौन्दर्याकरण, कुफरी और मनाली के रास्ते में आधारभूत सुविधांए, हस्तशिल्प ग्राम, कुफरी में पार्किंग, जलक्रीड्ा केन्द्र देहरा, रोहतांग व सोलंग के रास्ते में आधारभूत सुविधांए व पार्किगं व्यवस्था सम्बन्धी योजनाएं ली गई हैं जिन्हें कि भारत सरकार भी प्रधानता दे रही है। चामुंडा, ज्वालाजी, कांगडा, दियोटसिद्व चिन्तपूर्णी व नैनादेवी में यात्रियों को उत्तम सुविधांएं प्राप्त करवाने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

9.3 पर्यटन विकास में पर्यटन सूचना प्रसार महत्वपूर्ण भूमिका रखता है। पर्यटन विभाग पर्यटक सूचना की पुस्तिकाएं तैयार करता है तथा प्रदेश एंव प्रदेश से बाहर मनाये जाने वाले मेलों एंव उत्सवों में भाग लेता है। विभाग ने टी.टी.एफ.- कोलकता अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला दिल्ली, सप्तम अन्तर्राष्ट्रीय हिमालयन उत्सव धर्मशाला, आई.आई.टी.एम. हैदराबाद और आई. टी. एम, चण्डीगढ़, दिल्ली व जयपुर यात्रा एवं पर्यटन एक्सपो नागपुर आई. ए. टी. ओ. जोधपुर भारतीय पर्यटन व सांस्कृतिक स्पर्धा, दिल्ली में भाग लिया। सितम्बर 2001 में भारत सरकार के सहयोग से रिकांग पिओ में बौद्व महोत्सव का आयोजन किया गया। पर्यटन विभाग ने अप्रैल, 2001 मे हिमटैब का भी आयोजन किया। शिमला बाई-पास पर एक पर्यटन सूचना केंद्र भी खोला गया है जो कि पर्यटकों को आवश्यक सूचना एंव मार्ग दर्शन उपलब्ध करता है। कुफरी में पर्यटक परिसर पार्किंग सुविधा,

स्थानीय दस्तकारी के विकास हेतु व्यवसायिक परिसर का प्रावधान भी किया गया है। निजि उद्यमियों को प्रोत्साहित करने हेतु विभाग ने पूरे प्रदेश में अनेक स्थानों का चयन किया है । विभाग ने 14 स्थान रज्जू मार्गो की स्थापना के लिए चिन्हित किये है इन में से 2 रज्जू मार्ग, श्री नैना देवी जी एवं जाबली से कसौली ने वाणिज्यक कार्य आरम्भ कर दिया है जबकि चम्बा घाट से करोल टिब्बा रज्जू मार्ग का कार्य प्रगति पर है और न्यूगल रज्जू मार्ग परियोजना, पालमपुर के लिए सहमति ज्ञापन हस्ताक्षरित किया जा चुका है तथा सोलंग नाला रज्जू मार्ग का कार्य विभाग IL और FS द्वारा करवा रह है।

9.4 साहसिक पर्यटन के विकास के दृष्टिगत झीलों का विकास प्राथमिकता के रूप में लिया जा रहा है जिसके लिए उपकरण खरीदे जा चुके है और झील स्थल पर पर्यटकों के लिए उपलब्ध है। बिलासपुर में गोविन्दसागर झील के समीप लुहणू मैदान में 100.00 लाख रूपये की लागत वाला जल क्रीड़ा केंद्र भी स्थापित किया गया है। एक एयरो क्रीड़ा केन्द्र बीड़ के लिए प्रस्तावित है जिसकी कुल लागत 25.25 लाख रुपये होगी। इस परियोजना के लिए भारत सरकार ने 19.60 लाख रुपये स्वीकृत कर दिये हैं। स्थानीय युवकों को राफ्टिंग एंव अन्य जल क्रीडाओं का प्रशिक्षण् दिया जा रहा है। जल क्रीड़ाओं, एयरो क्रीड़ा, ट्रैकिंग एंव एंगलिंग में प्रशिक्षण् देने हेतु नियमित प्रशिक्षण शिवरों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2001-2002 में मानव संसाधन विकास के अन्तर्गत 3 कोंस, स्वागत कोर्स, हाउसकिपिंग तथा 8 ई.डी.पी. कोर्स का विभाग द्वारा आयोजन किया गया जिसमें 289 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किया गया। सरकार द्वारा हैली स्कींग से वर्ष 1990-2001 के मध्य सीधे तौर पर 74.11 लाख रूपये की आय प्राप्त हुई।

नागरिक उड्डयन

9.5 इस समय प्रदेश में जुब्बर हट्टी (शिमला), भुंतर (कुल्लू) एंव गग्गल(कांगड़ा) तीन हवाई अड्डे है व 54 हैलीपैड भी आप्रेशन हेतु उपलब्ध है। राज्य सरकार ने बडे वायुयानों हेतु व यात्रियों को अच्छी सुरक्षा सुविधाएं प्रदान करने के लिए इन हवाई अड्डों को सदृढ़ बनाने व इनका विस्तार करने का निर्णय लिया है । वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक शिमला हवाई अड्डे के विस्तार कार्य पर 3.17 करोड़ रूपये व्यय किए गए हैं तथा कांगड़ा व कुल्लू मनाली हवाई अड्डे के विस्तार कार्य हेतु राज्य सरकार व एयरपोर्ट अथौरटी आफॅ इण्डिया के मध्य सहमति ज्ञापन हस्ताक्षरित किया जा चुका है।

10. सामाजिक एवं आर्थिक सेवाएं

शिक्षा

10.1 हिमाचल प्रदेश में 2001 की जनगणना के अनुसार साक्षरता दर 77.13 प्रतिशत है। राज्य में पुरुषों व स्त्रियों की साक्षरता दर में काफी अंतर है। पुरुषों की 86.02 प्रतिशत साक्षरता दर की तुलना में स्त्रियों की साक्षरता दर 68.08 प्रतिशत है। इस अन्तर को पूरा करने के विशेष प्रयास किए जा रहे हैं।

प्राथमिक पाठशालाएं

10.2 प्रदेश में इस समय 10,633 अधिसूचित प्राथमिक पाठशालाएं हैं जिनमें से 10,534 कार्यमूलक हैं। शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिए हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य घोषित करते हुए अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा अधिनियम 1997(1998 का एक्ट 2) बनाया है जो कि अप्रैल 1998 से लागू हो गया है। स्कूलों में अधिक से अधिक हाजरी बढ़ाने व स्कूल छोड़ने की प्रवृति को रोकने के लिए सरकार विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियां व प्रोत्साहन इन स्कूलों के बच्चों को दे रही है जैसे कि आई.आर.डी.पी. के अर्न्तगत प्रत्येक छात्र को 150 रुपये प्रति वर्ष छात्रवृति, जिसके लिए चालू वित्तीय वर्ष में 150.00 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है। जनजातीय क्षेत्रों में सभी छात्रों को मुफ्त पुस्तकें व कापियां, लड़कियों को मुफ्त कपड़े व स्कूल ड्रैस, गैर जन जातीय क्षेत्रों में आई.आर.डी.पी. / अनुसूचित जाति व जन-जातिय छात्रों को मुफ्त पुस्तकें, छात्राओं को 20 रुपये प्रति छात्रा प्रति वर्ष उपस्थिति छात्रवृति, 4 रुपये प्रतिमास की दर से गरीबी बजीफा, जन-जातीय क्षेत्र के सभी छात्रों को लाहौल-स्पिति आधार पर 8. रुपये प्रति मास बजीफा, तथा सैनिक बच्चों के लिए 150/- रूपये प्रति मास छात्रवृति दी जा रही है। प्रदेश के सभी सामुदायिक विकास खण्डों में मिड-डे-मील अभी भी कार्यान्वित है। वर्ष 2091-2002 के दौरान विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियों एवं अन्य प्रोत्साहन के अनर्तगत 4.69 करोड़ रूपये व्यय किए जाने का अनुमान है। प्रदेश में शत प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्राथमिक शिक्षा विभाग व जिला के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित जिला साक्षरता समितियों के समायोजन से प्रत्येक जिले में साक्षरता मिशन आरम्भ किया गया है। राज्य सरकार ने महत्वकांक्षी योजना जो कि "सरस्वती बाल विद्या संकल्प" योजना के नाम से जानी जाती है, आरम्भ की है जिसके अंतर्गत् 13,612 नए कमरें चरणबद्ध तरीके से बनाए जाने की घोषणा की गई है जिसके अतंर्गत प्रत्येक प्राथमिक पाठशाला में कम से कम 3 कमरे अवश्य उपलब्ध किए जाने हैं। राज्य सरकार द्वारा इस हेतु वर्ष 2001-02 में प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना के अन्तर्गत 790.13 लाख रूपये तथा एस. सी. पी. में 489.75 लाख रूपये प्रदान किए गए हैं। 31.12.2001 तक 3,010 कमरे तैयार किए जा चुके हैं तथा 3,273 कमरों का निर्माण प्रगति पर है

10.3 विभाग द्वारा विद्या उपासकों के लिए विशेष इन्डक्शन ट्रेनिंग कोर्स तैयार किया गया है ताकि विद्या उपासक प्रवीणता से कक्षाओं को चला सकें।

10.4 शक्तियों के विकेन्द्रीकरण के तहत पंचायती राज को वर्ष 1996 में प्राथमिक पाठशालाओं का निरीक्षण, प्राथमिक पाठशाला भवन के रख-रखाव एवं मुरम्मत और प्राथमिक पाठशालाओं में पढ रहे विद्यार्थियों को दी जा रही विभिन्न छात्रवृतियों इत्यादि की देखरेख की भी शक्तियां प्रदान की गई है। अब इसके तहत प्राथमिक पाठशालाओं के भवन पंचायती राज के अधीन रहेंगे। इन भवनों का निर्माण तथा मुरम्मत कार्य पंचायतों द्वारा ही किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश के दूर -दराज कठिन एवं दुर्गम क्षेत्र की प्राथमिक पाठशालाओं में रिक्त पदों के दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा हिमाचल प्रदेश ग्राम विद्या उपासक योजना के अन्तर्गत, ग्राम विद्या उपासकों की नियुक्ति भी प्रस्तावित है।

10.5 भारत सरकार द्वारा देश में प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण हेतु सर्व शिक्षा अभियान प्रारम्भ किया गया है। सर्व शिक्षा अभियान प्रारम्भिक शिक्षा के सार्वभौमिरण हेतु सामुदायिक भागीदारी द्वारा चलाया जाने वाला कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देदय देश में 6-14 वर्ग के आयु के बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करना है। इस कार्यक्रम के तहत लड़कियों की शिक्षा तथा अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन-जाति से सम्बन्धित बच्चों को प्रारम्भिक शिक्षा प्रदान करने पर विशेष बल दिया गया है।

माध्यमिक पाठशालाएं

10.6 वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक 3,188 माध्यमिक युनिट, जिनमें 1,674 माध्यमिक पाठशालाएं 978 उच्च माध्यमिक पाठशालाओं के माध्यमिक यूनिट तथा 536 वरिष्ठ पाठशालाओं के माध्यमिक यूनिट सम्मिलित है, राज्य सरकार के अधीन कार्यरत हैं।

उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा

10.7 वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक 1,514 उच्च/वरिष्ठ यूनिट, जिनमें 978 उच्च पाठशालाओं के यूनिट तथा 536 वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के उच्च स्कूलों के यूनिट सम्मिलित हैं, कार्यरत थे।

विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा

10.8 दिसम्बर 31.12.2001 तक प्रदेश में 37 महाविद्यालय कार्य कर रहे थे जिनमें से एक बी.एड कालेज धर्मशाला में तथा एक एस.सी.ई.आर.टी. शिक्षा संस्थान सोलन सम्मिलित हैं। हिमाचल प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जिसने वर्ष 1995-96 से लड़कियों को सभी स्तरों पर सरकारी स्कूलों में दाखिला लेने से लेकर विश्वविद्यालय जिसमें व्यावसायिक तथा तकनीकी कोर्स भी सम्मिलित है मुफ्त शिक्षा देने की घोषणा की है।

विकलांगों के लिए एकीकृत शिक्षा

10.9 वर्ष 2000 में राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया था कि 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता वाले छात्रों को विश्वविद्यालय स्तर तक निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी तथा यह वर्तमान वर्ष में भी जारी रहेगी।

10.10 समाज के वंचित वर्ग के शिक्षा स्तर को सुधारने के लिए राज्य व केन्द्रीय सरकार ने विभिन्न प्रकार की छात्रवृतियां/ वजीफे प्रदान किए है जिसपर प्रतिवर्ष 14.60 करोड़ रूपये का व्यय होता है।

10.11 राज्य सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से सम्बन्धित विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम की पुस्तकें मुफ्त दे रही है। वर्ष के दौरान इस योजना पर लगभग 10.56 करोड़ रूपये व्यय होने की सम्भावना है।

तकनीकी शिक्षा

10.12 प्रदेश में इस समय एक क्षेत्रीय इन्जीनियरिंग कालेज, 1 निजी इन्जीनियरिंग कालेज, 7 सरकारी बहुतकनीकी संस्थान, 28 सह शिक्षा औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिनमें एक संस्थान विकलांग व्यक्तियों के लिए सम्मिलित है, 16 महिला प्रशिक्षण संस्थान तथा एक मोटर ड्राईविंग एंव हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी आपरेटर प्रशिक्षण स्कूल कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त निजी क्षेत्र में 4 सह शिक्षा औद्यौगिक प्रशिक्षण्ध केन्द्र जो कि क्रमशः जिला कांगड़ा के परागपुर एवं गगल जिला सोलन के परवाणु में तथा जिला हमीरपुर के लोहारियां में चल रहे हैं। जिला कांगड़ा में परागपुर तथा जिला हमीरपुर में लोहारियां में एक-एक आई.टी.आई. भी कार्यरत है। बहुतकनीकी संस्थानों में 3 और 2 वर्षीय पाठ्यक्रमों द्वारा 11 विभिन्न इजींनियरिंग और नौन इंजीनियरिगं शाखाओं तथा कम्पयूटर प्रयोग में डेढ़ वर्षीय डिप्लोमे का प्रशिक्षण दिया जाता हैं। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में क्राफ्टमैन प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत 24 इंजीनियरिंग व 11 नॉन इंजीनियरिंग व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जाता है। राजकीय बहु तकनीकी संस्थान (महिला) कण्डाघाट तथा हमीरपुर में इस वर्ष से तीन वर्षीय कम्पयूटर इन्जीनियरिंग के व्यवसाय भी शुरू किए हैं तथा शैक्षणिक सत्र 2002-2003 से राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सुन्दर नगर में कम्पयूटर इजीनियरिंग तथा राजकीय बहुतकनीकी संस्थान कांगड़ा में सूचना प्रौद्यौगिकी का तीन वर्षीय डिप्लोमा कोर्स भी शुरू किया जाना प्रस्तावित है। प्रदेश में तकनीकी शिक्षा को सुदृढ़ करने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। नए खोले गए संस्थानों को भवन मशीनरी हेतू अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद व व्यवसायिक प्रशिक्षण परिषद के मानकों के अनुसार उचित वित्तिय सहायता दी जा रही है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

10.13 हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जन स्वास्थ्य, विभिन्न बिमारियों की रोकथाम, स्वास्थ्य शिक्षा, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अमूल्य सेवाएं, 50 चिकित्सालयों, 65 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 304 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 155 औषधालयों और 2,068 उपकेन्द्रों के माध्यम से प्रदान की जा रही है। राज्य में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सरकार स्वास्थ्य संस्थानों में नवीनतम उपकरण, विशेष सुविधाएं, डाक्टर तथा पैरा मैडिकल स्टाफ को सुद्धढ़ करने के लिए वर्तमान ढांचे को सुद्धढ़ कर रही है तथा वर्तमान स्वास्थ्य संस्थानों के स्तर को बढ़ा रही है। वर्ष 2001-2002 के दौरान राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है:-

(i) **ग्रामीण स्वास्थ्य योजना:-** इस योजना के अन्तर्गत राज्य में ग्रामीण स्वास्थ्य मार्ग दर्शकों द्वारा लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की जा रही है। ये गाईड नागरिक पंजीकरण, मलेरिया निरीक्षण, परिवार कल्याण तथा टीकाकरण की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं ।

(ii) **राष्ट्रीय मलेरिया विरोधी कार्यक्रम:-** इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 291 रोग चिकित्सा डिपो, 1887 औषधि वितरण केन्द्र 220 मलेरिया क्लिनिक्स कार्य कर रहे थे। वर्ष 2001-02 में नवम्बर 2001 तक इस कार्य के अन्तर्गत 5,25,551 रक्त स्लाईडें एकत्रित की गईं जिनमें से 340 अनुकूल पाई गई और 345 मामलों का आमूल उपचार किया गया तथा इस अवधि में कोई भी मृत्यु का मामला प्रकाश में नहीं आया।

(iii) **कुष्ठ नियन्त्रण कार्यक्रम:-** राष्ट्रीय कुष्ठ रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रचालित दर जो वर्ष 1955 में 26 प्रति दस हजार थी, 31 दिसम्बर 2001 तक घटकर 0.55 प्रति दस हजार रह गई। 2001-2002 के 50 मामलों के लक्ष्य के विरुद्ध दिसम्बर 2001 तक 205 नए मामलों का पता लगाया गया। इस कार्यक्रम के अनतर्गत 150 मामलों का चयन पुर्नरचना सर्जरी के लिए किया गया था जिनमें से 67 मामलों का आपरेशन किया गया।

(iv) **एस.टी.डी. नियन्त्रण कार्यक्रम:-** इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश मे 71 एस.टी.डी. संस्थाएं एस.टी.डी. के उपचार तथा पता लगाने के लिए कार्य कर रही हैं। अक्तूबर 2001 तक एस.टी.डी. के 19,000 रक्त के नमूने सीफिलिस रोग की जांच के लिए आए जिनमें से 133 मामले अनुकूल पाए गए। इसके अतिरिक्त 4,791 नमूनों की जी.सी.,टी.वी. आदि की जांच की गई तथा 630 मामले अनुकूल पाए गए।

(v) **राष्ट्रीय क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम:-** इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 2 क्षय रोग चिकित्सालय, 12 जिला क्षय रोग केन्द्र/क्लीनिक, 37 क्षयरोग युनिट और 142 माईक्रोस्कोपिक केन्द्र जिनमें 721 बिस्तरों का प्रावधान है, कार्यरत थे। वर्ष 2001-2002 के दौरान दिसम्बर 2001 तक 7749 नए रोगियों का पता लगाया गया जिनमें इस बीमारी के लक्षण अनुकूल पाए गए तथा 38,401 व्यक्तियों के थूक की जांच की गई।

(vi) **अन्धता निवारण राष्ट्रीय कार्यक्रम:-** वर्ष 2001-2002 मे 18,100 कैटरेक्ट आप्रेशन करने का लक्ष्य है जिसके अन्तर्गत दिसम्बर 2001 तक 9906 कैटरैक्ट आप्रेशन किए गए । इस वर्ष स्कूली बच्चों की नेत्र स्क्रीनिंग तथा आंखों की रोशनी की जांच का कार्य शुरू कर दिया गया है।

(vii) **राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम:-** राज्य में परिवार कल्याण कार्यक्रम स्वेच्छा के आधार पर चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दिसम्बर 2001 तक क्रमश: 14,373 बन्धयाकरण तथा 22,180 लूप

निवेश किए गए।

(viii) **शिशु उत्तरजीविता एवं सुरक्षित मातृत्व कार्यक्रम:-** हिमाचल प्रदेश में यह कार्यक्रम केन्द्र प्रायोजित योजना के रुप में विश्व बैंक की सहायता से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं, बच्चों, तथा बहुत छोटे बच्चों में मृत्यु दर तथा मौरबिडिटी को कम करना है। टीकाकरण से बचाव वाली अन्य विमारियों जैसे क्षयरोग, गलघोटू घनुष्टकार नीयो-नाटल, टैटनस, पोलियोयीलिटिस तथा खसरा में भी गत वर्षों में सराहनीय कमी आई है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2001-2002 में दिसम्बर 2001 तक की उपलब्धियां नीचे दी गई हैं :-

सारणी 10.1

मद	लक्ष्य 2001-2002	उपलब्धियां 2001 दिसम्बर तक
1. टी.टी.(गर्भवतीमाताएं)	1,64,930	1,00,086
2. डी.पी.टी.	1,40,650	95,696
3. पोलियो	1,40,650	95,527
4. डी.पी.टी.बुस्टर	--	83,364
5. पोलियो बुस्टर	--	83,583
6. बी.सी.जी.	1,40,650	1,00,918
7. मीजंल	1,40,650	98,025
8. डी.टी. 5-6 वर्ष	--	1,15,076
9. टी.टी.10 वर्ष	--	97,887
10. टी.टी.16 वर्ष	--	69,518
11 माताओं को आयर्न, फोलिक एसिड	1,64,930	2,33,077
12.विटामिन "ए" पहली खुराक	1,40,650	94,883
13.विटामिन "ए" दूसरी खुराक	--	82,869

इस कार्यक्रम के अंतर्गत पिछले वर्ष की तरह पल्स पोलियो प्रतिरक्षण अभियान पुन: चलाया गया। अभियान को कुल दो चरणों 2.12.2001 और 20.1.2002 में पूरा किया गया। इस अभियान के अंतर्गत 0-5 वर्ष तक की उम्र वाले बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। पहले चरण के अभियान में 6,89,386

बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाई गई।

(ix) **राष्ट्रीय आयोडीन न्यूनत्तम अव्यवस्था नियन्त्रण कार्यक्रम:-** इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में आयोडीन की कमी के कारण जो अव्यवस्था उत्पन्न हो जाती है तथा इस समस्या से कैसे निपटा जा सकता है उसके बारे में लोगो को जागरुक करवाना है। नवम्बर,2001 तक इस वर्ष नमक के 77,991 नमूनों की जांच की गई।

(x) **राष्ट्रीय एडस् नियंत्रण कार्यक्रम:-** यह कार्यक्रम प्रदेश में वर्ष 1992 से केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम के रुप में चलाया गया है। दिसम्बर 2001, तक 30,849 जांच किए व्यक्तियों में से 339 एच0आई0वी0 के अनुकूल मामले पाए गए जिसमें 91 एडस् मामले भी शामिल है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत योजना तथ विभिन्न गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए राज्य एडस नियंत्रण सोसाइटी का गठन किया गया है।

स्वास्थ्य शिक्षा तथा अनुसंधान

10.14 स्वास्थ्य शिक्षा तथा अनुसंधान निदेशालय विभिन्न स्वास्थ्य विज्ञान तरीकों तथा उनकी उपलब्धियों की समीक्षा कार्यक्रमों को समन्वित करने के लिए वर्ष 1996-97 में स्थापित किया गया। इस समय प्रदेश में दो आयुर्विज्ञान महाविद्यालय; इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, तथा डाक्टर राजिन्द्र प्रसाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, टांडा तथा एक सरकारी दन्त महाविद्यालय, शिमला के अतिरिक्त नालागढ़, सोलन तथा सुन्दरनगर में तीन प्राइवेट दन्त महाविद्यालय कार्यरत है।

(क) इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय: यह राज्य का मुख्य चिकित्सा संस्थान है जिसमें प्रति वर्ष 65 विद्यार्थियों को मैडीसन में स्नातक तथा 53 विद्यार्थियों को स्नात्कोत्तर डिप्लोमा/डिग्री में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस महाविद्यालय में 32 विभाग है जिनमें शल्य चिक्तिसा में विशेषज्ञता, कारडिओलोजी, नयूरोलोजी, यूरोलोजी तथा गैसटीनट्रोलोजी इत्यादि सम्मिलित है। इन्दिरा गांधी चिकित्सालय तथा कमला नेहरू चिकित्सालय प्रशिक्षण व पढ़ाई के लिए इसके साथ जुड़े है। यहां दिन रात अपघात विभाग व कार्डिक यूनिट, ब्लड बैक एवं प्रयोगशाला प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन्दिरा गांधी आयुर्विज्ञान महाविद्यालय भारत के उन महाविद्यालयों में से है जिनके पास फाईवर ओपटिक इन्डोस्कोपी, सी.टी.स्कैन तथा क्लोज हृदय शल्य चिकित्सा की सुविधा है। इसके अतिरिक्त कैंसर रोगियों के उपचार हेतु एक क्षेत्रीय कैंसर केंद्र भी उपलब्ध हैं। यहां पेस मेकर को लगाने की सुविधा भी प्राप्त है और रेडियोथ्रेपी की सेवाएं कैंसर रोगियों को उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

(ख)डाक्टर राजिन्द्र प्रसाद आयुर्विज्ञान महाविद्यालय, टांडा :- काँगड़ा जिला में वर्ष 1998-99 में टाँडा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय ने कार्य करना शुरु कर दिया है तथा इस संस्थान में 50 प्रशिक्षणार्थियों की क्षमता है। इस आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में 32 विभाग है तथा इसे 350 बिस्तरों वाले धर्मशाला चिकित्सालय से जोड़ा गया है।

(ग)दन्त महाविद्यालय एवं चिकित्सालय :- वर्ष 1994-95 के दौरान एक दन्त महाविद्यालय एवं चिकित्सालय प्रदेश में शुरु किया गया। इस महाविद्यालय में 20 बी.डी.एस. प्रशिक्षणार्थियों की क्षमता है। दन्त महाविद्यालय में स्नातकोतर कक्षाएं शुरू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह महाविद्यालय राज्य की हमेशा से दन्त-चिकित्सकों तथा दन्त-पैरामेडिकल स्टाफ की मांग को पूरा करने तथा लोगों को बेहतर एवं आधुनिक दन्त-चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से खोला गया। चालू वित्त वर्ष से दन्त रोगियों को अन्तरंग सुविधांए भी प्राप्त करवाई जा रही है।

आयुर्वेद

10.15 हिमाचल प्रदेश में जनता को भारतीय चिकित्सा पद्वति तथा होम्योपैथिक द्वारा सुविधाएं प्रदान करने के लिए 2 क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अस्पताल, 2 वृत अस्पताल, 3 जनजातीय अस्पताल, 8 जिला अस्पताल, 1 प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र 1,112 आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र 7 दस/बीस बिस्तरों वाले अस्पताल, 3 युनानी स्वास्थ्य केन्द्र 14 होम्योपैथिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा 4 आमची कलिनिक कार्यरत हैं। वर्ष 2001 में इन संस्थाओं में 60037 अन्तरंग व 38,52,540 बाह्य रोगियों का ईलाज किया गया। वर्ष 2001 में विभाग द्वारा 23 नि:शुल्क शिविर लगाए गए जिनमें मरीजों को नि:शुल्क दवाईयां दी गई। विभाग के अन्तर्गत 2 आयुवेर्दिक फार्मेसियां कार्यरत हैं जिनमें से एक जोगिन्द्रनगर जिला मण्डी तथा दूसरी माजरा जिला सिरमौर में स्थित है। यह फार्मेसियाँ औषधियों का निर्माण करती हैं जिनसे विभाग की संस्थाओं को दवाईयां प्राप्त होती हैं। आयुर्वैदिक फार्मेसियों के आधुनिकीकरण हेतु भारत सरकार को एक 3.00 करोड़ रूपये का योजना प्रस्ताव भेजा गया था जिसमें से 91.02 लाख रूपये की राशि वर्ष 2001-2002 में आयुर्वैदिक फार्मेसी जोगिन्द्रनगर के लिए स्वीकृत हुई हैं। कांगड़ा जिले के पपरोला में बी.ए.एम.एस. उपाधियों और आयुर्वेदिक शिक्षा देने के लिए एक आयुर्वेदिक महाविद्यालय भी कार्य कर रहा है जिसकी क्षमता 50 विद्यार्थी प्रति वर्ष है। इसके अतिरिक्त, महाविद्यालय में काय-चिकित्सा और शल्य तन्त्र की स्नात्कोत्तर श्रेणी भी शुरु कर दी है।

जड़ी बूटियों के स्त्रोंतों का विकास

10.16 राज्य में दवाईयां बनाने के लिए पर्याप्त जड़ी बूटियां हैं। इन्हें गलत तरीकों से निकालने के कारण कई प्रजातियां समाप्ति के कगार पर पहुंच गई हैं। इसे बचाने व सुरक्षित रखने के लिए

विभाग ने विभिन्न् कृषि जलवायु क्षेत्रों में जड़ी बूटियों के उद्यान लगाए हैं जैसे कि:-

(क)जड़ी बूटी उद्यान जोगिन्द्रनगर

यह उद्यान लगभग 25 एकड़ के क्षेत्र में विकसित किया गया है। जहां 225 से भी अधिक किस्मों की विभिन्न जड़ीबूटियां हैं। कृषि तकनीकी द्वारा पांच चयनित प्रजातियों के विकास के लिए भारत सरकार से 16.38 लाख रूपये की राशि प्राप्त हो चुकी है।

(ख)जड़ी बूटी उद्यान नेरी (हमीरपुर)

यह उद्यान लगभग 28 एकड़ क्षेत्र में लगाया जा रहा है। और 10 एकड़ क्षेत्र नर्सरी उगाने के लिए विकसित किया जा चुका है। भारत सरकार से इस उद्यान हेतु 8.00 लाख रूपये प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त 5.06 लाख रूपये का प्रावधान राज्य बजट में है।

(ग)जड़ी बूटी उद्यान दुग्रेदा (रोहड़ू)

इस उद्यान को लगाने हेतू 35 बीघा जमीन ले ली गई है। लगभग् 3 से 5 बीघे तक को पौधरोपण हेतु विकसित किया जा चुका है जहां 11,000 पौधों को पौली बैग में रखा जा चुका है।

(घ)जड़ी बूटी उद्यान जंगल झलेरा(बिलासपुर)

यह उद्यान 5 हैक्टेयर भूमि में लगाया जा रहा है जिसके विकास के लिए भारत सरकार ने 5.00 लाख रूपये की राशि स्वीकृत कर दी है।

औषधीयुक्त पौधों की पैदावार कटाई उनको एकत्र करने व विपणन सम्बन्धी वैज्ञानिक व तकनीकी ज्ञान प्रदान करने के लिए विभाग द्वारा कई किसान प्रशिक्षण कैम्प आयोजित किये गए हैं। आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवता के नियंत्रण हेतू जोगिन्द्रनगर में एक औषधी जांच प्रयोगशाला भी कार्यरत है।

समाज कल्याण एवं पिछड़े वर्गों का कल्याण

10.17 समाज एवं महिला कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश का मुख्य लक्ष्य अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गों, वृद्धों एवं वेसहारा, शारीरिक रुप से विकलांग बच्चों, महिलाओं, विधवाओं तथा बेसहारा महिलाओं जो नैतिक खतरे में हों, की सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति करना है। सामाजिक कल्याण कार्यक्रम के अन्तर्गत निम्न परियोजनाएं कार्यान्वित की जा रही हैं:-

समाज कल्याण

10.18 इस योजना के अन्तर्गत उन व्यक्तियों को पैंशन दी जाती है जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है और उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं तथा उनकी वार्षिक आय 6,000

रुपये से अधिक नहीं हैं। यह पैंशन 150 रुपये प्रति मास की दर से दी जाती है । अपंग व्यक्तियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है और उनको यह पैंशन अपंग राहत भत्ते के रुप में दी जाती हैं । इसी प्रकार विधवाओं को भी इस पैंशन की प्राप्ति के लिए कोई आयु सीमा नहीं है । प्रदेश में इस प्रकार के पैंशनरों की संख्या 1,69,693 है । इसके अतिरिक्त लगभग 1,948 कुष्ठ रोगी व्यक्तियों को 170 रुपये प्रति मास की दर से पुनर्वास भत्ता दिया जाता रहा है। वर्ष 2001-2002 के दौरान वृद्धावस्था, विधवा और अपंग व्यक्तियों के लिए 33 .72 करोड़ रुपए तथा कुष्ठ रोगियों के लिए 34.80 लाख रुपये का बजट प्रावधान था। राष्ट्रीय सुरक्षा स्कीम के अंतर्गत ऐसे बृद्ध व्यक्तियों को पैंशन दी जा रही है जिनकी आयु 65 वर्ष या इससे अधिक है तथा जिनकी देखभाल करने वाला कोई न हो, इन व्यक्तियों को 150 रुपये प्रतिमाह की दर से पैंशन दी गई। इस योजना के अंतर्गत 75 रुपये केन्द्रीय सरकार द्वारा तथा 75 रुपये राज्य सरकार द्वारा दिए जाते हैं। इस स्कीम के अंतर्गत 25,272 बृद्धों को लाभान्वित किया गया।

बाल कल्याण

10.19 अनाथ, अर्ध-अनाथ तथा निराश्रित बच्चों की देखभाल के लिए विभाग बाल/बालिका आश्रमों को चलाने हेतु अनुदान प्रदान कर रहा है। स्वयंसेवी संघों द्वारा सराहन, सुन्नी, दुर्गापुर टुटीकण्डी,(शिमला), रॉकवुड (शिमला), कुल्लू, टिस्सा, भरमौर (चम्बा) ढल्ली, कल्पा, शिल्ली (सोलन), भरनाल, डैहर और चम्बा में बाल/बालिका आश्रम चलाए जा रहे हैं । परागपुर कांगड़ा मशोवरा (शिमला) में बालिका आश्रम तथा सुजानपुर (हमीरपुर), और टुटीकण्डी (शिमला) में बाल आश्रम विभाग द्वारा चलाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त रोहड़ू (शिमला), केलाड़ (चम्बा) में बाल/बालिका आश्रम शुरु किए गए हैं। इन आश्रमों में रहने वालों को निःशुल्क खाने-पीने तथा रहने के प्रबन्ध के अतिरिक्त 10+2 तक शिक्षा दी जाती है। प्रवासियों को आश्रम छोड़ने पर स्वंय रोजगार तथा पुर्नवास के लिए 6,000 रुपये की सहायता तथा 10+2 के बाद उच्चतर अध्ययन हेतु सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। सुन्दरनगर में किशोर न्याय अधिनियम एक्ट, के अन्तर्गत निराश्रित/ उपेक्षित बच्चों के लिए स्थापित एक किशोर गृह भी कार्य कर रहा है। इसके अतिरिक्त हरोली (ऊना) में एक विशेष स्कूल प्रेक्षण-कम-होम भी कार्यरत है । मानसिक रुप से अविकसित बच्चों को शिक्षा दिलाने हेतु सरकारी खर्चे पर प्रेम आश्रम ऊना में दाखिल किया जाता है। फोस्टर केयर सर्विस योजना के अंतर्गत उपेक्षित बच्चों को अगर कोई दम्पति गोद लेना चाहे तो विभाग ऐसे दम्पति को बच्चों के पालन-पोषण के लिए 100 रुपए प्रतिमाह की दर से सहायता देता है।

महिला कल्याण

10.20 महिलाओं के कल्याण के लिए प्रदेश में विभिन्न स्कीमें चल रही हैं। प्रमुख स्कीमें जो चलाई जा रही हैं वह इस प्रकार से हैं:-

(क) **नारी सेवा सदन:-** निराश्रित और राह भटकी लड़कियों के लिए चम्बा, मण्डी, मशोबरा (शिमल्ला) कांगड़ा, बिलासपुर और कल्पा में विभाग द्वारा नारी सेवा सदन चलाए जा रहे हैं । इसके अतिरिक्त नाहन में एक नारी सेवा सदन भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा चलाया जा रहा है । इन सदनों में रहने वालों को निशुल्क आवास तथा

प्रवास की सुविधा प्रदान करने के अतिरिक्त कटाई, सिलाई तथा कढ़ाई में प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसी स्त्रियों को सदन छोड़ने पर पुनर्वास के लिए 6 हजार रुपये तक की प्रति स्त्री आर्थिक सहायता भी दी जाती है। वर्ष 2001-2002 के लिए पुनर्वास योजना के अंतर्गत 34.32 लाख रुपये का बजट प्रावधान था। दिसम्बर,2001 तक 16.68 लाख रूपये खर्च किए गए तथा 37 महिलाओं और 5 बच्चों को लाभान्वित किया गया।

(ख) **कार्यरत महिलाओं के लिए छात्रावास.-** नगरों में कार्यरत महिलाओं को आवास की सुविधा सुलभ करवाने के उद्देश्य से विभाग ने 13 कार्यरत महिला छात्रावासों का निर्माण किया । यह छात्रावास स्वयंसेवी संगठनों द्वारा केन्द्रीय सरकार के 75 प्रतिशत तथा राज्य सरकार के 25 प्रतिशत अनुदान से निर्मित किए गए हैं।

(ग) **बेसहारा लड़कियों को शादी के लिए अनुदान.-** इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ऐसी लड़कियों को या उनके माता- पिता को जिनकी वार्षिक आय 7,500 रुपये से अधिक न हो, 2,500 रुपये प्रति लड़की शादी के लिए अनुदान के रुप में दिये जाते हैं । वर्ष 2001-2002 में इस उद्देश्य के लिए 10.21 लाख रुपयों का प्रावधान था और दिसम्बर,2001 तक 8.25 लाख रुपये खर्च किए जा चुके है जिससे लगभग 329 लाभार्थियों को लाभ पहुंचा।

(घ) **महिला विकास निगम:-** प्रदेश में महिलाओं को विभिन्न व्यापार /व्यवसाय हेतु वित्तीय सहायता प्राप्ति के लिए एक महिला विकास निगम की स्थापना की गई है जिसके लिए वर्ष 2001-2002 में 30.01 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है।

अपंग कल्याण

10.21 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विकलांगों के कल्याण के लिए निम्नलिखित स्कीमें विभाग द्वारा चलाई जा रही है:-

(क) **कृत्रिम अंग सहायता :-** इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2001-2002 में 4.10 लाख रुपये की राशि रखी गई है। जिनकी मासिक आय 1,200 रुपये तक हो उन्हें कृत्रिम अंग लगवाने हेतु पूरी राशि दी जाती है तथा 1,201 से 2,500 रुपए तक की मासिक आय वाले को आधी कीमत अनुदान के रुप में दी जाती है। दिसम्बर ,2001 तक इस योजना के अन्तर्गत 0.15 लाख रूपये व्यय किए गए जिससे 2 व्यक्तियों को लाभन्वित किया गया।

(ख) **अपंग छात्रवृति :-** इसका मुख्य उद्देश्य अपंग बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए प्रोत्साहित करना है तथा इसके अंतर्गत इन बच्चों को छात्रवृति दी जाती है। वर्ष 2001-2002 में 10.3 लाख रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है और 515 अपंग बच्चों को 8.14 लाख रुपये की सहायता दिसम्बर,2001 तक

दी गई।

(ग) **अपंग विवाह अनुदान** :- इस योजना के अंतर्गत स्वेच्छा से अपंग लड़के या लड़की के विवाह करने पर प्रोत्साहन के रुप में 5,000 रुपये की राशी दी जाती है। वर्ष 2001-2002 में इस योजना के अंतर्गत 10.40 लाख रुपये रखे गए है और दिसम्बर 2001 तक 7.38 लाख रुपये खर्च करके 148 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया।

(घ) **अपंगों के लिए स्वंय रोजगार योजना** :- इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2001-2002 के लिए 5.84 लाख रुपये का बजट प्रावधान है दिसम्बर 2001 तक 1.88 लाख रुपए खर्च किए जा चुके हैं और 75 व्यक्तियों को लाभान्वित किया गया।

अनुसूचित जाति/ जन-जाति तथा पिछड़े वर्गों का कल्याण

10.22 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2001-2002 के दौरान निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित की गई हैं:-

(क). **अन्तर्जातीय विवाह के लिए प्रोत्साहन.-** इसके अर्न्तगत अर्न्तजातीय विवाह के लिए 25,000 रुपये प्रति दम्पति प्रोत्साहन हेतु दिये जाते है। वर्ष 2001-2002 में इस योजना के अन्तर्गत 18.50 लाख रुपए रखे गए हैं और लगभग 69 दम्पतियों को दिसम्बर2001 तक 17.25 लाख रुपये खर्च करके लाभ पहुंचाया जा चुका है।

(ख) **गृह अनुदान:-** इस स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को बर्फीले क्षेत्रों में प्रति परिवार 10,000 रुपये का अनुदान और अन्य क्षेत्रों में 8,000 रूपये आवास निर्माण के लिए दिये जाते हैं। इसके अतिरिक्त इन जाति के सदस्यों को उपरोक्त राशि का 50 प्रतिशत घर की मुरम्मत के लिए दिया जाता है। वर्ष 2001-2002 में 95.00 लाख रुपये रखे गए है और लगभग 1426 व्यक्तियों को दिसम्बर 2001 तक 83.29 लाख रुपये खर्च करके लाभान्वित किया जा चुका है।

(ग) **हरिजन बस्तियों व उनमें रहने की सुविधाओं में सुधार:-** इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे गांव जहां पर अनुसूचित जाति के लोग रहते हों व अनुसूचित जाति के लोग अधिक हों के लिए छोटी पेयजल योजना के अंतगर्त कुंआ/ बावड़ी का निर्माण किया जाता है जो कि जन-स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के द्वारा लाभान्वित नहीं होते हैं । वर्ष 2001-2002 में इस योजना के अंतर्गत 6.00 लाख रुपये रखे गए और लगभग 19 हरिजन बस्तियों को लाभान्वित किया गया है जिसपर दिसम्बर2001 तक 7.85 लाख रुपए की राशी खर्च की गई।

(घ) **टाईप व शोर्टहैण्ड में निपुणता.-** इस स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़े वर्ग के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को विभिन

कार्यालयों में नियुक्त करके प्रशिक्षण देना है ताकि वे अपनी निपुणता को कायम रख सकें। वर्ष 2001-2002 में इस योजना के अंतर्गत 2.08 लाख रुपये का बजट प्रावधान है और दिसम्बर 2001 तक 0.36 लाख रुपए खर्च किए गए जिससे 16 प्रशिक्षणार्थियों को लाभान्वित किया गया।

(ङ.) **अनुसूचित जाति परिवारों को राहत जो अत्याचारों से पीड़ित हैं:-** इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे अनुसूचित जाति के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाती है जिन पर जातीय आधार पर अन्य परिवारों द्वारा अत्याचार किये गए हों। वर्ष 2001-2002 के दौरान इस उद्देश्य के लिए 6.50 लाख रुपए रखे गए गए हैं। दिसम्बर 2001 तक 3.48 लाख रूपये खर्च कर 11 लोगों को लाभन्वित किया गया।

(च) **अनुवर्ती कार्यक्रम** :- इस योजना के अन्तर्गत अनुसूचित जाति, जन-जाति तथा अन्य पिछड़े वर्गो के व्यक्तियों को 800 रुपये की कीमत तक के औजार तथा उपकरण दिए जाते हैं। वर्ष 2001-2002 में इसके लिए 16.73 लाख रुपये रखे गए हैं और दिसम्बर 2001 तक 11.39 लाख रुपये खर्च किए गए जिससे 1580 लोग लाभन्वित हुए।

(छ) **अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास निगम:-** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जाति के आर्थिक विकास के लिए प्रदेश में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति निगम की स्थापना की गई है। यह निगम बैंकों की सहायता से अनेक उद्धार कार्यक्रम चला रहा है और वर्ष 2001-2002 में इस योजना के अन्तर्गत 308 लाख रुपये रखे गए हैं तथा 31 दिसम्बर 2001 तक 76.00 लाख रूपये खर्च किए गए।

पेयजल

10.23 राज्य के समस्त गांवों को मार्च, 1994 तक स्वच्छ पेयजल सुविधा प्रदान की जा चुकी है। पेयजल योजनाओं पर अंतिम / युक्तियुक्त सर्वेक्षण के आधार पर हिमाचल प्रदेश में कुल 45,367 बस्तियां हैं। 1.4.2001 तक 32,116 बस्तियों को पूर्ण रुप से यह सुविधा उपलब्ध करवाई गई और 11,658 को आंशिक रुप में एवं 1,593 बस्तियों को यह सुविधा उपलब्ध करवानी शेष हैं। आंशिक रूप में सुविधा प्राप्त बस्तियों तथा जिन बस्तियों को यह सुविधा प्रदान करवानी शेष है सरकार उन बस्तियों को सुविधा प्रदान करवाने के लिए उच्च प्राथमिकता दे रही है। वर्ष 2001-2002 में 400 बस्तियों को राज्य भाग के रुप में एवं 1450 बस्तियों को केन्द्रीय भाग के रुप में स्वच्छ पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाने का लक्ष्य रखा गया था जिसके लिए राज्य एवं केन्द्रीय परिव्यय का भाग क्रमश: 7,357.10 लाख एवं 5,552.00 लाख रुपए रखा गया। इनमें से दिसम्बर 2001 तक राज्य भाग के रुप में 6,009.14 लाख रुपए खर्च करके 397 बस्तियों में एवं केन्द्रीय भाग के रुप में 2784.96 लाख रुपए परिव्यय करके 699 बस्तियों में स्वच्छ पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई गई। वर्ष 2001-2002 में 730 हैण्डपम्प 1218 लाख रुपए के परिव्यय द्वारा लगाने का लक्ष्य रखा गया था। इन लक्ष्यों के अंतर्गत दिसम्बर 2001 तक 814 हैण्डपम्प पर 1164.00 लाख रुपए व्यय किए जा चुके थे। प्रदेश के सभी शहरों में पेयजल योजनाओं की सुविधा उपलब्ध है परन्तु इन शहरों की पेयजल योजनाएं बहुत पुरानी है जिनका सम्बर्धन, नवीकरण एवं विस्तार आवश्यक है। वर्ष 2001-2002 में 41 शहरों का बजट में

प्रावधान रखा गया जिसके लिए 1,067.61 लाख रुपए बजट में परिव्यय करने का लक्ष्य रखा गया था इनमें से नवम्बर 2001 तक 693.42 लाख रुपए परिव्यय किए जा चुके थे।

मल प्रवाह

10.24 वर्ष 2001-2002 में 34 शहरों के लिए जहां पानी की प्रचूर मात्रा उपलब्ध है मलप्रवाह सुविधा के लिए बजट प्रावधान रखा गया है। वर्ष 2001-2002 के 3,312 लाख रूपए के कुल उदव्यय में से नवम्बर 2001 तक 1250.06 लाख रूपए व्यय किए जा चुके हैं। शिमला मल-प्रवाह परियोजना इन्टरनल डवैलपमैंट वियन्ना, आस्ट्रिया द्वारा ओ.पी.ई.सी. फंड की सहायता से चलाई जा रही है। इस परियोजना का वास्तविक व्यय 54.80 करोड़ रूपए है। कार्य प्रगति के अन्तिम चरण में है। मलप्रवाह व्यवहार प्लांटो का 6 स्थानों पर निर्माण किया जा रहा है। मार्च,2001 तक इस योजना पर 27.97 करोड़ रूपये व्यय किये जा चुके हैं तथा वर्ष 2001-2002 में नवम्बर 2001 तक 9.08 करोड़ रूपये और व्यय किए गए हैं।

11. स्थानीय निकाय

शहरी विकास

11.1 संविधान के 74वें संशोधन के फलस्वरुप शहरी स्थानीय निकायों के अधिकार शक्तियां एंव क्रियाकलाप बहुत अधिक बढ गए है। नगर निगम, शिमला समेत प्रदेश में 53 शहरी स्थानीय निकाय है तथा वर्ष के दौरान चार नई नगर पंचायतें बैजनाथ-पपरोला, ढली, टूटू और न्यू शिमला भी बनाई गई हैं। शहरी क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने हेतु सरकार प्रतिवर्ष इन शहरी स्थानीय निकायों को सहायता अनुदान राशी प्रदान कर रही है। शहरी स्थानीय निकायों के आय के साधन सीमित होने की बजह से सरकार वर्ष 2001-2002 में इन निकायों को 2397.13 लाख रुपये की सहायता अनुदान राशी प्रदान कर रही है।

11.2 प्रथम राज्य वित्तायोग की सिफारिशों के अनुरुप इन निकायों को 1991 की जनसंख्या के आधार पर सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है । वर्ष 1982 में शहरी स्थानीय निकायों में चुंगी समाप्ति के उपरान्त जो निकाय चुंगी लिया करते थे उनकी आर्थिक स्थिति बुरी तरह से प्रभावित हो गयी थी। क्योंकि उस समय चुंगी ही उनकी आय का मुख्य स्त्रोत था। इसलिए प्रथम राज्य वित्तायोग की सिफारिशों के आधार पर वर्ष 2001-2002 में सभी शहरी स्थानीय निकायों को 1787.81 लाख रुपये चुंगी अनुदान के रुप में प्रदान किये जा रहे है जिसमें से 31.12.2001 तक 1340.85 लाख रूपये दिये जा चुके है। ग्यारहवें वित्तायोग की सिफारिशों के अनुसार जलआपूर्ति एंव स्वच्छता बनाये रखने हेतु 77.77 लाख रुपये इन निकायों को अनुदान के रुप में प्रदान किये जा रहे है जिसमें से 58.38 लाख रूपये 31.12.2001 तक सभी शहरी निकायों को दिए जा चुके हैं।

11.3 शहरी मलीन बस्ती पर्यावरण सुधार एवं राष्ट्रीय झुगी झौंपड़ी विकास योजना के अन्तर्गत 113.00 लाख रुपये सभी शहरी स्थानीय निकायों को प्रदान किये जा रहे है जिससे 14,125 व्यक्ति लाभन्वित होगें। इस योजना के लिए 31.12.2001 तक 82.50 लाख रूपये दिये जा चुके है जिससे 1,030 लोग लाभान्वित हो चुके है।

11.4 इस समय शहरी स्थानीय निकायों में दो केन्द्रीय प्रायोजित योजनायें "स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना " एंव " छोटे व मध्यम वर्गीय शहरों का एकीकृत विकास" चलाई जा रही है। स्वर्ण जयन्ती शहरी रोजगार योजना के अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले व्यक्तियों को इस योजना में स्वरोजगार हेतु सहायता प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे रह रहे 11,739 परिवारों का चयन किया गया है। वर्ष 2001-2002 में इस योजना के लिए 100.00 लाख रूपये का प्रावधान है और 31.12.2001 तक 25.55 लाख रूपये दिये जा चुके है तथा 84 परिवार लाभान्वित हो चुके हैं।

11.5 नार्वे सरकार की सहायता से नौराड परियोजना के अन्तर्गत कूड़ा कचरा के प्रबन्धन के लिए परियोजना कार्यरत है। इस परियोजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2001-2002 में

188.55 लाख रुपये की राशि नगर निगम शिमला, जिला परिष्द कुल्लू तथा नगर पंचायत मनाली को कूड़ा कचरा से पैदा होने वाली कठिनाईयों में सुधार लाने के दृष्टिगत दी जा रही है जिस में से 31.12.2001 तक 141.42 लाख रूपये दिये जा चुके है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने 01.01.1999 से पोलीथीन के पुन: चक्रित लिफाफों पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगा दिया है।

11.6 छोटे व मध्यम वर्गीय शहरों के एकीकृत विकास योजना के अन्तर्गत वर्ष 2000-2001 तक 12 शहरों क्रमश: ऊना, नाहन, मण्डी, हमीरपुर रामपुर धर्मशाला, चम्बा, सोलन, ठियोग, कुल्लू, पालमपुर तथा नालागढ़ को लाया जा चुका है तथा वर्ष 2001-2002 में पांवटा, बिलासपुर ज्वालामुखी, सुन्दरनगर कोटखाई, बद्दी, मनाली, नारकण्डा और नुरपूर को भारत सरकार द्वारा अनुमोदित करने पर इस योजना के अन्तर्गत लाने का लक्ष्य है। इस योजना के अंतर्गत वर्ष 2001-2002 में 100.00 लाख रुपए का प्रावधान है ।

12. ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज

ग्रामीण विकास

12.1 ग्रामीण विकास कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी उन्मूलन, रोजगार सृजन तथा विभिन्न क्षेत्रों के विकास कार्यक्रमों को लागू करना है। वर्ष 2001-2002 में निम्नलिखित राज्य तथा केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं/ कार्यक्रम कार्यरत रहे।

स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना

12.2 **स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना** प्रदेश में वर्ष 1999-2000 से चलाई गई है। यह योजना एक होलिस्टिक पैकेज है जिसमें स्वरोजगार के पहलुओं जैसे स्व सहायता ग्रुपों में गरीबों का संगठन, प्रशिक्षण, उधार, प्रौद्योगिकी, विपणन तथा संरचना इत्यादि को शामिल करना है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आने वाले लाभ भोगी परिवारों को स्वरोजगारी कहा जाएगा। इस योजना का उद्देश्य पांच वर्षों 1999-2000 से 2003-2004 में प्रत्येक विकास खंड में 30 प्रतिशत बी.पी.एल. परिवारों को इस योजना के अन्तर्गत लाना है। एस.जी.एस.वाई. का उद्देश्य 3 वर्षों में गरीब परिवारों को आय देने वाले उपकरण प्रदान कर गरीबी रेखा से ऊपर लाना है। यह योजना उधार व उपदान कार्यक्रम का समायोजन है। एस.जी.एस.वाई योजना के अन्तर्गत उपदान सहायता समान रुप से परियोजना कीमत का 30 प्रतिशत है जिसकी अधिकतम सीमा 7,500 रुपये निर्धारित है। अनुसूचित जाति /अनूसूचित जन जाति परिवारों को 50 प्रतिशत तथा अधिकतम 10,000 रुपये उपदान के रुप में रखे गये है। स्वरोजगार परिवारों को योजना कीमत का 50 प्रतिशत तथा अधिकतम 1.25 लाख रुपयें उपदान के रुप में दिए जाएगें। एस.जी.एस.वाई. स्कीम गरीब परिवारों में से अति संवेदनशील परिवारों पर केन्द्रित की गई है। स्वरोजगार स्कीम के अन्तर्गत 50 प्रतिशत अनुसूचित जाति/ जनजाति, 40 प्रतिशत महिलाएं तथा 3 प्रतिशत विकलांग लाभान्वित होगें। इस योजना का व्यय केन्द्र तथा राज्य सरकारों द्वारा 75: 25 अनुपात के आधार पर वहन किया जाएगा।

12.3 वर्ष 2001 में 2,103 स्वः सहायता ग्रुप बनाए गए जिनमें से 370 ग्रूप, जिनके सदस्य 3,650 गरीबी रेखा से नीचे के हैं ने आर्थिक कार्यकलाप का काम शुरू किया है इन ग्रुपों को दिसम्बर 2001 तक 265.32 लाख रूपए सहायता अनुदान तथा 668.49 लाख रूपए ऋण के रूप में वितरित किए। इसके अतिरिक्त 2,194 व्यक्तिगत स्वरोजगारों को एस.जी.एस.वाई के अन्तर्गत सहायता दी गई तथा इन स्वरोजगारों को 148.41 लाख रूपए सहायता अनुदान तथा 608.08 लाख रूपए ऋण के रूप में दिए गए।

स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत विशेष परियोजनाएं

हाईड्रैमों की स्थापना

12.4 भारत सरकार ने स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना के विशेष घटक के अन्तर्गत प्रदेश में 400 हाईड्रैमों की स्थापना की परियोजना को स्वीकृति दी है जिसकी कुल लागत 1047.20 लाख रूपये है जिसमें 770.48 लाख रूपये उपदान के रूप में तथा 161.40 लाख रूपये ऋण के रूप में तथा 115.32 लाख रूपये लाभार्थी अंश के रूप में सम्मिलित हैं। उपदान की राशि को भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 के अनुपात में वहन किया जाएगा। दिसम्बर 2001 तक इस परियोजना के अधीन 215 स्थलों का चयन किया जा चुका है तथा 151 हाईड्रैम प्राप्त किए जा चुके हैं, जिनमें से 10 हाईड्रैमों की स्थापना हो चुकी हैं तथा 18 हाईड्रैमों की स्थापना का कार्य चल रहा है। इन हाईड्रैमों की स्थापना पर 160.39 लाख रूपये व्यय किए जा चुके हैं।

गोल्ड माईन्ज परियोजना

12.5 भारत सरकार द्वारा जिला बिलासपुर के लिए स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत 840.35 लाख रूपये की लागत से एक 'गोल्ड माईन्ज' नामक परियोजना स्वीकृत की गई है, जिसमें 327.76 लाख रूपये उपदान के रूप में तथा 512.59 लाख रूपये ऋण के रूप में सम्मिलित हैं। उपदान की राशि को भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 के अनुपात में वहन किया जाएगा। इस परियोजना के अधीन तीन मुख्य गतिविधियां ; पुष्प उत्पादन, रेशम उत्पादन तथा खुम्ब उत्पादन सम्मिलित हैं। वर्ष 2001-2002 मे दिसम्बर 2001 तक 54.68 लाख रूपये इस योजना पर व्यय किए जा चुके हैं।

ग्रामीण वस्तुओं का विपणन

12.6 भारत सरकार द्वारा स्वीकृत इस योजना की कुल लागत 914.52 लाख रूपये है जिसमें 769.52 लाख रूपये उपदान के रूप में तथ 145.00 लाख रूपये ऋण के रूप में सम्मिलित हैं। उपदान की राशि भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा 75:25 के अनुपात में वहन की जानी है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश में 50 हिमाचल ग्रामीण भण्डारों तथा 1 केन्द्रीय ग्रामीण भण्डार का निर्माण किया जाएगा। दिसम्बर 2001 तक इन भण्डारों के निर्माण के लिए 29 स्थलों का चयन किया जा चुका है तथा 21 स्थलों की निविदाओं को अन्तिम रूप दे दिया गया है और 12 स्थलों का निर्माण कार्य ठेकेदारों को सौंप दिया गया है। इन भण्डारों के निर्माण कार्य के लिए 384.76 लाख रूपये उपलब्ध करवाए गए हैं।

मिल्व लाइव स्टॉक इम्प्रुवमैन्ट

12.7 भारत सरकार ने जिला सोलन के लिए 886.95 लाख रूपये की लागत से एक 'मिल्व लाइव स्टॉक इम्प्रुवमैंट' योजना स्वीकृत की है जिसमें 715.15 लाख रूपये उपदान के रूप में, 171.80 लाख रूपये ऋण के रूप में तथा 156.08 लाख रूपये लाभार्थी अंश के रूप में सम्मिलित हैं। उपदान की राशि को भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 के अनुपात में वहन किया जाएगा।

इस परियोजना के अधीन दुग्ध उत्पादन गतिविधियों को विकसित किया जाएगा। अभी तक इस परियोजना के कार्यान्वयन हेतू डी.आर. डी.ए. सोलन को 285.95 लाख रूपये उपलबध करवाए जा चुके हैं।

जवाहर ग्राम समृद्धि योजना

12.8 जवाहर रोजगार योजना भारत सरकार द्वारा वर्ष 1999-2000 से शुरु की गई है। यह योजना केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा 75: 25 के अनुपात से चलाई जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्राम स्तर पर अचल सम्पति की स्थापना करना , अनुसूचित जाति/ जनजातियों के रोजगार के लिए उत्पादक सम्पति तथा गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले बेरोजगारों के लिए रोजगार के साधन उपलब्ध करवाना है। वर्ष 2001-02 में जवाहर रोजगार योजना/ जवाहर ग्राम समृद्धि योजना के अन्तर्गत 11.74 लाख श्रम दिवस के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर 2001 तक 7.90 लाख श्रम दिवस सृजित किए गए तथा 657.69 लाख रुपये व्यय किए गए।

रोजगार आश्वासन योजना

12.9 यह योजना प्रदेश के सभी विकास खण्डों में चलाई जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले ग्रामीणों को जब मजदूरी के अवसरों का अभाव हो उन दिनों अतिरिक्त श्रम रोजगार के अवसर प्रदान करने के अतिरिक्त निरन्तर रोजगार व विकास हेतु स्थिर व टिकाऊ सामुदायिक, सामाजिक तथा आर्थिक सम्पदा का सृजन करना है। रोजगार देते समय गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले अनुसूचित जाति/ जनजाति तथा जोखिम भरे कामों से हटाए गए बाल मजदूरों के माता-पिता को प्राथमिकता दी जायेगी। यह योजना केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा 75:25 के अनुपात में चलाई जा रही है। रोजगार आश्वासन योजना द्वारा दिसम्बर 2001 तक 8.20 लाख श्रम दिवस अर्जित किए गए तथा 550.51 लाख रूपए व्यय किए गए।

काम के बदले अनाज कार्यक्रम

12.10 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत हिमाचल प्रदेश सरकार को 11,549 टन चावल का आवंटन प्राप्त हुआ (सामान्य आवंटन 5000 टन तथा अतिरिक्त आवंटन 6549 टन) । इसके अलावा भारतीय खाद्य निगम को भुगतान करने के लिए भारत सरकार ने डी.आर डी. ए. को 652.49 लाख रूपये जारी किए। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मजदूरी का भुगतान नकद व वस्तुरूप में किया जाता है। नवम्बर 2001 तक 5069.12 मी. टन अनाज बांटा गया तथा 16.06 लाख श्रम दिवस अर्जित किए गए।

इन्दिरा आवास योजना

12.11 इन्दिरा आवास योजना केन्द्रीय प्रायोजित योजना है। इस योजना के अन्तर्गत बीपीएल परिवारों को 22000 रुपये प्रति परिवार नये मकान बनाने के लिए सहायता दी जाती है। लाभार्थियों का चुनाव ग्राम सभा द्वारा किया जा रहा है। केन्द्र तथा राज्य सरकार 75:25 के अनुपात

